www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
बिलासपुर, गुरुवार, 12 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक – 43 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु




### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# वंचित वर्ग के छात्रों की समस्याओं का हो समाधान

**नईदिल्ली**, 11 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित समुदायों के छात्रों को शिक्षा हासिल करने में आ रही समस्याओं का निवारण करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में छात्रों की परेशानियों का भी जिक्र किया है। पीएम मोदी को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया। दरअसल, राहुल गांधी हाल ही में बिहार दौरे के दौरान दरभंगा पहुंचे थे। यहां वह अंबेडकर छात्रावास पर पहुंचे थे, जहां छात्रों ने अपनी परेशानियों से राहुल गांधी को अवगत कराया था।

**छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब**

राहुल ने पीएम मोदी से कहा कि मैं आपसे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध करता हूं जो वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा डालते हैं। सबसे पहले, दलित, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब है। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास के हाल के दौरे के दौरान छात्रों ने शिकायत की कि एक ही कमरा है जिसमें 6-7 छात्रों को रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है, शौचालय गंदे हैं, पीने का पानी असुरक्षित है, मेस की सुविधा नहीं है और पुस्तकालयों या इंटरनेट तक पहुंच नहीं है।




■ बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में छात्रों की परेशानियों का भी जिक्र किया

**छात्रवृत्ति पोर्टल का मामला भी उठाया**– उन्होंने दूसरे मुद्दे के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया, दूसरे, हाशिए पर पड़े समुदायों के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति में देरी और इसमें विफलताएं भी मिल रही हैं। राहुल गांधी ने उदाहरण देते हुए कहा, बिहार में, छात्रवृत्ति पोर्टल तीन साल तक काम नहीं कर रहा था और 2021-22 में किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति नहीं मिली। इसके बाद भी, छात्रवृत्ति पाने वाले दलित छात्रों की संख्या में लगभग आधी गिरावट आई, जो वित्त वर्ष 23 में 1.36 लाख से घटकर वित्त वर्ष 24 में 0.69 लाख रह गई। छात्रों की शिकायत है कि छात्रवृत्ति की राशि अपमानजनक रूप से कम है। मैंने बिहार के उदाहरण दिए हैं, लेकिन ऐसी विफलताएं पूरे देश में फैली हुई हैं।

## प्रधानमंत्री हर बात पर झूठ बोलते हैं : खरगे

केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 11 साल पूरे होने पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पर इस अवधि के दौरान 33 गलतियां करने का आरोप लगाया। खरगे ने दावा किया कि उन्होंने कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हों, लोगों को 'फंसाते' हों तथा युवाओं को 'धोखा' देते हों। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 11 साल हो गए और 33 गलतियां की गई हैं। आप जानते हैं और मैं संसद में भी कहता रहा हूं – मैंने ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हों, इतनी गलतियां करते हों, लोगों को फंसाते हों, युवाओं को बरगलाते हों, गरीबों को फंसाकर वोट लेते हों। मैं 55 साल सत्ता में रहा हूं और 65 साल से राजनीति में हूं, मगर उनके जैसा कोई नहीं हुआ। खरगे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री हर बात पर झूठ बोलते हैं और जो कहते हैं उसे लागू नहीं करते तथा जब उनसे सवाल किया जाता है तो उनके पास इसका कोई जवाब नहीं होता। उन्होंने कहा, चाहे नोटबंदी हो, चाहे रोजगार सृजन हो, चाहे एमएसपी हो, ऐसी कई बातें हैं। उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया कि उन्होंने लोगों से झूठ बोला है, गलती की है, और न ही कभी उसके लिए माफी मांगी।



■ 11 साल में 33 गलतियां करने का लगाया आरोप

**पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए**–राहुल गांधी ने पत्र में आगे कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इन विफलताओं को दूर करने के लिए तुरंत दो कदम उठाए जाएं। दलित, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक छात्रावास का ऑडिट किया जाए ताकि अच्छी अवसंरचना, स्वच्छता, भोजन और शैक्षणिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें; तथा कमियों को दूर करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए। मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का समय पर वितरण, छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर कार्य करते हुए क्रियान्वयन में सुधार किया जाए।

# मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी बमन सहित दो नक्सलियों को किया ढेर

**सुकमा**, 11 जून (देशबन्धु)। सोमवार को आईईडी विस्फोट में एएसपी के शहीद होने के दो दिन बाद बुधवार को जिले के कुकानार थाना क्षेत्रान्तर्गत पुसगुन्ना क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में पुलिस के जवानों ने पेदारास एलओएस कमांडर एवं एक महिला नक्सली को मुठभेड़ में ढेर किया।

एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले में लगातार जारी नक्सल विरोधी अभियानों के तहत सुरक्षा बलों की नक्सलियों से सुकमा जिले के कुकानार थाना अंतर्गत पुसगुन्ना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात घटनास्थल से दो नक्सलियों के शव, जिनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है, बरामद किए गए हैं। 11 जून की सुबह, कुकानार थाना बल एवं सुकमा डीआरजी की संयुक्त पुलिस टीम को विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर क्षेत्र में प्रतिबंधित एवं अवैध संगठन सीपीआई माओवादी के नक्सली कैडरों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। आज दोपहर लगभग 2 बजे से सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। प्रारंभिक पहचान के अनुसार, मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस कमांडर बमन के रूप में हुई है, जिस पर 5 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के पश्चात बरामद महिला नक्सली के शव की पहचान की प्रक्रिया जारी है। घटनास्थल से एक इंसास राइफल, एक 12 बोर राइफल, सहित अन्य हथियार, गोलाबारूद एवं विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। घटनास्थल के आस-पास के घने जंगलों का लाभ उठाकर फरार हुए अन्य नक्सलियों की तलाश हेतु अतिरिक्त बलों की तैनाती कर दी गई है और सघन सर्च ऑपरेशन जारी है। सर्च ऑपरेशन पूर्ण होने तथा जवानों के बेस कैंप लौटने के उपरांत अधिक जानकारी साझा की जाएगी।



इंसास राइफल व 12 बोर किया गया बरामद

**एएसपी की शहादत पर जवानों की आंखों में गुस्सा**

गौरतलब है कि एक दशक के बाद किसी बड़े अधिकारी के नुकसान से इलाके के जवानों में गुस्सा दिखा है। जवान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव की शहादत का बदला माओवादियों से लेना चाहते हैं। हालांकि पुख्ता सूचनाओं के आधार पर अब ऑपरेशन तेज किए जाने की संभावनाएं देखी जा रही है। एएसपी आकाश राव को पंचतत्व में विलीन हुए 24 घंटे हो चले हैं और 24 घंटे के भीतर ही सुकमा जिले में एक बड़ा अभियान चलाया गया और ऑपरेशन में 5 लाख के इनामी नक्सली सहित दो नक्सलियों को मार गिराया गया।

**मुख्यमंत्री ने जवानों को दी बधाई**–मुख्यमंत्री सीएम साय ने अपने एक्स पोस्ट पर जवानों की नक्सल विरोधी अभियान से मिली सफलता के लिए बधाई दी।

**सार संक्षेप**

### 21 पदोन्नत डीएसपी की पोस्टिंग का आदेश जारी

**रायपुर।** इंस्पेक्टर से पदोन्नत किए गए 21 उप पुलिस अधीक्षकों का पोस्टिंग आदेश जारी किया गया है। सभी 21 अधिकारियों की पहली पोस्टिंग नक्सली क्षेत्रों में की गई है। इन डीएसपी को दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और कांकेर भेजा गया है।

### अमेरिका ने एक बार फिर मध्यस्थता की बात दोहराई

**वाशिंगटन।** भारत के द्विपक्षीय कश्मीर विवाद में बाहरी हस्तक्षेप की बात को बार-बार खारिज करने के बावजूद अमेरिका ने एक बार फिर कश्मीर मामले पर मध्यस्थता की बात दोहराई है। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्थता करने की कोशिश करते हैं, तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी।

### जवानों को खस्ताहाल ट्रेन मिलने के मामले में 4 रेलवे अफसर निलंबित

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा के लिए ड्यूटी पर जा रहे 12 बीएसएफ जवानों ने ट्रेन की खराब हालत देखते हुए चढ़ने से इनकार कर दिया। 5 दिन पुराने इस मामले में रेल मंत्रालय ने 4 रेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। 6 जून को जवानों को त्रिपुरा से अमरनाथ जाना था। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे ने जो ट्रेन जवानों को मुहैया कराई, उसमें खिड़कियां-दरवाजे टूटे हुए थे। ट्रेन का सीसीटीवी भी अब सामने आया है। इसमें टॉयलेट टूटा है, लाइट नहीं है। सीटों पर गद्दियां भी गायब हैं। फर्श पर कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं।

### लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बुधवार को बताया कि लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

## भारत में घट रही प्रजनन दर, 1.9 रह गई

**नई दिल्ली**, 11 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2025 तक अनुमानित 1.46 अरब लोगों के साथ सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। हालांकि, देश की कुल प्रजनन दर 2.1 से घटकर 1.9 रह गई है। 2025 विश्व जनसंख्या आंकड़ा (एसओडब्ल्यूपी) रिपोर्ट बताती है कि असली संकट जनसंख्या के आकार में नहीं, बल्कि लोगों के स्वतंत्र और जिम्मेदारी से यह तय करने के अधिकार में आने वाली व्यापक चुनौतियों में है कि वे बच्चे चाहते हैं या नहीं, कब चाहते हैं और कितने बच्चे चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,463.9 मिलियन है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी लगभग 1.5 बिलियन है। यह संख्या गिरने से पहले लगभग 1.7 बिलियन तक बढ़ने की उम्मीद है।

भारत में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) वर्तमान में प्रति महिला 2.0 बच्चे हैं। इसका मतलब है कि औसतन, भारत में एक महिला से उसके प्रजनन वर्षों (आमतौर पर 15-49 वर्ष की आयु) के दौरान 2 बच्चे की उम्मीद की जाती है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, यह दर 2020 से स्थिर बनी हुई है।

# मोदी सरकार का कार्यकाल ऐतिहासिक, भारत आज चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था : विष्णुदेव साय

■ संकल्प से सिद्धि अभियान...केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई



**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। केन्द्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने संकल्प से सिद्धि अभियान शुरू किया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ पर आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। साय ने यह भी कहा कि धान खरीदी प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए से कम नहीं होगी। मोदी सरकार का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। देश सक्षमता से उभरा है। आर्थिक क्षेत्र में जापान को पीछे छोडकर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले –संकल्प से सिद्धि– अभियान की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए कहा कि धारा 370 हो, या सीएए का मामला, या फिर ट्रिपल तलाक का मसला हो, मोदी सरकार ने ताकत से पास कराया है। साय ने कहा कि सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 16-17 महीने के कार्यकाल में पीएम के आशीर्वाद से मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल रहे हैं। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास का हक छीना था। शपथ लेते ही 18 लाख पीएम आवास निर्माण का फैसला लिया गया। आज पूरे प्रदेश में निर्माण का काम चल रहा है। हाल यह है कि मकान बनाने के लिए राजमिस्त्रियों की कमी हो गई है। सेनेटरी समान की कमी है। उन्होंने कहा कि पीएम के आशीर्वाद से धान की अंतर की राशि 33 सौ 16 करोड़ रूपए देने का काम भी सरकार ने किया है।

सीएम ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रूपए भेज रहे हैं। इससे महिलाएं स्वावलंबन की दिशा में ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

## कैबिनेट की बैठक 18 को

**रायपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 जून को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है, जो नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित होगी।

■ मानसून सत्र समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

इस महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम मुद्दों पर निर्णय लिए जाने की संभावना है, जिनमें विधानसभा के मानसून सत्र की तिथियों का निर्धारण भी शामिल है।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संभावित छत्तीसगढ़ दौरे की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कोंटा आईईडी ब्लास्ट में शहीद एएसपी आकाश गिरिपुंजे की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जा सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 जून के बाद दो दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। इस दौरान वे बीजापुर जाकर नक्सल आपरेशन में शामिल जवानों से मुलाकात कर सकते हैं।

### युक्तियुक्तकरण के बीच शिक्षकों के लिए अहम फैसला

## हाईकोर्ट ने टीचर के तबादले पर लगाई रोक

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र अग्रवाल की एकलपीठ ने शिक्षिका सरोज सिंह के पक्ष में अहम अंतरिम आदेश पारित किया है। यह आदेश राज्य में युक्तियुक्तकरण के तहत किए जा रहे शिक्षकों के स्थानांतरणों पर पुनर्विचार की दिशा में अहम माना जा रहा है।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनादी शर्मा ने कोर्ट में प्रस्तुत किया कि शिक्षिका सरोज सिंह वर्ष 2018 से अपने वर्तमान विद्यालय में अंग्रेज़ी और भूगोल दोनों विषय पढ़ा रही हैं। चूंकि विद्यालय में भूगोल विषय के लिए कोई अन्य शिक्षक उपलब्ध नहीं है, उन्होंने अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाई। इसके बावजूद उन्हें 45 किलोमीटर दूर के ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

## पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ

**कांकेर**, 11 जून (देशबन्धु)। कांकेर में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है, फारेस्ट ऑफिसरों ने धावा क्षेत्र के आछी डोंगरी में आदमखोर तेंदुएं को पिंजरे में कैद कर लिया है। 2024 से अब तक कुल 6 ग्रामीण और बच्चों पर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था। तेंदुए के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जिले से सटे गांवों में इन दिनों तेंदुए ने आतंक मचा रखा था। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था।

6 ग्रामीण और बच्चों पर किया था जानलेवा हमला



## सोनम ने कबूल किया अपना जुर्म

**शिलांग,** 11 जून (एजेंसियां)। सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की मौत में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को अपना जुर्म कबूल कर लिया। मेघालय पुलिस ने जब उसके प्रेमी राज कुशवाहा से उसका आमना-सामना कराकर उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने जब सोनम और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया, तो खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य सबूत सामने रखे गए थे। पुलिस ने इन सबूतों के बारे में जब सोनम से सवाल किया, तो वह मौन हो गई। लेकिन इसके बाद सोनम ने सभी सबूतों को देखते हुए अपना गुनाह कबूल कर लिया। सोनम ने कबूल कर लिया कि उसने तीन सुपारी किलर्स आकाश राजपूत, विशाल उर्फ विक्की ठाकुर और आनंद कुर्मी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा था।




**भर्ती घोटाला** साक्षात्कार के बहुत पहले ही हो चुकी थी शिकायत, लाखों में बेचे जा रहे व्याख्याताओं के पद

# शहीद महेन्द्र कर्मा विवि में आरक्षण रोस्टर में गड़बड़ी आई सामने फिर भी जारी है भर्ती

**जगदलपुर-(देशबन्धु)शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में जारी भर्ती घोटाला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस अवैधानिक भर्ती में रूरल टेकनोलोजी में दुर्गेश डिकसेना का अवैधानिक चयन और मैनेजमेंट विषय में अवैधानिक भर्ती, केन्द्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त उच्च शिक्षित आदिवासी महिला अभ्यर्थी को नॉट फाउंड सुटेबल करना, जेआरएफ उतीर्ण दिव्यांग महिला आवेदक को नॉट फाउंड सुटेबल करना, ओबीसी सीट में जनरल आवेदक का चयन करने जैसी अब तक कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हो चुकी हैं।**

*इसी बीच बड़ी जानकारी यह भी सामने आई है कि विज्ञापन क्रमांक 751/221 दिनांक 05/10/2023 मे 59 शैक्षणिक पदों की भर्ती में विभिन्न विषयों के असिस्टेंट प्रोफेसर, ऐसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों के कुल स्वीकृत पदो के अनुसार आरक्षण रोस्टर लगाया गया था परंतु इसमें शिक्षा विभाग से चार व्याख्याता पदों की स्वीकृति प्राप्त थी ना कि असिस्टेंट प्रोफेसर की। व्याख्याता और असिस्टेंट प्रोफेसर में केवल पदनाम का अंतर नहीं था बल्कि दोनों पदो में वेतनमान का भी अंतर होता है। नियमानुसार शिक्षा विभाग के व्याख्याता पदनाम के स्वीकृत पदो को सहायक प्राध्यापक पदो में शामिल कर आरक्षण रोस्टर नहीं लगाया जा सकता। इसकी वजह से विज्ञापन में लगाया गया पूरा आरक्षण रोस्टर ही गलत हो चुका है और पूरी भर्ती प्रक्रिया ही पूर्ण रूप से अवैधानिक हो चुकी है।*




***कुलपति और कुलसचिव को है पूरी जानकारी इसके बावजूद भी जारी है भर्ती***–*आरक्षण रोस्टर गलत होने की पूरी जानकारी कुलपति को थी, इस संबंध में वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजनेश सिंह सहित विभिन्न लोगों ने बहुत पहले ही अप्रैल माह में राज्यपाल, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को शिकायत करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित कर दिया था परंतु कुलपति द्वारा तमाम शिकायतों को दरकिनार करते हुए मनमानी पूर्वक अवैधानिक भर्ती को जारी रखते हुए साक्षात्कार किया जा रहा है।*

***आरक्षण रोस्टर को सही करने कुलपति लगा रहे उच्च शिक्षा विभाग और वित्त विभाग के चक्कर***–*सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब चूंकि अधिकांश विषयों में कुलपति मनमानी पूर्वक गलत आरक्षण* ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# व्यवस्थित रूप से स्वच्छ और सुंदर नगर विकास के लिए कलेक्टर और नपा अध्यक्ष ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**गौरेला में शैक्षिक एवं खेल विकास के साथ ही कचरा प्रबंधन, गार्डन, स्विमिंग पूल, तालाब, सौंदर्यीकरण, चौपाटी आदि के लिए प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 11 जून (देशबन्धु)। पालिका परिषद गौरेला को व्यवस्थित रूप से स्वच्छ और सुंदर नगर बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी और नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेंद्र प्रसाद वैद्य और अधिकारियों के साथ नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। अध्यक्ष श्री दुबे के सुझाव पर शैक्षिक एवं खेल गतिविधियों के विकास के साथ ही स्वस्थ वातावरण में नागरिकों के मनोरंजन के लिए गार्डन, स्विमिंग पूल, तालाब सौंदर्यीकरण, चौपाटी, फल-सब्जी गुमटी आदि के लिए प्रस्ताव तैयार करने मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।



कलेक्टर ने सबसे पहले वार्ड क्रमांक 13 लोहरा झोरकी में बने ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन (एसएलआरएम सेंटर) का अवलोकन किया और इस सेंटर में रबर, कपड़े, कागज, प्लास्टिक, थर्माकोल, धातु, कांच, इलेक्ट्रॉनिक कचरा आदि के निपटान तथा बेलिंग मशीन एवं फटका मशीन की कार्य प्रणाली और डंपयार्ड की जानकारी ली। पालिका अध्यक्ष श्री दुबे ने नगर वासियों को स्वस्थ वातावरण में मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध कराने लोहरा झोरकी गार्डन का विकास करने और समीप स्थित चौरसी बांधा डेम में स्विमिंग पूल की सुविधा हेतु सुझाव दिया। उन्होंने पंडित माधव राव सप्रे शासकीय महाविद्यालय परिसर में लोगों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण हटाने, परिसर में स्थित जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का डिसमेंटल एवं महाविद्यालय परिसर का बाउंड्री वॉल कराने तथा इसी परिसर में सेंट्रल लाइब्रेरी बनाने का सुझाव दिया।

इसी तरह अध्यक्ष श्री दुबे ने रेस्ट हाउस रोड में एसबीआई बैंक के सामने तितर-बितर पड़े गुमटियों-ठेलों को हटाकर नगर सौंदर्यीकरण के तहत प्लानिंग करते हुए व्यवस्थित रूप से फल एवं सब्जी दुकान बनाने तथा वाटर एटीएम एवं प्रसाधन सुविधा का सुझाव दिया। उन्होंने नगर विकास के तहत प्राचीन ब्रह्मचारी तालाब का साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण करने और तालाब के सामने रोड से लगे खाली भूमि में चौपाटी बनाने का भी सुझाव दिया। पालिका अध्यक्ष ने दशहरा पर्व में लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए दत्तात्रेय गार्डन के पीछे बाउंड्री वॉल बनाने तथा दशहरा मैदान का क्षेत्र बढ़ाने का सुझाव दिया। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डो-लोहरा झोरकी, डुमरिया, अहिरान टोला, भट्ठाटोला आदि में बिजली का तार लूज होने तथा लो वोल्टेज की समस्या से अवगत कराया। इस जानकारी पर कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता बिजली विभाग को विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर बदलने के लिए निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नए जिला चिकित्सालय भवन के लिए वर्तमान जिला चिकित्सालय परिसर में स्थल का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू, तहसीलदार शेषनारायण जायसवाल सहित लोक निर्माण, विद्युत एवं नगरी प्रशासन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## धान का उठाव शीघ्र सुनिश्चित करें, शासन को नुकसान न हो - कलेक्टर



**हथकेरा धान संग्रहण केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

**मुंगेली**, 11 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पथरिया विकासखंड अंतर्गत हथकेरा धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र में शेष बचे 50 स्टैक धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जाए तथा केंद्र को पूरी तरह खाली कर लिया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि बारिश पूर्व धान का उठाव कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे धान के भीगने की संभावना समाप्त हो सके और शासन को किसी प्रकार की हानि न हो। उन्होंने केंद्र प्रभारी को सख्त चेतावनी दी कि एक भी बोरा धान भीगना नहीं चाहिए, इसके लिए डेली मॉनिटरिंग अनिवार्य है। उन्होंने एसडीएम को प्रतिदिन निगरानी करने और संग्रहण केंद्र से धान के सुगम परिवहन हेतु सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय मिलर्स की बैठक आयोजित कर प्रत्येक मिलर्स को कम से कम 2-2 स्टैक धान उठाव के निर्देश देने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि मिलर्स की सक्रिय भागीदारी से ही समयसीमा में उठाव कार्य पूर्ण हो सकता है। जिले में धान संग्रहण कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, संग्रहण केंद्र प्रभारी और ग्राम पंचायत हथकेरा के सरपंच उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## पेंडारी में दिव्य सत्संग आज

**तखतपुर** 11 जून (देशबन्धु)। आर्ट ऑफ़ लिविंग के युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम वाय एल टी पी का दिव्य सत्संग दिनांक 12 जून को संध्या 7 बजे से ज्ञान क्षेत्र आश्रम पेंडारी सकरी में आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा ज्ञान क्षेत्र आश्रम पेंडारी में 6 जून से 13 जून तक युवाओं का आठ दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम 56 प्रतिभागियों के साथ चल रहा है। जिसमे प्रतिभागी अनुभवी प्रशिक्षक प्रीतपाल सिंह, गौरी प्रजापति, महेश पंद्राम, कमल किशोर कश्यप, प्रतिष्ठा राघव, दुर्गेश गुप्ता, मनीष सोनी, भागवत धीवर, संतोष कश्यप एवं अनुभवी युवाचार्यों के सफल मार्गदर्शन में नेतृत्व क्षमता का विकास, जीवन शैली में सुधार, कार्य क्षेत्र में उन्नति, मानसिक शांति, योग साधना ध्यान, आत्म विकास, समय प्रबंधन सहित विभिन्न गुणों का विकास, विभिन्न कला सीख रहे हैं। जिसके समापन पर दिव्य सत्संग दिनांक 12 जून दिन गुरु गुरुवार संध्या 7 बजे ज्ञान क्षेत्र पेंडारी में आयोजित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में आम जानो से उपस्थिति की अपील आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा की गई है।

## टेढ़ाघौर से केस्तरा रोड मरम्मत की मांग कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**मुंगेली** 11 जून (देशबन्धु)। जिले की जनता को जर्जर सड़कों से हो रही परेशानियों को देखते हुए ज़िला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान मुंगेली कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन टेढ़ाघौर से केस्तरा तक की सड़क की मरम्मत कराने के संबंध में दिया गया है ।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी, लेकिन अब यह पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढों के कारण राहगीरों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है, क्योंकि कई दुर्घटनाएं पहले ही हो चुकी हैं। लक्ष्मीकांत भास्कर ने कहा कि यदि बरसात शुरू होने से पहले इस सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी। लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो जाएगा, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा ।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए टेढ़ाघौर से कैस्तरा मार्ग की तत्काल मरम्मत की जाए, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों में भी भारी असंतोष देखा जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जनता को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा और सड़क की मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

## नगोई एनीकट के पास शराब बेचते युवक पकड़ाया

**तखतपुर** 11 जून (देशबन्धु)। अवैध रूप से बिक्री के लिए प्लेन शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नगोई एनीकट के पास एक युवक अवैध रूप से बिक्री के लिए देशी प्लेन शराब रखा हुआ है सूचना पर पुलिस ने आरोपी नगोई निवासी राहुल भारती के पास से 12 नग देशी प्लेन शराब जप्त करते हुए। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## कलेक्टर ने किया सिलतरा में निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता जांच



**मुंगेली**, 11 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सिलतरा से भठली मार्ग पर निर्माणाधीन डामरीकृत सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क को फावड़ा से खुदवाकर निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया। सड़क में घटिया गुणवत्ता की पुष्टि होने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सामग्री का सैंपल लैब में परीक्षण कराने के निर्देश दिए ।कलेक्टर ने निर्माण कार्य में लापरवाही पर पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता एवं निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी मौके पर दिए। उन्होंने अधिकारियों को फटकारते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासकीय राशि से हो रहे निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए ।निरीक्षण के दौरान पथरिया एडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का हवन एवं तुलसी विवाह संकल्प के साथ हुआ समापन

**उपमुख्यमंत्री अरुण साव हुए शामिल, कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह और कंस वध का हुआ वर्णन**




**मुंगेली** 11 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा अपनी माता जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सप्ताहव्यापी श्रीमद् भागवत कथा का 11 जून 2025 को हवन एवं तुलसीविवाह संकल्प के साथ भव्य समापन हुआ। इस आध्यात्मिक महोत्सव ने नगर को भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के सूत्र में बांध दिया ।कथा के छठवें दिन कथा स्थल पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, (भागवत कथा आत्मा को शुद्ध करने का माध्यम है। यह समाज को धर्म और सदाचार की राह पर ले जाती है।)कथा व्यास बाल व्यास गौरव दास जी महाराज (वृंदावन) ने इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की अलौकिक कथा का वर्णन करते हुए प्रेम और श्रद्धा के महत्व को समझाया। इसके बाद कंस वध की लीलाएं सुनाई गईं, जिन्होंने भक्तों में धर्म की विजय और अधर्म के अंत की प्रेरणा जागृत की।

समापन दिवस पर हवन अनुष्ठान आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसके पश्चात तुलसीविवाह संकल्प के साथ कथा का विधिवत समापन किया गया। पूरे परिसर में भक्ति-भाव, मंत्रोच्चार और वैदिक ध्वनि का दिव्य वातावरण छाया रहा। प्रत्येक दिन की भव्य झांकियों ने कथाओं को जीवंत कर दिया। कृष्ण जन्म, रुक्मिणी विवाह, शिव-कालिका दर्शन जैसे प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया ।आयोजक रोहित शुक्ला ने समापन अवसर पर कहा, (यह आयोजन मेरी माता जी की पुण्यस्मृति को समर्पित था, परंतु इसमें जो सामाजिक और आध्यात्मिक ऊर्जा आई, वह समूचे नगर के आशीर्वाद का परिणाम है।)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोदी सरकार का कार्यकाल...

आगे बढ़ रही हैं। सिलाई मशीन आदि खरीदकर रोजगार आदि का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सारंगढ़ के पास गांव में तो महिलाएं चंदा एकत्र कर राम मंदिर बनवा रही हैं। साय ने कहा कि भूमिहीन मजदूरों के खाते में राशि जमा की जा रही है। उन्होंने रामलला दर्शन योजना का जिक्र किया, और कहा कि भांचा राम के प्रति लोगों का लगाव है, अब तक 22 हजार लोग प्रदेश से रामलला दर्शन के लिए अयोध्या जा चुके हैं।

श्री साय ने कहा कि सीएम दर्शन योजना भी शुरू की गई है। ताकि गरीब लोगों को उनकी इच्छा के मुताबिक तीर्थयात्रा दर्शन कराया जा सके। सीएम ने कहा कि वो खुद जनजाति समाज से आते हैं, और मोदी सरकार के कार्यकाल में जनजाति सम्मान बढ़ा है। समाज की महिला राष्ट्रपति के रूप में शीर्ष पद पर आसीन है। यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश भर के जनजाति गांव के विकास के लिए 80 हजार करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। छत्तीसगढ़ के 66 सौ गांवों में ग्राम उत्कर्ष योजना का फायदा मिलेगा। साय ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 32 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को 6 हजार रूपए सालाना दिए जा रहे है।

श्री साय ने कहा कि प्रदेश में पांच लाख करोड़ का निवेश हुआ है। सेमीकंडक्टर का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, और एआई डेका सेंटर की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में 47 हजार करोड़ की रेलवे परियोजना चल रही है। 38 स्टेशनों के कायाकल्प करने का काम चल रहा है। पांच का तो उद्घाटन हो चुका है।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। पीएम के आशीर्वाद से बसव राजू, सुधाकरण जैसे शीर्ष नक्सल नेता खत्म हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक चार सौ से अधिक नक्सली मारे गए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बारिश में थोड़ी दिक्कत रहती है, लेकिन नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। साय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में पांच दिन के कामकाज की व्यवस्था को खत्म करने पर विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी-कर्मचारी संगठन उनसे आग्रह कर चुके हैं, सरकार इस पर विचार कर रही है। सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में विधायक सुनील सोनी, नान के चेयरमेन संजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, मीडिया सलाहकार पंकज झा, मीडिया सहप्रभारी अनुराग अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### हाईकोर्ट ने टीचर के ...

स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि हाल ही में उच्च न्यायालय के आदेश से बहाल की गई एक अन्य शिक्षिका को उसी स्कूल में अंग्रेज़ी विषय पढ़ाने के लिए पदस्थ किया गया है, जहां सरोज सिंह कार्यरत थीं।

न्यायालय ने याचिकाकर्ता की दलील को किया स्वीकार-न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि याचिकाकर्ता की वरिष्ठता और विद्यालय में उनके योगदान को नज़रअंदाज़ कर स्थानांतरण करना प्रथम दृष्टया अनुचित प्रतीत होता है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार का तबादला न सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, बल्कि शिक्षिका के पारिवारिक दायित्वों पर भी असर डालता है।

दो दिन में अभ्यावेदन देने का आदेश- कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया है कि वे दो दिवस के भीतर नया अभ्यावेदन विभाग को सौंपें। विभाग उस पर नियमानुसार विचार कर निर्णय लेगा। तब तक के लिए शिक्षिका का तबादला आदेश स्थगित रहेगा। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से शिक्षकों में असंतोष है। ऐसे में यह आदेश उन शिक्षकों के लिए राहतभरी मिसाल बन सकता है, जिनका तबादला बिना उचित तर्क के किया गया हो।

### शहीद महेन्द्र कर्मा विवि में...

रोस्टर पर भर्ती कर चुके हैं और अब बचाव हेतु शिक्षा विभाग के पूर्व स्वीकृत व्याख्याता पदनाम के पदों को असिस्टेंट प्रोफेसर पदनाम और वेतनमान पर स्वीकृत कराने एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं ताकि इस स्वीकृति की प्रत्याशा में भर्ती के आरक्षण रोस्टर को सही दिखाया जा सके। जबकि कभी भी किसी भर्ती विज्ञापन में भविष्य में स्वीकृति या संशोधन की प्रत्याशा में ना तो भर्ती विज्ञापन निकाला जाता है और ना ही साक्षात्कार कर अवैधानिक भर्ती की जाती है।

**जानबूझकर गलत आरक्षण रोस्टर पर हुई भर्ती संज्ञेय अपराध : उमाशंकर शुक्ला**

वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता उमाशंकर शुक्ल लगातार बस्तर विश्वविद्यालय में हो रही इस भर्ती की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे है ।श्री शुक्ल ने कहा है कि इन शैक्षणिक पदों की भर्ती यदि गलत आरक्षण रोस्टर पर हो रही है और इसकी पूरी जानकारी कुलपति को पहले से है तो यह संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। इस प्रकार से यह पूरी भर्ती ही अवैधानिक हो जाती है ।इस भर्ती प्रक्रिया को तत्काल रोका जाना चाहिए ।उन्होंने कहा कि यह विभिन्न पदों के लिए लाखों की बोली लगाई जा रही है ।श्री शुक्ल ने यहां पदस्थ कुलपति प्रो.मनोज कुमार श्रीवास्तव को तत्काल हटाये जाने और उन पर अब तक लगे समस्त आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# शिव-सती विवाह से लेकर शक्ति पीठ की स्थापना तक, गिरी बापू ने किया भावपूर्ण वर्णन



**मुंगेली**, 11 जून (देशबन्धु)। मुंगेली की धर्मनगरी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा के आठवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दिव्य आयोजन के मुख्य यजमान मिथिलेश केसरवानी एवं कनक केसरवानी सहित समस्त केसरवानी परिवार ने श्रद्धापूर्वक आयोजन का दायित्व निभाया। आज की कथा में अंतरराष्ट्रीय शिवकथा वाचक श्री गिरी बापू ने शिव-सती विवाह का अलौकिक चित्रण करते हुए समस्त श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे सभी देवताओं ने कैलाश पर्वत पर महादेव और सती का स्वागत किया और कैसे सती के साथ महादेव कुम्भज ऋषि की कथा सुनने गए, जहां महेश जी को अत्यंत सुख की अनुभूति हुई। गिरी बापू ने श्रोताओं को जीवन का संदेश देते हुए कहा, (वक्ता को अवसर श्रोता देता है, और सुखी वही होता है जो महादेव को भजता है। जो अपना भार शिव को अर्पण करता है, वही भार मुक्त हो पाता है।) कथा में दक्ष यज्ञ प्रसंग का भी अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। जब दक्ष ने यज्ञ में सभी को बुलाया पर महादेव को आमंत्रित नहीं किया, तो माता सती ने वहाँ जाकर स्वयं को अपमानित महसूस कर प्राण त्याग दिए। इसके बाद महादेव ने वीरभद्र को भेजकर यज्ञ का विध्वंस कराया और दक्ष का संहार हुआ। इसके पश्चात महादेव सती के शव को लेकर हिमालय की ओर प्रस्थान करते हैं, और भगवान विष्णु अपने चक्र से सती के शरीर को विभाजित कर शक्ति पीठों की स्थापना करते हैं। कथा में कामदेव दहन, पार्वती जन्म, कार्तिकेय एवं गणेश जी की उत्पत्ति, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की कथा सहित 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा को भी गिरी बापू ने भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किया ।कथा के अंत में गिरी बापू ने श्रद्धालुओं से कहा कि पार्थिव शिवलिंग का पूजन और सोमनाथ की यात्रा जीवन को कल्याण की ओर ले जाती है ।आज कथा का विधिवत समापन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर शिव भक्ति में स्वयं को लीन किया। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा।

# मेडिटेशन और मेडिसिंस पर व्याख्यान माला आयोजित

**तखतपुर** 11 जून (देशबन्धु)। मेडिटेशन व मेडिसिंस विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें व्यक्ति जब व्यथित हो जाता है तब वह मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है और विभिन्न समस्या से जुझते जाता है पर हम मानसिक रूप से पुष्ट होते है तब ऐसी स्थिति निर्मित नही होती है इसलिए आज हमें शांति की आवश्यकता है। आज भारत में विश्व में जो स्थिति बन रही है ऐसी स्थिति में हमें शांति, एकता, सद्भावना कायम करने के लिए परमात्मा की याद व आध्यात्मिकता, मेडिटेशन, सकारात्मक चिंतन आवश्यक है। हमें हिंसा का जवाब हिंसा से नहीं देना है बल्कि अहिंसा व शांति से देना है। भारत शुरू से ही शांति का पक्ष धर रहा है इसीलिए भारत आध्यात्मिक गुरु कहलाता है। यह बात ब्रह्माकुमारी छाया बहन ने कहा उन्होंने आगे बताया की ब्रह्माकुमारी एक आध्यात्मिक संस्था है यहां की शिक्षा विश्व भर के लिए शांति, एकता, सद्भाव व जीवन में निर्मलता बनी रहे इसके लिए यह संस्था कार्यरत है। तनाव का मूल कारण है नकारात्मक सोच जिससे अनेक मानसिक रोग पैदा होते जा रहे हैं और हमारे शरीर में अच्छे रसों का सेक्रेशन नहीं हो रहा है। जिससे शरीर रोग ग्रसित होता जा रहा है। आज हमने अपनी भावनाओं को बिगाड़ दिया है भावनाएं अगर हम सबके प्रति शुभ भावना कामना रखें तो हम कभी भी बढ़कर रोग ग्रसित नहीं हो सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय जीवन में मेडिटेशन आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट करते हुए ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने बताया कि राजयोग से हमारे जीवन में बदलाव आता है जिससे हमारा मन शांत व शक्तिशाली बनता है निर्णय स्पष्ट होते है जो हमारे सफलता को बढ़ा देते हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोषी कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, संतोष कौशिक, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी व नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAKSHI W/O AMIT KUMAR SINGH resident of 168(1) BANKI MONGRA TELSARA, BANKI MONGRA KORBA (C.G.) 495447 have changed my old name SAKSHI SINGH W/O AMIT KUMAR SINGH so in future I should be recognized by my new name that is SAKSHI W/O AMIT KUMAR SINGH in all Government and other documents.

**SAKSHI**
168(1) BANKI MONGRA
TELSARA, BANKI MONGRA
KORBA (C.G.) 495447

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, FAROOQ JAWED AHMED S/O RASEED AHMAD resident of H NO 89 WARD NO 21 MANJHALI TALAB STATION ROAD CHAMPA JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name FAROOQ JAWED AHMED S/O RASEED AHMAD so in future I should be recognized by my new name that is FAROOK JAWED S/O RASEED AHMAD in all Government and other documents.

**FAROOK JAWED**
H NO 89 WARD NO 21
MANJHALI TALAB STATION
ROAD CHAMPA JANJGIR
CHAMPA (C.G.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम अरूण शर्मा पिता भाई लाल शर्मा अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम अरूण कुमार शर्मा पिता भाई लाल शर्मा निवास 118/3 बंधवापारा सरकंडा, बिलासपुर छ.ग. 495001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अरूण कुमार शर्मा पिता भाई लाल शर्मा नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**अरूण कुमार शर्मा**
118/3 बंधवापारा सरकंडा,
बिलासपुर छ.ग. 495001

# देश

उवाच

"झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश में सबसे बेहतरीन नियमावली होना चाहिए। पेसा ड्राफ्ट पर सभी के सुझाव आए हैं, बीस जून तक पेसा ड्राफ्ट के विभिन्न अध्यायों के संबंध में यदि कोई सुझाव है तो लिखित रूप से दे सकते हैं, सभी सुझावों को संयोजित कर पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी।" -केशव महतो कमलेश



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42 | 35 |
| मुंबई | 32 | 29 |
| कोलकाता | 32 | 28 |
| चेन्नई | 35 | 28 |

# केंद्र सरकार ने 11 सालों में संवैधानिक संस्थाओं का किया दुरुपयोग : भूपेश बघेल

## झूठ की राजनीति व सच को जनता से छिपाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार अपने 11 साल की उपलब्धियों का जबरदस्त ढोल पीट रही है लेकिन सच यह है कि इन वर्षों में कोई ठोस कार्य होने की बजाय सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाएं प्रजातंत्र को मजबूत करने का काम करती थीं, लेकिन आज सभी संस्थाएं मोदी सरकार के दबाव में हैं।

स्थिति यह है कि पहली बार देश में प्रधानमंत्री के बारे में चर्चा हो रही है कि वो अनपढ़ हैं या साक्षर हैं। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा मोदी कुपढ़ हैं, तभी तो विज्ञान के युग में नाली की गैस से खाना पकाने और बादलों में रडार काम नहीं करता यह ज्ञान बांटते हुए हमने देखा है। पिछले 11 साल में छल, प्रपंच, झूठ की राजनीति रही, सच को जनता से



पहली बार देश में प्रधानमंत्री के बारे में चर्चा हो रही है कि वो अनपढ़ हैं या साक्षर : भूपेश बघेल

छिपाया गया, अमीर और अमीर बना, गरीब और गरीब बना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर नौजवानों को छलने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात की थी लेकिन हालात यह है कि रेलवे में भर्ती बंद है, आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और जो सरकार में जो रिक्त पद हैं, उनको भरा नहीं जा रहा है। देश में अर्थनीति को छिन-भिन्न बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कैमराजीवी हैं और उन्होंने जितने दावे किए वो सब झूठे निकले। सरकार ने इस तरह से योजना बनाई है, जिसका लाभ आम जनता नहीं ले पा रही है।

सरकार आयुष्मान भारत योजना ले कर लाई लेकिन लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उज्ज्वला योजना के तहत लाखों लोग सिलेंडर रिफिल नहीं करा पाए, सरकार महिला आरक्षण की बात करती है, लेकिन इसे लागू कब किया जाएगा, इसका कोई जवाब नहीं है और यही हाल जातिगत जनगणना के विषय में भी है। नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने और स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने की बात कही थी, लेकिन आज किसान अपनी फसल को औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हैं।

बघेल ने कहा कि आज हालात यह हैं कि पूरे देश में डीएपी खाद नहीं मिल रहा, कई राज्यों में बीज उपलब्ध नहीं हैं।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं : जीतू पटवारी



मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की मध्यप्रदेश में संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाते हुए सरकार से सवाल किए हैं। पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं, जो गरीबों, किसानों और ग्रामीण जनता के उत्थान के लिए शुरू की गई थीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। जल जीवन मिशन से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में अरबों रुपये के भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है।

## राजद नेताओं ने मनाया लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन

**गया,** 11 जून (एजेंसियां)। बिहार में गया जिले के बोधगया प्रखंड के कटोरवा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में आज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिवस मनाया गया। यादव के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के बीच कॉपी, कलम, किताब एवं अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बोधगया के राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने किया। इस दौरान राजद के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित हुए। इस मौके पर कुमार सर्वजीत ने कहा कि आज हम लोग लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन किसी शहर या होटल में न मनाकर दलित बस्ती में मना रहे हैं और बच्चों को किताब कलम देकर साक्षर बनने का संदेश दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस ली-मेरिडियन जैसे होटल में काटकर मनाया जाता है, वहीं दूसरी तरफ लालू प्रसाद यादव का जन्मदिवस गरीब-दलित बस्ती में मनाया जाता है। यह दर्शाता है कि लालू यादव गरीबों, दलितों के नेता थे और उनके उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। यही वजह है कि आज हमलोग दलित बस्ती में उनका जन्मदिवस मना रहे हैं और बच्चों को केक और मिठाई खिलाकर साक्षर बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# त्रिपुरा में भाजपा-टिपरा मोथा के बीच मतभेद गहराया

## आदिवासियों के लिए किए गए वादों को लेकर जताया असंतोष

**अगरतला,** 11 जून (एजेंसियां)। त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के मुख्य घटक दल टिपरा मोथा पार्टी ने राज्य के आदिवासियों के लिए किए गए वादों को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के प्रति असंतोष व्यक्त किया है और सरकार से होने की धमकी दी है। टिपरा मोथा के संस्थापक एवं शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मन ने 'फेसबुक लाइव' पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, हम पिछले 18 महीनों से तिप्रासा (आदिवासी) समझौते के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं, जिस पर पिछले लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में केंद्र और राज्य सरकार की त्रिपक्षीय बैठक में हस्ताक्षर हुए थे। मुझे लगता है कि इस दिशा में आगे बढ़ने का यह सही समय है। मुझे वास्तव में लगता है कि कुछ गलत हो रहा है। दिल्ली में बातचीत बहुत सकारात्मक रहती है, लेकिन उसके बाद चीजें अटक जाती हैं। हम सत्तारूढ़ गठबंधन में इसलिए शामिल हुए क्योंकि हमसे वादा किया गया था कि समझौते को लागू किया जाएगा। अगर मैं अपने लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं कर पाया तो मुझे सत्ता का आनंद लेने का कोई अधिकार नहीं है। मैंने अपनी पार्टी के मंत्रियों और अधिकांश विधायकों से पहले ही बात कर ली है। प्रद्योत ने कहा कि अगर तिप्रासा समझौते को लागू नहीं किया गया तो वह सत्ता में रहने के बजाय सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होना पसंद




करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी जल्द ही अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करेगी जो उनके अनुसार त्रिपुरा के स्वदेशी लोगों और समुदायों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी पार्टी के नेताओं को निर्देश दिया है कि वे शीघ्र हेल्पलाइन नंबर जारी करें। हम बांग्लादेशियों को अपने क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दे सकते, क्योंकि अगर हम आज उन्हें प्रवेश करने देंगे, तो कल वे हमारे बच्चों के लिए बने संसाधनों का उपयोग करेंगे। भाजपा और टिपरा मोथा के बीच पहाड़ियों में प्रशासन पर प्रभुत्व के लिए सत्ता संघर्ष के अलावा, कोकबोरोक (आदिवासी बोली) स्क्रिप्ट को अंतिम रूप प्रदान करने, त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद की ग्राम सभा का चुनाव कराने और गोमती के जिलाधिकारी टीके चकमा द्वारा प्रद्योत और एडीसी के प्रमुख के साथ हाल ही में किए गए दुर्व्यवहार पर सरकार की निष्क्रियता को लेकर कुछ महीनों में मतभेद बढ़े हैं।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में बुधवार सुबह आग लग गई। विधानसभा कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में आग लग गई। इस हादसे में पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और विधायकों की कुछ तस्वीरें और फर्नीचर जल गए। आग की लपटें देखकर विस के कर्मचारी आग बुझाने लगे। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की और अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**अमरावती।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर हाल के विस चुनावों के दौरान गंभीर अनियमितताएं करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस की अमरावती ग्रामीण जिला इकाई के अध्यक्ष बबलू देशमुख ने आयोग की निंदा करते हुए कहा कि आयोग भाजपा के पक्ष में है, जिसके विरोध में 14 जून को शाम पांच बजे अमरावती में मशाल जुलूस निकालकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनावी धोखाधड़ी के सबूत पेश करने के बावजूद चुनाव आयोग ने इस बाबत कोई जवाब नहीं दिया है।

### राष्ट्रपति ने विधेयक को की अनुमति प्रदान

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2021 पर अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि झारखण्ड विस द्वारा पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति को प्रेषित किया गया था। राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन उपरांत विधेयक राज भवन को प्राप्त हुआ।

### मुंबई हाउसिंग घोटाला मामले में महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की आधिकारिक आवास योजनाओं की आड़ में मुंबई के प्रमुख इलाकों में सस्ते फ्लैट देने का वादा करके लोगों से 1.22 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में डिंडोशी पुलिस ने आरोपी बेला डूिसजा को गिरफ्तार कर लिया है। वह कथित तौर पर महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएचएडीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में खुद को पेश कर शहर के जोगेश्वरी, गोरेगांव, माहिम और बांद्रा इलाके में सस्ते फ्लैटों का वादा कर रही थी।

## हेमन्त सोरेन से जर्मनी के राजदूत फिलिप ने की मुलाकात

**रांची,** 11 जून (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन एवं इकोनॉमी काउंसलर ने भेंट की। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विभिन्न विषयों एवं पहलुओं को लेकर चर्चा हुई। जर्मन राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानताएं हैं, ऐसे में कोल आधारित उद्योगों के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश- विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जर्मन राजदूत से कहा कि भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी। जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जर्मनी आगे का न्योता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।



विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

# ओम बिरला ने की हेगड़े को पुष्पांजलि अर्पित

**नई दिल्ली,** 11 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के.एस. हेगड़े की जयंती पर संविधान सदन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति, हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों, लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी तथा लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने भी हेगड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की। के.एस. हेगड़े एक सुविख्यात सांसद और प्रतिष्ठित विधिवेत्ता थे। वे पहली बार 1952 में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए और 1957 तक सदन के सदस्य रहे। तत्कालीन मैसूर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बाद में, उन्होंने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। 1967 में, उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया, जहां वे 30 अप्रैल 1973 को त्यागपत्र देने तक अपनी सेवाएं देते रहे । 1977 में, हेगड़े बैंगलोर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। 21



जुलाई 1977 को, डॉ. नीलम संजीव रेड्डी द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के बाद, हेगड़े को लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया। जनवरी 1980 में अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद, हेगड़े कर्नाटक में अपने पैतृक स्थान पर बस गए। हेगड़े का निधन 24 मई 1990 को हुआ। लोकसभा सचिवालय द्वारा के.एस. हेगड़े के जीवन परिचय पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित एक पुस्तिका गणमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गरुवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों के सेवा में प्रवेश से पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। मसूरी स्थित अकादमी में 127 वां सेवा में प्रवेश पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से राज्य प्रशासनिक सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में 19 राज्यों की सेवाओं से पदोन्नत कुल 97 अधिकारी भाग ले रहे हैं जिनमें 73 पुरुष और 24 महिला अधिकारी शामिल हैं। यह कार्यक्रम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन और मिशन कर्मयोगी के लक्ष्यों से प्रेरित है। यह अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रशासनिक भूमिकाओं से राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व के उत्तरदायित्वों में सुचारू रूप से परिवर्तित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## तेलंगाना में सड़क हादसा, तीन लोगों की गई जान

**हैदराबाद,** 11 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के याचरम में मंगलवार देर रात सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना नागार्जुनसागर राजमार्ग पर कल देर रात को तब हुयी, जब हैदराबाद के सात दोस्तों का एक समूह नागार्जुनसागर क्षेत्र में घूमने गया था। वापसी में उनकी कार को एक निजी बस ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान सैतेज, पवन और राघवेंद्र के रूप में हुयी है। वे महबूबनगर के रहने वाले थे। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# नीतीश कुमार ने पटना वासियों को दी डबल डेक फ्लाईओवर की सौगात

## राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नए भवन का भी किया उद्घाटन

**पटना,** 11 जून (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 422 करोड़ रुपए की लागत से बने अशोक राजपथ पर कारगिल चौक (गांधी मैदान) से साइंस कॉलेज तक के डबल डेक फ्लाईओवर की सौगात पटना वासियों को दी। कारगिल चौक के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कारगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से कारगिल चौक तक डबल डेक फ्लाईओवर का निरीक्षण भी किया। कहा जा रहा है कि इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ में जाम की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इस डबल डेक फ्लाईओवर का कार्य प्रारंभ जनवरी, 2022 में हुआ था। इस पथ का निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेक) में किया गया है, जो गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से प्रारंभ होकर पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाता है। एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपरी डेक की लंबाई 2175.50 मीटर है जो गांधी मैदान से साइंस कॉलेज तक जाता है। यह गांधी मैदान से साइंस कॉलेज की तरफ जाने वाले यातायात



के लिए है। नीचे के डेक की लंबाई 1449.30 मीटर है जो पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ बीएन कॉलेज मेन गेट तक आता है। नीचे के डेक पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। इस पथ के डेक की चौड़ाई 8.5 मीटर है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने तीन करोड़ से ज्यादा की राशि से बने नवनिर्मित राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नए भवन का भी उद्घाटन किया। पुस्तकालय के इस नए भवन के बन जाने से अब पाठकों एवं शोधकर्ताओं को और सहूलियत होगी। बता दें कि राजकीय उर्दू पुस्तकालय, पटना की स्थापना वर्ष 1938 में दो मंजिला भवन में हुई थी, जो अशोक राजपथ के खजांची रोड मोड़ के सामने स्थित है।

## असम में भीषण गर्मी से सामान्य जनजीवन प्रभावित

**गुवाहाटी,** 11 जून (एजेंसियां)। असम में भीषण गर्मी के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राजधानी गुवाहाटी में बुधवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि राज्य के अन्य शहरों में भी तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने कहा कि तापमान में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी यह 'हीट वेव' घोषित किए जाने के स्तर तक नहीं पहुंची है। उन्होंने बताया कि 'हीट वेव' तभी घोषित की जाती है जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

राज्य के लोगों को 16 या 17 जून को ही कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान बारिश होने का अनुमान है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, तेजपुर और जोरहाट सहित राज्य के कई स्थानों पर मौसमी औसत से काफी अधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक गुवाहाटी में कल 37.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो सामान्य तापमान से 4.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी तरह यह डिब्रूगढ़ में कल 37.7 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस अधिक) दर्ज किया गया।

# ईडी की किसी भी कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 11 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और अन्य विधायकों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्रवाई पर बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी सरकार को कानूनी दायरे में की गई किसी भी कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह इस बारे में नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं।

यह मामला सरल है जैसे कि जब तक यह कानून के दायरे में हो, उन्हें जो करना है करने दें। अगर यह कानूनी रूप से किया जाता है, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम बस इतना कह रहे हैं कि इसमे कानूनी प्रक्रियाओं का पालन होना चाहिए। अगर कानून का किसी तरह से उल्लंघन हुआ है, तो हम इसका समर्थन नहीं करते हैं। हम किसी भी कानूनी क्रियान्वयन में बाधा या हस्तक्षेप नहीं करेंगे। कर्नाटक में जाति पुनर्सर्वेक्षण के मुद्दे पर सिद्दारमैया ने




■ कानूनी प्रक्रियाओं के पालन होने पर दिया जोर

स्पष्ट किया कि पार्टी हाईकमान को प्रक्रिया से संबंधित शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा, 'मूल सर्वेक्षण 25 साल पहले किया गया था जबकि इसे लगभग नौ साल पहले किया जाना चाहिए था। इस मामले में 60 से 70 दिनों की कम अवधि में एक नया सर्वेक्षण किया गया और केवल गणना पूरी की गई, पूरी रिपोर्ट नहीं।

रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है। सिद्धांत रूप में रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया गया है, लेकिन केवल गणना वाला हिस्सा स्वीकार नहीं किया गया है।

मांग | कश्मीर के लिए रेल संपर्क शुरू होने के साथ व्यापारियों ने रखी मांग

# जम्मू क्षेत्र की व्यापक आर्थिक तस्वीर पर विचार करे सरकार

**जम्मू, 11 जून (देशबन्धु)। कश्मीर वादी और शेष भारत के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित रेल संपर्क की शुरुआत को पूरे क्षेत्र में परिवहन बुनियादी ढांचे और आर्थिक एकीकरण में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया है। सेवा की शुरुआत के साथ-साथ जश्न के माहौल के साथ-साथ जम्मू में व्यापार संघों की चिंताएं उभरी हैं, जो संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए विचारशील नीतियों की मांग कर रहे हैं।**

भारतीय रेलवे द्वारा पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा के रूप में वर्णित नई ट्रेन सेवा से माल और यात्रियों की आवाजाही में वृद्धि, आपूर्ति श्रंखलाओं को सुव्यवस्थित करने और कश्मीर को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अधिक सुलभ बनाने की उम्मीद है। जम्मू के एक व्यापारी अजय शर्मा कहते थे कि यह जम्मू और कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बदलाव है। उनका कहना था कि कश्मीर से परे, मार्ग के साथ-साथ क्षेत्रों को भी बेहतर रसद और गतिशीलता से लाभ होने की संभावना है। जबकि रेल लिंक कश्मीर के



■ जम्मू में व्यापार को प्रभावित करेगा ऐतिहासिक कदम

प्रसिद्ध सेब, अखरोट, बादाम और केसर को भारत भर के बाजारों में पहुंचाने के लिए तैयार है जिससे मुंबई जैसे महानगरों तक पहुंचने का समय 36 घंटे से कम हो जाएगा। पर अब जम्मू में आवाजें उठ रही हैं कि सरकार जम्मू क्षेत्र की व्यापक आर्थिक तस्वीर पर विचार करे। जम्मू ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज आनंद ने बुनियादी ढांचे में इस मील के पत्थर का स्वागत किया, लेकिन इसके प्रभावों पर ध्यान आकर्षित किया। वे कहते थे कि हम इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं।

यह कश्मीर को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। लेकिन यह अनिवार्य रूप से जम्मू में व्यापार को प्रभावित करेगा। सरकार को इस पहलू पर विचार करना चाहिए। जम्मू के एक अन्य व्यवसायी सुदर्शन सिंह ने भी इस भावना को दोहराया और क्षेत्रीय आजीविका की सुरक्षा के उपायों की वकालत की। उन्होंने कहा कि यह केवल वाणिज्य के बारे में नहीं है यह पर्यटन, यात्रा और जम्मू में लोगों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करता है।

लाभों को संतुलित करने के लिए नीतिगत प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। हालांकि विशेषज्ञों का सुझाव है कि पूरक आर्थिक नियोजन यह सुनिश्चित कर सकता है कि दोनों क्षेत्र समृद्ध हों। उन्नत रेल नेटवर्क में पूरे उत्तर भारत में रसद, क्षेत्रीय पर्यटन और कृषि-औद्योगिक व्यापार में नए रास्ते खोलने की क्षमता है। नए मार्ग के साथ स्टेशन केवल पारगमन बिंदु नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास के केंद्र के रूप में काम कर सकते हैं। इस संदर्भ में रेलवे के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने ट्रेन के आर्थिक वादे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कश्मीर से कृषि उत्पाद अब दूरदराज के बाजारों तक तेजी से पहुंचेंगे, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इसी तरह, पर्यटकों के लिए सीधी ट्रेन की पहुंच पूरे क्षेत्र को बढ़ावा देगी। जबकि स्थानीय अधिकारियों का कहना था कि बेहतर कनेक्टिविटी से लंबे समय से चली आ रही गतिशीलता संबंधी समस्याएं भी दूर होंगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार 12 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# आपदा में एक और अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास पर भारत के आउटरीच कार्यक्रम के लिए कई देशों की यात्रा करने वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। फिलहाल यह कहा नहीं जा सकता कि प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडलों की यह मुलाकात अनौपचारिक थी या औपचारिक। क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खुद कहा है कि यह बिल्कुल औपचारिक मुलाकात नहीं थी। हम लोगों ने जो रिपोर्ट प्रधानमंत्री को दी, वो उन्होंने प्रस्तुत भी नहीं की। गौर करने वाली बात यह है कि शशि थरूर ने यह जिक्र खेद के साथ नहीं बल्कि प्रसन्नता के साथ किया। प्रधानमंत्री के आवास पर हुए इस मेलजोल कार्यक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें श्री मोदी के बगल में शशि थरूर दिखाई दे रहे हैं, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी भी प्रधानमंत्री से बातचीत करते दिख रहे हैं, वहीं, आनंद शर्मा और सलमान खुर्शीद के साथ श्री मोदी मुस्कुराते हुए मिलते नजर आ रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद के साथ तो ठहाके लगाते तस्वीरें आई हैं। चंद कांग्रेस नेताओं से इस अंदाज में प्रधानमंत्री मोदी क्यों मिल रहे हैं, यह सवाल अब उठने लगे हैं। हो सकता है कि उनकी अन्य दलों के नेताओं से भी इसी तरह हंसी-खुशी भेंटवार्ता हुई हो, लेकिन उनके वीडियो-तस्वीरें इतने वायरल क्यों नहीं किए गए, ये भी सोचने वाली बात है। वैसे सबसे अधिक विचारणीय पहलू तो यह है कि देश के मुखिया को इतने सांसदों के साथ हंसी-ठहाके लगाते, खाते-पीते देखकर पहलगाम पीड़ितों के दिलों पर क्या बीत रही होगी। वे तो अब तक इस इंतजार में थे कि आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर तक जाकर पकड़ कर लाने का ऐलान करने वाले श्री मोदी अपने वादे को पूरा करेंगे। लेकिन डेढ़ महीने बाद पीड़ितों के जख्म तो हरे ही हैं, और ऐसे में सरकारी हंसी-ठट्ठा उनके जख्मों पर नमक के समान लग रहा होगा।

पाठक जानते हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 6-7 मई की आधी रात में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर प्रारंभ किया था, जो 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध विराम की सूचना के बाद समाप्त कर दिया गया। हालांकि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री यह कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी बंद नहीं हुआ है, लेकिन इसके तहत आगे और क्या कार्रवाई हुई, इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से युद्धविराम की सूचना पहले कैसे आई, क्या अमेरिका ने वाकई भारत और पाकिस्तान के संबंधों में दखलंदाजी की है। क्या यह शिमला समझौते का उल्लंघन नहीं है, जिसमें यह करार हुआ था कि दोनों देशों के बीच किसी भी मामले में तीसरे पक्ष को नहीं आने दिया जाएगा। अगर पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन किया तो क्या भारत भी उसी रास्ते पर चल रहा है। क्या नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्ववर्ती शासकों की बनाई विदेश नीति का त्याग कर कोई नयी विदेश नीति बनाई है, ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब की अपेक्षा सरकार से थी। लेकिन प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। बल्कि देश को बताया गया कि अब सात प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में जाकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की जानकारी देंगे। ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा, किस तरह पाकिस्तान की जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दी जाती है, इस बारे में दुनिया को आगाह करेंगे। खास बात यह रही कि इन प्रतिनिधिमंडलों में सभी दलों के लोग शामिल थे।

सात प्रतिनिधिमंडलों में नेतृत्व की कमान रविशंकर प्रसाद, बैजयंत पांडा, संजय कुमार झा, कनिमोझी करुणानिधि, सुप्रिया सुले, शशि थरूर और श्रीकांत एकनाथ शिंदे को सौंपी गई। इनके नेतृत्व में 51 नेताओं और 8 राजदूतों ने 33 देशों में जाकर भारत सरकार का पक्ष रखा। एकबारगी देखने पर यह पहल ठीक लगी कि नरेन्द्र मोदी ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी दलों को साथ लेने, बल्कि नेतृत्व करने का अवसर भी दिया। लेकिन गहराई से सोचें तो इसके जरिए श्री मोदी ने एक बड़ा खेल करने की कोशिश की। प्रतिनिधिमंडल को भेजकर वे खुद देश को जवाब देने से बचते रहे। उधर कांग्रेस के ऐसे सांसदों को प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनाया गया जो आसानी से भाजपा के दबाव में आ सकते हैं। इसके प्रमाण भी सामने आ गए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे और वे लगभग हर दिन जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को लेकर झूठी बातें प्रसारित करते रहे। गलत दस्तावेजों को ऐतिहासिक तथ्य बताकर पोस्ट करते रहे, यहां तक कि मंगलवार रात जब प्रधानमंत्री आवास पर सारे लोग मौजूद थे, उस समय भी निशिकांत दुबे ने एक पोस्ट में विदेश नीति का कबाड़ा करने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। श्री मोदी के भेजे गए कांग्रेस सांसदों में से एक ने भी इसका प्रतिकार नहीं किया, श्री दुबे की आलोचना नहीं की, प्रधानमंत्री के सामने आपत्ति नहीं जताई कि एक तरफ आप सारे दलों को साथ होने की बात कर रहे हैं और आपके सांसद इस तरह गलतबयानी कर रहे हैं। सवाल ये है कि क्या श्री मोदी अब कांग्रेस में फूट डलवाने की कोशिश में हैं। पिछले 11 सालों की उनकी उपलब्धियों में एक खास बात तो यह भी है कि उन्होंने कई कांग्रेस दिग्गजों को भाजपा में शामिल करवा लिया है।

अब मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को सोचना होगा कि लंगड़े और बारात के घोड़ों को वे कैसे अलग करें।

रहा सवाल आउटरीच कार्यक्रम का, तो उसकी सार्थकता तब होती जब पाकिस्तान विश्व में अलग-थलग दिखाई देता। फिलहाल ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। श्री मोदी की विदेश नीति की विफलता तो तभी दिख गई जब उन्हें ऐसे प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने पड़े, अगर उनके नेतृत्व की दुनिया कायल होती तो अमेरिका समेत तमाम देश भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े पर नहीं रखते। अब भी अमेरिकी राष्ट्रपति पाक के नेतृत्व को मजबूत बता रहे हैं और यह तब हुआ जब शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में ही था। श्री मोदी को दुनिया को संदेश देना था तो संसद का सत्र बुलाते, जितना खर्च अभी हुआ है, उससे एक चौथाई में ही मकसद पूरा हो जाता। जो बचत होती उसका उपयोग आतंकवाद से मिले जख्मों पर मलहम लगाने में किया जा सकता था। लेकिन ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार को अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए आपदा में एक और अवसर मिल गया है।

# सोनम के बहाने स्त्री अधिकारों को कुचलने की कोशिश

## दुनियादारी

**■ सर्वमित्रा सुरजन**

इंदौर के हनीमून केस पर सोशल मीडिया में एक भयावह टिप्पणी पढ़ने मिली। लिखा था कि औरत को आजादी देने का अंजाम देख लिया। अब समझ में आया कि पहले औरतों पर अंकुश लगाकर क्यों रखा जाता था।

दरअसल यह उसी मनुवादी सोच से निकला विचार है जिसमें औरत को पहले पिता, फिर पति और बाद में बेटे के आश्रित रखा जाता है। महिला का अपना स्वतंत्र अस्तित्व न हो, यह बात पुरुष सत्तात्मक समाज के लिए एकदम उपयुक्त रहती है। क्योंकि जहां स्वतंत्रता रहेगी, वहां अपनी जिम्मेदारी खुद लेने का जज्बा भी दिखाया जाएगा, साथ ही अपने लिए अधिकार भी मांगे जाएंगे। यह सारी बातें अधिकतर पुरुषों के लिए दुस्वप्न है कि उनके सामने महिला इस तरह की बराबरी दिखाए। समाज में इसी बात को सामान्य मान लिया गया है कि पुरुष स्त्री का सम्मान तो करे, लेकिन अपने से निचले पायदान पर रखकर। अगर स्त्री को बराबरी पर रखा जाएगा तो फिर वह और आगे निकलने की ख्वाहिश रखेगी, ये डर पितृसत्तात्मक समाज की संरचना में गूंथ दिया गया है। यही डर हनीमून केस में बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है।

इंदौर के नवविवाहित जोड़े राजा और सोनम रघुवंशी का मामला पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। पहले इस जोड़े के मेघालय में लापता होने की खबर मिली। पुलिस ने जांच की तो एक घाटी में राजा का शव मिला, जबकि सोनम की कोई खबर नहीं थी। लेकिन फिर अचानक सोनम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक ढाबे में आधी रात को पहुंची और फिर वहीं से फोन पर अपने परिजनों से बात की। पुलिस ने सोनम को हिरासत में लिया, क्योंकि उसे शक था कि सोनम ने ही राजा की हत्या करवाई है। मेघालय पुलिस ने पूरी जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह प्रेम त्रिकोण का मामला था। ऐसा नहीं है कि इस देश में प्रेम त्रिकोण के मामले पहले हुए ही नहीं, या उनमें हत्या जैसा अतिरेक भरा कदम नहीं उठाया गया हो। लेकिन अक्सर इनमें स्त्री पीड़ित रहती थी, उसे मारा जाता था, तो इसमें समाज को कुछ असामान्य नहीं लगा। अब बीते कुछ समय से लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं कि पत्नी ने पति की हत्या करवाई है, जिन्हें समाज अब अपने लिए बड़ी चेतावनी की तरह देख रहा है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के डेटा और विभिन्न राज्य क्राइम रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले पांच सालों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार जैसे पांच राज्यों में कुल 785 ऐसी घटनाएं दर्ज की गई हैं, जहां पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की या हत्या करवाई है। हालांकि कितने पतियों ने इसी तरह अपनी पत्नियों का कत्ल किया या करवाया होगा, इसके आंकड़े नहीं हैं। दहेज हत्याओं के आंकड़े जरूर दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 से 2021 के बीच ही देशभर में 35,493 महिलाओं की मौत दहेज हत्या के कारण हुई, यानी हर दिन कम से कम 20 वधुएं मारी गई हैं। दहेज हत्या में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान देश में अग्रणी रहे हैं।

कायदे से जितनी चिंता 785 मौतों पर की जा रही है, उतनी ही 35 हजार मौतों पर भी होनी चाहिए। लेकिन

इंदौर के नवविवाहित जोड़े राजा और सोनम रघुवंशी का मामला पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। पहले इस जोड़े के मेघालय में लापता होने की खबर मिली। पुलिस ने जांच की तो एक घाटी में राजा का शव मिला, जबकि सोनम की कोई खबर नहीं थी। लेकिन फिर अचानक सोनम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक ढाबे में आधी रात को पहुंची और फिर वहीं से फोन पर अपने परिजनों से बात की। पुलिस ने सोनम को हिरासत में लिया, क्योंकि उसे शक था कि सोनम ने ही राजा की हत्या करवाई है। मेघालय पुलिस ने पूरी जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह प्रेम त्रिकोण का मामला था।

समाज यहां भी भेदभाव का नजरिया रखता है। मरने वाली स्त्रियां हैं, तो यह दुखद है, सामाजिक समस्या भी है, लेकिन चेतावनी की बात नहीं है। लेकिन मरने वाले पुरुष हैं तो फिर सारा सामाजिक विमर्श ही बदल जाता है। असल में वैवाहिक संबंध की यह परिणति पूरे समाज के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। समाजशास्त्रियों को अब विवाह संस्था पर नए सिरे से अध्ययन की जरूरत है कि आखिर इसमें कहां चूक हो रही है कि एक पक्ष इस सीमा तक पहुंच जाए कि अपने जीवनसाथी की हत्या कर दे।

सोनम रघुवंशी पर आरोप अभी सिद्ध नहीं हुआ है, इससे पहले कुछ प्रकरण ऐसे सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं ने अपने पुरुष साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। जाहिर है ये जघन्य अपराध है और उसे इसी नजरिए से देखा जाना चाहिए। हत्या की जो सजा पुरुष के लिए होती है, वही स्त्री के लिए भी होती है। मगर जिन मामलों में महिलाएं दोषी होती हैं, उसके लिए पूरे स्त्री समाज को जिम्मेदार ठहराना क्या उचित है। लेकिन ऐसा लगता है मानो स्त्रियों को फिर से बंधन में डालने के लिए मौकों को तलाशा जा रहा है। हनीमून केस या नीले ड्रम में पति की लाश जैसे प्रकरण इन मौकों को बना रहे हैं। यहां गौर करने वाला एक पहलू यह है कि जो इंसान पेशेवर अपराधी नहीं होते, वे किस तरह इतने भयावह योजनाबद्ध तरीकों से ऐसी हत्याओं को अंजाम देते हैं, इसके पीछे कौन से मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारण हैं, इनकी भी पड़ताल होनी चाहिए। लेकिन अफसोस है कि इन घटनाओं को केवल स्त्री बनाम पुरुष के खांचे में फिट कर देखा जाता है।

सोनम रघुवंशी मामले में मीडिया की भूमिका पर भी विचार होना चाहिए। पहले अपराध कथाएं मनोहर कहानियों जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं और घरों पर अमूमन उन्हें बच्चों से दूर रखा जाता था कि ऐसी बातों का बुरा असर उनके नाजुक मन पर पड़ता है। लेकिन अब मुख्यधारा और सोशल दोनों तरह के मीडिया में यही प्रकरण छाया हुआ है। मुख्यधारा के मीडिया में अपराध की खबरों के लिए अलग बुलेटिन होता है, लेकिन जब देश-समाज के अन्य जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाना हो तो ऐसी खबरें चटखारों के साथ प्रस्तुत करना फायदेमंद होता है। मीडिया के माइक्स शिलांग के जिस गेस्ट हाउस में सोनम-राजा रघुवंशी ठहरे थे, वहां से लेकर सोनम के कथित मित्र राज कुशवाहा के घर तक ठूंसे जा चुके हैं। एक वीडियो आया है जिसमें राज कुशवाहा की मां अपील कर रही है कि पत्रकार उनके घर के भीतर इस तरह न आएं, लेकिन टीआरपी के गिद्धों की दृष्टि अपने शिकार पर लगी हुई है। इसी मीडिया ने सोनम को पुलिस के कहने के पहले ही अपराधी साबित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जब राजा रघुवंशी की मां कह रही थी कि जांच पूरी होने दी जाए, हमें नहीं लगता कि सोनम ने ऐसा कुछ किया होगा, तब भी मीडिया सोनम को अपराधी बना चुका था। मीडिया ट्रायल का यह सिलसिला देश में लगातार जारी है और इस पर कोई अंकुश नहीं लग रहा यह चिंता की बात है।

उधर सोशल मीडिया पर चटखारों के साथ इस प्रकरण पर रील्स, मीम्स न जाने क्या-क्या परोसा जा रहा है। कोई सलमान खान का उदाहरण दे रहा है कि इसलिए भाई अकेले रहते हैं, कोई हम दिल दे चुके सनम के दृश्य दिखा रहा है। एक गंभीर घटना पर ऐसा ओछा रवैया दिखा रहा है कि समाज से संवेदनशीलता कितनी तेजी से खत्म होती जा रही है। खुद राजा रघुवंशी की बहन, जो कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कही जाती है, उसने राजा की शादी की तैयारियों के कई वीडियो और रील्स पोस्ट किए, साथ ही उसके साथ पार्श्व में संगीत देकर अपने दिवंगत भाई को याद किया। एक बहन ने अपने भाई को असमय खोया है, यह बड़ा दुख है, लेकिन क्या इस मौके पर भी सोशल मीडिया को जरिया बनाकर भावनाएं प्रकट की जानी चाहिए, यह सोचने वाली बात है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स स्त्री स्वतंत्रता को लेकर की गई भद्दी टिप्पणियों से भरे हुए हैं, जिन्हें देखकर चिंता होती है कि स्त्री अधिकारों के लिए जो अथक संघर्ष किया गया है, कहीं इन घटनाओं की आड़ लेकर उसे खारिज न किया जाए।

आखिरी बात, सोनम से मिलकर लौटे उसके भाई गोविंद ने राजा की मां से गले लगकर दुख प्रकट किया और पूरे परिवार से माफी मांगते हुए कहा कि उनकी बहन ने गलत किया है, मगर मैं अब से आपके परिवार का हिस्सा हूं। राजा की मां ने भी कहा है कि इसमें गोविंद की कोई गलती नहीं है। अमूमन ऐसे प्रकरण के बाद दो परिवारों में आजीवन कड़वाहट कायम हो जाती है। यहां आगे क्या होगा, यह कहा नहीं जा सकता। मगर इस समय जो बड़प्पन, माफी मांगना और माफ करने की उदारता दिखाई गई है, वह समाज में आगे अच्छा होने की उम्मीद बंधाती है।

# प्रधानमंत्री का निर्देश और रियल एस्टेट में पारदर्शिता की आवश्यकता

**■ अरुण कुमार डनायक**

प्रधानमंत्री मोदी जी ने हाल ही में हुई 'प्रगति' (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाईमली इम्प्लीमेनटेशन) बैठक में भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा) के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि अधिनियम का सख्त अनुपालन परियोजनाओं की गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे रेरा के तहत सभी रियल एस्टेट परियोजनाओं का अनिवार्य पंजीकरण करें और उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

भारत में घर केवल एक संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का प्रतीक होता है—हर मध्यमवर्गीय परिवार का सबसे बड़ा सपना। लेकिन आज यह सपना रियल एस्टेट की उलझनों में फंसा हुआ है। अधूरी परियोजनाएं, कब्जे में देरी और लगातार बढ़ती शिकायतें लाखों गृह-क्रेताओं की नियति बन चुकी हैं। समय पर निर्माण न होने से न सिर्फ लागत बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ता दोहरी मार झेलते हैं—किराए और होम लोन की। 'प्रगति' जैसे उच्च-स्तरीय ई-गवर्नेंस मंच पर इस मुद्दे का उभरना रियल एस्टेट क्षेत्र में व्याप्त गंभीर समस्याओं को रेखांकित करता है।

यदि 'घर' को 'भरोसे' से जोड़ना है, तो कानून, प्रशासन और निजी क्षेत्र को मिलकर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी — यही विश्वास इस क्षेत्र की असली बुनियाद बनेगा। उपभोक्ताओं का विश्वास और बिल्डरों की ईमानदारी साथ मिलकर ही एक जवाबदेह और न्यायपूर्ण आवास व्यवस्था की नींव रखी जा सकती है। रेरा को बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम, जैसे दंडात्मक कार्रवाई, जुर्माना, बैंक खातों पर रोक, या पंजीयन रद्द करना, अंतिम उपाय के रूप में अपनाना चाहिए। इसके बजाय,पहले चरण में सुधारात्मक और नियामक उपायों पर ध्यान देना अधिक प्रभावी होगा।

2016 में लागू रेरा का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, बिल्डरों की जवाबदेही और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। परंतु व्यवहार में रेरा अनेक चुनौतियों से घिरा है—सीमित अधिकार, जटिल अपील प्रक्रियाएं, सेवानिवृत नौकरशाहों की नियुक्ति, पेशेवर हितसाधकों एवं व्यवसाय विशेषज्ञों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप इसके प्रभाव को कमजोर करते हैं।

बिल्डरों को असंवेदनशील नौकरशाही की प्रशासनिक बाधाओं, जटिल अनुमोदन प्रणाली, पक्षपातपूर्ण निर्णय और वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परियोजनाएं लटक रही हैं। परिणामस्वरूप, रेरा के तहत पंजीकृत परियोजनाएं कम हैं, लेकिन शिकायतें अधिक, जो इसके कमजोर क्रियान्वयन को उजागर करता है।

सराहनीय उद्देश्य के बावजूद रेरा की क्रियान्वयन क्षमता सीमित है। रेरा अधिकारियों के पास सीमित दंडात्मक शक्ति तो है, लेकिन उनकी सिफारिशों को लागू कराने का कोई ठोस तंत्र नहीं है। राज्य सरकारों द्वारा रेरा को गंभीरता से लागू न करने के कारण यह कानून निष्प्रभावी हो गया है। आदेशों की अवहेलना होने पर उपभोक्ता को वर्षों की कानूनी प्रक्रिया के लिए न्यायालय जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता, और कई बार रेरा के वरिष्ठ अधिकारी ही आवंटियों को हाईकोर्ट जाने की सलाह देते हैं।

रेरा, बिल्डर का पंजीकरण रद्द होने की स्थिति में, आवंटितियों को संगठित करउनकी संस्था द्वारा शेष निर्माण कार्य पूरा करने की अनुमति दे सकता है। व्यावहारिक रूप से बिल्डर के सहयोग के बिना अनुभवहीन आवंटियों के लिए पंजीकृत संस्था बनाना और मार्टगेज भूसंपत्ति का पंजीकरण कराना कठिन होता है ।यह प्रक्रिया प्राय: लालफीताशाही की जटिलताओं में उलझकर रह जाती है।

रेरा अक्सर अधूरे निर्माण कार्यों को बिना लाभ के पूर्ण करने का दायित्व राज्यों के अर्ध-शासकीय निकायों, जैसे गृह निर्माण मंडल, को सौंपता है। ये निकाय प्राय: रेरा के आदेशों का पालन नहीं करते, और शासन स्तर पर भी कोई प्रभावी हस्तक्षेप नहीं होता।

रेरा अक्सर आवंटियों के पक्ष में निर्णय देता है, लेकिन बिल्डर से राशि वसूलने में गृह खरीदारों को प्रशासनिक सहायता नहीं मिलती। क्रेता जिलाधिकारी कार्यालय में रिकवरी रेवेन्यू सर्टिफिकेट दाखिल कर वसूली शुरू कर सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया बेहद धीमी और अप्रभावी है। जब सरकार स्वयं कर वसूली में असमर्थ है, तो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा ईश्वर के भरोसे ही रह जाती है। रेरा में पदस्थ पूर्व नौकरशाह भी क्रेताओं के हित में जिला प्रशासन पर अपने प्रशासनिक रसूख का उपयोग कर वसूली हेतु दबाव नहीं बनाते।

रेरा के प्रावधानों में एक महत्वपूर्ण विसंगति यह है कि अपीलीय अधिकरण द्वारा दिया गया निर्णय सिविल न्यायालय की डिक्री की तरह निष्पादनीय होता है, लेकिन रेरा में नियुक्त न्यायनिर्णायक अधिकारी को यह अधिकार प्राप्त नहीं है कि वह परिवाद की सुनवाई के बाद सिविल न्यायालय के समकक्ष निर्णय दे सके। यह विसंगति रेरा की प्रथम स्तर की कार्यवाही की प्रभावशीलता को सीमित करती है और आवंटितियों को त्वरित न्याय प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न करती है।

रेरा को बिल्डर, आबंटी या रियल एस्टेट एजेंट से आवश्यक जानकारी मांगने और जांच करने का अधिकार है। जांच के बाद, यह दीवानी आदेश जारी कर सकता है, लेकिन आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं कर सकता । धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस केस दर्ज करने के लिए आबंटियों को स्वतंत्र रूप से भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई करनी पड़ती है।

प्रधानमंत्री का रियल एस्टेट क्षेत्र में हस्तक्षेप सुधारों की दिशा में प्रेरणादायक और सकारात्मक कदम है। यह हस्तक्षेप रेरा के प्रभावी क्रियान्वयन, बिल्डरों की जवाबदेही सुनिश्चित करने, शिकायतों के त्वरित समाधान और गृह खरीदारों के लिए समयबद्ध मुआवजा प्रदान करने की दिशा में आशा जगाता है। फिर भी, प्रशासनिक देरी, जटिल मंजूरी प्रक्रियाओं, और आपराधिक कार्रवाई की सीमाओं जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए और अधिक समन्वित प्रयासों की जरूरत है। यह कदम एक महत्वपूर्ण शुरुआत है, लेकिनअभी लंबा सफर तय करना बाकी है। रेरा को सख्ती से लागू करने का केंद्र का निर्देश उपभोक्ता-हितैषी मंशा को दर्शाता है, लेकिन अब राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे स्थानीय विकास प्राधिकरणों की जवाबदेही सुनिश्चित करें और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करें।

यदि 'घर' को 'भरोसे' से जोड़ना है, तो कानून, प्रशासन और निजी क्षेत्र को मिलकर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी — यही विश्वास इस क्षेत्र की असली बुनियाद बनेगा। उपभोक्ताओं का विश्वास और बिल्डरों की ईमानदारी साथ मिलकर ही एक जवाबदेह और न्यायपूर्ण आवास व्यवस्था की नींव रखी जा सकती है। रेरा को बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम, जैसे दंडात्मक कार्रवाई, जुर्माना, बैंक खातों पर रोक, या पंजीयन रद्द करना, अंतिम उपाय के रूप में अपनाना चाहिए। इसके बजाय,पहले चरण में सुधारात्मक और नियामक उपायों पर ध्यान देना अधिक प्रभावी होगा। रेरा को बिल्डरों और क्रेताओं के बीच गांधीजी के अहिंसक, मध्यस्थता, और आपसी सुलह आधारित दृष्टिकोण अपनाकर रियल एस्टेट क्षेत्र में निष्पक्षता, पारदर्शिता, और विकास को बढ़ावा देना चाहिए। यह क्रेताओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास को प्रोत्साहित करेगा। सौहार्दपूर्ण समाधान और विश्वास बढ़ाने के लिए रेरा को चाहिए कि वह भू संपदा विशेषज्ञों के साथ समयबद्ध मध्यस्थता सत्र आयोजित करे, बिल्डरों को सुधार का अवसर दे, आपसी सहमति पर आधारित पंचायत-शैली के फैसलों से विवाद सुलझाए, और क्रेताओं व बिल्डरों के लिए रेरा नियमों हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए।

**( लेखक गांधी विचारों के अध्येता व समाज सेवी हैं )**

## आपके पत्र

### अब यही मेरी दुनिया है 'एक स्त्री की चुपचाप क्रांति'

स्त्री—वह शब्द जिसे कहते तो हम 'जननी', 'धैर्य की मूर्ति', 'संसार की आधारशिला' हैं, लेकिन जब वही स्त्री अपने अधिकार, सम्मान और भावनात्मक सहारे की बात करती है तो समाज उसे 'सहनशील' बने रहने की सलाह दे डालता है। एक बेटी जब विदा होती है, तो उसके साथ भावनाओं की एक पूरी दुनिया भी उसकी ससुराल चली जाती है। पर क्या यह विदाई केवल भौतिक होती है? या एक गहरी मानसिक क्रांति की शुरुआत?

हर स्त्री का मायका उसके जीवन की पहली पाठशाला होता है। वहीं उसने चलना, बोलना, हँसना, डरना और दुनिया को देखना सीखा। पर एक बार विवाह के बाद, वही मायका धीरे-धीरे 'अतीत' बन जाता है। अब वह 'बेटी' नहीं, 'बहू' होती है। उसे मायके जाना 'ज्यादा नहीं शोभा देता'। वहाँ के दु:ख में वह 'मेहमान' बन जाती है और अपने ही घर में 'अजनबी'।

वह जानती है कि अब वह कभी उस गोद में सिर नहीं रख सकती जिसे कभी माँ की ममता कहा जाता था। अब उसके आँसू पोछने के लिए भाई की बाँह नहीं है। अब वह किसी को नहीं कह सकती कि 'मैं थक गई हूँ', क्योंकि अब उसे ही सबको संभालना है।

वह हर रिश्ते को पूरी निष्ठा से निभाती है। चाहे सास का मान हो या पति की सेवा, बच्चों की परवरिश हो या घर की हर छोटी-बड़ी ज़िम्मेदारी—वह सब कुछ करती है। लेकिन इस प्रक्रिया में उसके अपने सपने, इच्छाएँ और भावनाएँ धीरे-धीरे बेमानी हो जाती हैं।

रिश्तों में दिलचस्पी की जगह अब ज़रूरतें रह जाती हैं। अब वह बहू है, माँ है, पत्नी है, लेकिन शायद 'बेटी' अब सिर्फ एक स्मृति बन चुकी है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह मुस्कुराती रहे, चाहे भीतर कितनी ही आँधियाँ क्यों न चल रही हों।

जब कोई कहता है, 'बेटी थक गई होगी,' तो एक मौन गूंजता है-न कोई आवाज़, न कोई शिकायत। क्योंकि उसे मालूम है कि उसकी थकान का कोई मोल नहीं। वह आँसू भी अपने आँचल से ही पोंछ लेती है और खुद को समझा लेती है, 'अब यही मेरी दुनिया है।'

यह चुप्पी हार नहीं है, यह एक हथियार है—संघर्ष का, संयम का, और शायद क्रांति का भी। यह वही चुप्पी है जो स्त्रियों को सहने की नहीं, समझने की शक्ति देती है। यह चुप्पी उन्हें टूटने नहीं देती, बल्कि उनके भीतर एक औरत से 'नायिका' बनने की प्रक्रिया को जन्म देती है।

स्त्रियाँ उस घर को 'अपना' मान लेती हैं, जहाँ उन्हें केवल भूमिका निभानी होती है। अपने मन की बात कहने की जगह नहीं होती, बस जिम्मेदारियों का पहाड़ होता है। ऐसे में अगर किसी दिन वह सिर्फ इतना कह दे कि 'मुझे भी थोड़ी देर बैठना है', तो घर में खलबली मच जाती है।

उसे हमेशा दूसरों के सुख में खुश होना सिखाया गया है। खुद के दु:खों को जीने की इजाज़त नहीं। वह घर की लक्ष्मी तो बनती है, पर मन की रानी शायद ही कभी।

हम कहते हैं कि औरतें आज आत्मनिर्भर हो गई हैं। वे ऑफिस जाती हैं, पैसा कमाती हैं, निर्णय लेती हैं। पर क्या मानसिक रूप से उन्हें वह स्पेस, वह सुरक्षा, वह 'अपनेपन' का वातावरण मिला है?

वह बिना मायके के भी जीना सीख गई है। यह वाक्य सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि एक पूरी यात्रा का सार है। वह जानती है कि अब किसी का कंधा नहीं मिलेगा। वह अपने आँचल को ही तकिया बना लेती है और अपनी पीठ खुद थपथपा लेती है।

स्त्री को एक बहू, पत्नी या माँ बनकर जीने के लिए कहा जाता है, लेकिन कोई नहीं पूछता कि वह एक 'व्यक्ति' के रूप में क्या चाहती है? उसकी भावनाएँ, इच्छाएँ, सपने- क्या वो सबकुछ शादी के साथ खत्म हो जाने चाहिए?

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृत्तांत: बूढ़ा पीपल और बूढ़ा पुल

*'बक्सर में भी तीन स्थान दर्शनीय हैं। एक तो यहां का पांच सौ साल पुराना किला है जो गंगा किनारे है। किला लगभग नष्ट हो चुका है या कर दिया गया है। अब किले की जगह सरकारी अधिकारियों के लिए भव्य विश्रामगृह बन गया है। कहीं-कहीं किले के खंडहर बचे हैं। इसके चारों ओर कई फीट चौड़ी, कई फीट गहरी खाई थी, वह भी शनै:शनै: पाट दी गई है। कुछ प्राचीन वृक्ष अवश्य बच गए हैं। पीपल का एक वृक्ष देखकर मैं चमत्कृत रह गया। इतना मोटा तना और इतनी ऊंची फुनगी। पेड़ शायद दो सौ साल पुराना होगा! किले के बाहर ही सीताराम उपाध्याय संग्रहालय है जिसे राज्य सरकार संचालित करती है। श्री उपाध्याय ने अपनी निजी रुचि से आसपास से पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का संग्रह व संरक्षण बिना सरकारी मदद के प्रारंभ किया था। उन्हें दूसरे तो क्या, स्वजन भी खब्ती समझते थे। आज उनका वह संग्रह एक बेशकीमती खजाने के रूप में हमारे सामने है, जिसमें ढाई-तीन हजार वर्ष पूर्व की मूर्तियां व अन्य सामग्रियां हैं। किले से मैं दुखी मन बाहर निकला था, म्यूजियम देखकर दुख दूर हुआ।'*

*'बक्सर में तीसरा दर्शनीय स्थान हैं- कतकौली का मैदान। यहां अक्टूबर 1764 में ब्रिटिश सेनाओं ने अवध व बंगाल के नवाब की सेना को निर्णायक रूप से परास्त कर समूचे पूर्वी भारत पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया था। अंग्रेजों ने यहां हिंदी, बांग्ला, अंग्रेजी व उर्दू में अपनी जीत की घोषणा के प्रस्तर-फलक लगाने के साथ एक विजय स्तंभ भी खड़ा किया था। विजय स्तंभ कालांतर में क्षतिग्रस्त हुआ होगा, लेकिन न जाने कब किसने वहीं एक नया विजय स्तंभ खड़ा कर दिया गया जिस पर मोज़ेक टाइल्स जड़े गए थे! वे टाइल्स एक-एक उखड़ रहे हैं, लेकिन अंग्रेजों की जीत का स्तंभ नये सिरे से खड़े करने की बुद्धिमानी हमने क्यों दिखाई? लोकप्रिय कम्युनिस्ट नेता नागेंद्रनाथ झा ने सांसद निधि से स्मारक की चारदीवारी बनवा दी थी कि अतिक्रमण न हो। वह एक समझदारी का काम था। लेकिन आसपास अवैध कब्जे बदस्तूर हो रहे हैं। एक दिन हम भूल जाएंगे कि इस जगह पर भारत का एक बड़ा भूभाग दो सौ साल के लिए गुलाम बना लिया गया था। मेरे गाइड युवा पत्रकार पंकज भारद्वाज ने रास्ते में मुझे वह नहर भी दिखाई, जिसमें कभी स्टीमर चला करते थे, लेकिन जिसे पाट कर अब मकान बन रहे हैं।'*

**( देशबन्धु में 05 अक्टूबर को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/10/blog-post.html

## गुरवाणी विचार

### बंदी छोड़ दातार गुरु हरगोविंद जी

मीरी पीरी के मालिक बंदी छोड़ दातार का जन्म 14 जून 1595 ई. में हुआ था। आपकी आपकी माता का नाम गंगाजी और गुरु अर्जुनदेव जी के सुपुत्र थे। गुरु घर के अनन्य सेवक बाबा बुड्ढा जी के आशीर्वाद से दल भंजन गुरु सूरमाजी रा प्रकाश हुआ था। आप 1606 को अर्जुन देव जी के ज्योति जोत समाने के बाद गुरु के आज्ञानुसार गुरुनानक की गद्दी रे थछवें वारिस बने। आपने दो तलवारें रखे एक मीरी सांसारिक क्षेत्र के साथ संबंधित है। और दूसरी पीरी जो आघ्यात्मिक क्षेत्र के साथ। जहां मीरी सामाजिक भूख की तृप्ति करती है वहीं पीरी आध्यात्मिक भूख की अर्थात कीरत करनी नेक कमाई करनी मीरी है और नाम जपना पीरी है।

अपने पिता अर्जुन देव के आदेशानुसार आपने सिख मत के फौजीकरण का ऐलान किया। गुरुदेव ने अपनी साध संगत को संत सिपाही बनाने के लिए शस्त्रधारी होने का आदेश दिया। गुरुदेव ने इसके लिए समस्त साध संगत को अमृतसर में बुलाया और वे अपने साथ अच्छे हथियार और घोड़े नजराने के साथ ले आएं। आरने कुठ अच्छी नस्ल के घोड़े खरीदने के लिए कुछ सिखों को भेजा। शस्त्र विद्या सीखने का प्रबंध भी किया। जिससे बहुत जल्दी ही आपके पास एक बहादुर फौज तैयार हो गई। सिख मत में अहिंसा परमोधर्म: आदर्श संस्कार नहीं है। किन्तु जुल्म जबरदस्ती के विरुद्ध आवाज उठाना और संघर्ष करना धर्म है। फौजीकरण का अगला पड़ाव था अकालतख्त की स्थापना करना। 1606 ई.में ही आपने हरमिंदर साहिब अमृतसर के सामने ही अकाल तख्त का निर्माण करवाया। जिसमें बाबा बुड्ढा जी और भाई गुरदासजी ने स्वयं अपने हाथों से तख्त का निर्माण किया जो दुनिया में पहला अकाल तख्त था। इस तरह इस दरबार में लोगों के झगड़े अन्य समस्याएं सुलझने लगे। हुक्मनामे जारी किये गए जिसके कारण कुछ विघ्न संतोषियों को यह पसंद नहीं आया और वे बादशाह जहांगीर के कान भरने लगे कि काफी फौज इकट्ठी कर ली है कहीं आपकी गद्दी न छीन लें अपने पिता की शहादत का बदला लेने के लिए। इस पर बादशाह जहांगीर ने गुरु को दिल्ली बुला भेजा। आप फतवा जारी कर दिया 12 साल की सजा सुना कर ग्वालियर के किले मे कैद कर लिया गया जहां पहले से 52 राजाओं को कैद कर रखा गया था। दो साल बाद बादशाह को अपनी भूल का अहसास हुआ उन्होंने 1611 में उन्हें रिहा करने का हुक्म दिया। परन्तु गुरुदेव ने अपने साथ उन 52 राजाओं को को रिहा करने को कहा। इस पर जहांगीर ने शर्त रखी कि जो आपका पल्ला पकड़ कर बाहर निकल सकें उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। इस पर आपने 52 कलियों वाला चोला बनवाया (कुरता) बनवाया और प्रत्येक राजा को एक-एक कली पकड़ा कर बाहर निकाल लिया। इस तरह आप बंदी छोड़ दातार कहलाए।

उनकी याद में आज भी ग्वालियर के किले गुरुद्वारा सुशोभित है। बाद में बादशाह जहांगीर से आपकी अच्छी दोस्ती हो गई। आपने अपने जीवनकाल में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए चार धर्मयुद्ध भी किए। आपने गोविंदपुरी और करतारपुर में मस्जिदों का भी निर्माण कराया। गुरुदेव अपना जीवन शांति के साथ व्यतीत करना चाहते थे वे शिकालिक पहाड़ियों में कीरतपुर में विराजे और आपने जीवन केआखिरी दस साल संगत और पंगत का प्रवाह चलाते रहे। देग तेग फते करते रहे। आपके प्रकाशोत्सव पर शत शत नमन।

**-इंदर सिंह आहुजा**

उल्टा पुल्टा

मिंटू (चिंटू से)- कौन कहता है औरतें कभी अपनी गलती नहीं मानती हैं?
चिंटू- क्यों, क्या हुआ?
मिंटू- मेरी बीवी तो रोज यही कहती है कि गलती हो गई तुमसे शादी की.

# सड़क दुर्घटना में पीड़ित को मिलेगा डेढ़ लाख तक की नगदी, कैशलेश उपचार की सुविधा

### शासन ने जारी किया सड़क दुर्घटना प्रकरणों का नगदी उपचार स्कीम 2025 के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश

### दुर्घटना के समय से लेकर सात दिवस तक चिन्हांकित अस्पतालों में मिलेगी इलाज की सुविधा

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय द्वारा भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 05 मई 2025 से प्रवृत्त एवं सड़क दुर्घटना प्रकरणों का नगदी उपचार स्कीम 2025 की प्रभावशीलता के आलोक में मोटर यान के प्रयोग से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित 1,50,000 रुपये तक की रकम की नगदी रहित उपचार की पात्रता प्रावधान की गई है।

सड़क दुर्घटना में घायल की आर्थिक सहायता संबंधी शासन की इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा आम जनमानस के सहयोग से लगातार किया जा रहा है.

इस संबंध में विदित हो कि केंद्र सरकार मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 165 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी1आअआ रहित उपचार स्कीम 2025 को 5 मई 2025 से आमजन हेतु प्रवृत्त की गई है इस संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत के अनुसार मोटर वाहन के प्रयोग से हुई सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समुचित और समय पर उपचार प्रदान करने और उन अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए स्कीम के क्रियान्वयन की मार्गदर्शन करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए ऐसी मार्गदर्शी सिद्धांत जब पीड़ित उपचार प्रदान किया जाता है बनाई गई है.



## पात्रता और कवरेज

■ कोई भी व्यक्ति जो किसी भी सड़क पर मोटर यान के प्रयोग से हुई सड़क दुर्घटना का पीड़ित (जिसे इसके बाद पीड़ित कहा जाएगा) है इस स्कीम के उपबंधों के अनुसार नगदी रहित उपचार का हकदार है

■ पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित 150000/- रुपए तक की रकम के नगदी रहित उपचार का हकदार है। 03.इस स्कीम के अधीन नाम निर्दिष्ट अस्पताल के अतिरिक्त किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल स्थिरीकरण प्रयोजनों के लिए किया जाएगा और यह मार्गदर्शी सिद्धांतों द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है, परंतु राज्य सरकार पीड़ितों को ट्रामा और पाली ट्रामा देखभाल प्रदान करने में सक्षम सभी अस्पतालों को स्कीम के क्रियान्वयन के लिए नाम निर्दिष्ट अस्पतालों के रूप में शामिल करने के सभी आवश्यक उपाय कर सकती है।

## नोडल अभिकरण

■ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद उसे राज्य संघ राज्य क्षेत्र के लिए स्कीम के कार्यान्वयन के लिए नोडल अभिकरण बनाई गई है परंतु राज्य सरकार केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से किसी अन्य निकाय को नोडल अभिकरण के रूप में विनिर्दिष्ट कर सकता है।

■ नोडल अभिकरण मार्गदर्शी सिद्धांतों के द्वारा यथाविनिर्देशित स्कीम के पूर्ण या उसके किसी भाग के कार्यालय के लिए कार्य ऑनलाइन अभिकरणों को निर्देशित कर सकता है।

## नोडल अभिकरण के कृत्य

नाम निर्दिष्ट अस्पतालों को शामिल करने पीड़ितों के उपचार के लिए नाम निर्दिष्ट अस्पताल को भुगतान और संबंधित मामलों के लिए पोर्टल को अंगीकृत करने और उसका उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभिकरण के साथ समन्वय में किया जाता है।

■स्कीम या इसके फायदे में धोखेबाजी या दुरुपयोग का पता लगाने और इसे रोकने के लिए अपेक्षित उपायों को कार्यान्वित करने के राज्य स्वास्थ्य अभिकरण के साथ समन्वय कर सकते है।

■ स्कीम के कारण से उद्भूत शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र विकसित करेगा जो कार्यान्वयित और बनाए रखेगा।

## पीड़ित को चिकित्सा उपचार

नाम निर्देश अस्पताल में पीड़ित को ले जाए जाने पर तुरंत चिकित्सा उपचार शुरू की जाएगी और उसे प्रशासित किया जाएगा। यदि नाम निर्दिष्ट अस्पताल यह समझता है कि पीड़ित के समुचित उपचार के लिए आवश्यक उपचार सुविधा या विशेषज्ञता उसके पास उपलब्ध नहीं है तो ऐसा नाम निर्दिष्ट अस्पताल पीड़ित को तुरंत किसी अन्य नाम निर्दिष्ट अस्पताल में रिफर करेगा और पोर्टल पर स्थानांतरण को उपदर्शित करेगा तथा पीड़ित को एंबुलेंस के माध्यम से ऐसे नाम निर्देश अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगा।

## अस्पतालों को भुगतान

■स्कीम के अधीन पीड़ित को छुट्टी मिलने के बाद यथा स्थिति नाम निर्दिष्ट अस्पताल या स्थरीकरण उपचार प्रदान करने वाला ऐसा अन्य अस्पताल पोर्टल पर उपचार पैकेज की लागत के भुगतान के लिए राज्य स्वास्थ्य अभिकरण द्वारा ऐसी यथा विनिर्दिष्ट रीति और ऐसे दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करेंगे।

■सड़क दुर्घटना प्रकरणों का नगदी उपचार स्कीम 2025 का लाभ प्रत्येक सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को अवश्य मिले इस हेतु इस योजना के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही यातायात बिलासपुर के द्वारा नियमित रूप से लोगों से अपील किया जा रहा है कि सड़कों पर चलते हुए सदैव यातायात नियमों का पालन करें ताकि यातायात नियमों की उपेक्षा एवं लापरवाही उर्वाक वाहन चालन के परिणाम स्वरूप होने वाले सड़क दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि एवं वाहनों की क्षति की स्थिति ही निर्मित न हो सके।

## संपादकीय

### ऑटो में भी बरतें सावधानी

*छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बड़े शहर जेबकतरों एवं उठाईगीरों के चलते निहायत असुरक्षित हो चुके हैं। राजधानी सहित बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा जैसे कई शहरों में बड़े पैमाने पर लोग ऑटो का इस्तेमाल करते हैं। शहर के एक स्थान से दूसरी जगह जाने के लिये आटो रिक्शा परिवहन का एक सस्ता और तेज माध्यम है। बड़ी संख्या और लगभग सारा समय इनकी उपलब्धता से जनसामान्य को ये बहुत सुविधापूर्ण लगते हैं। उनमें बड़ी जादाद में शेयर रिक्शा चलते हैं।*

*तकरीबन हर शहर में अनेक स्थान ऐसे मिलेंगे जहां रिक्शा वाले कुछ लोगों को एक साथ बैठाकर फेरे लगाते हैं। इससे जहां यात्रियों का काफी कम किराया देकर काम चल जाता है तो रिक्शा वालों के लिये भी यह इस लिहाज़ से सहूलियत भरा होता है कि उन्हें निर्धारित रूट पर चलते हुए भी पर्याप्त कमाई हो जाती है। हर किसी के लिये पूरा रिक्शा तय करके जाना सम्भव नहीं होता क्योंकि उसका किराया बहुत अधिक होता है जो हर कोई वहन नहीं कर सकता।*

*जिस भी शहर में चले जाएं तो अलग-अलग दिशाओं में कुछ स्थानों से रिक्शे चलते हैं। ऐसे ही रिक्शों में एक अन्य तरह का खतरा भी होता है। जेब काटने वाले तथा पर्स, झोला, सामान आदि उठाने वाले उनमें बैठ जाते हैं। मौका पाते ही वे सामान लेकर गायब हो जाते हैं। अधिकतर निर्धारित स्थानों पर उनके सहयोगी खड़े रहते हैं जो चोरी का माल ले जाते हैं। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह सहयात्री चोर हो सकता है। कई बार वे मौका पाते ही स्वयं सामान या पैसे गायब कर किसी स्थान पर उतरकर नज़रों से ओझल हो जाते हैं।*

*जो लोग शेयर ऑटो रिक्शों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें बहुत सतर्क रहना चाहिये। कई बार ये समूह में होते हैं लेकिन ऐसा महसूस होने नहीं देते। वे अक्सर निशाना बने व्यक्ति को बातों में उलझा देते हैं या उन्हें भ्रमित कर उनकी वस्तुएं अथवा पैसे गायब कर देते हैं।*

*बिलासपुर में शुक्रवार को एक महिला ऐसी ही उठाईगिरी की शिकार हो गयी। तिफरा से निकलते वक्त उसकी बहन ने उसे पर्स में डालकर 5 हजार रुपये उनकी सबसे छोटी बहन के लिये दिये जो उसने झोले में रख दिये। पहले उसने नेहरू चौक का रिक्शा लिया जिसमें पहले से कुछ महिलाएं बैठी थीं। वहां से उसने मंगला चौक के लिये दूसरा रिक्शा पकड़ा। उतरने पर उसने पाया कि झोले में रखे पर्स की चैन खुली है और रुपये गायब हैं। उसे ख्याल आया कि वे महिलाएं उससे बात कर रही थीं। शक है कि उन्होंने ही रुपये उड़ाए होंगे।*

*सावधानी के साथ ज़रूरी है कि पहले से बैठे या बाद में बैठने वाले अनजान लोगों से नज़दीकियां न बढ़ाएं। कई बार रिक्शों के पीछे रखे सामान भी निकाल लिये जाते हैं।*

## सार-संक्षेप

### विश्व में कबीर पंथ अप्रतिम है-धर्मलाल कौशिक



**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। विश्व में कबीर पंथ अप्रतिम है। कबीर ने पूरे विश्व को दिशा दी । ये विचार पूर्व स्पीकर छत्तीसगढ़ विधानसभा और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के हैं। जो वे कबीर गुरुद्वारा झोपडापारा बिलासपुर में आयोजित कबीर प्राकट्योत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। श्री कौशिक ने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसी वाराणसी से सांसद हैं , जहां कबीर साहेब का आविर्भाव हुआ था। वहां उन्होंने बुनकर दीवार बनवाया। यही नहीं कबीर निर्वाण स्थल मगहर में भी करोड़ों की लागत से लायब्रेरी और अन्य प्रकल्प निर्मित कराये जा रहे हैं। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सव्नी , रेलवे के चीफ मटेरियल मैनेजर नवीन सिंह, मानिकपुरी पनिका समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. देवधर महंत, पूर्व सचिव डा. फूलदास महंत, डॉ. अनिल त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय, राधेश्याम सिंह परिहार, समाजसेवी मुन्नादास , पी डी मानिक और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर चौंका आरती का भव्य आयोजन हुआ। अपोलो अस्पताल से गांधी चौक तक विशाल रेली निकाली गयी। गायिका ज्योति महंत ,जया महंत वादक छबिदास महंत तथा पुष्कर महंत द्वारा मधुर कबीर भजन प्रस्तुत किए गए। लगभग दो हजार कबीर पंथानुयायियों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया। उल्लेखनीय है झोपडापारा रेलवे परिक्षेत्र स्थित कबीर गुरुद्वारा की स्थापना 71 वर्ष पूर्व संत बाबूदास जी ने की थी। कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष उत्तम दास मानिकपुरी ने आभार व्यक्त किया।

### रायल राजपूत महिला संगठन द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थीगण का सम्मान




**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। रॉयल राजपूत महिला संगठन द्वारा महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा के समापन समारोह के अंतर्गत मंगलवार को महाराणा प्रताप भवन में उत्कृष्ट विद्यार्थीगण को सम्मानित किया गया इसमें 10 वी और 12वी में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान सर्टिफिकेट ,शील्ड एवं उपहार देकर किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि साहित्यकार राष्ट्रकवि डॉ.बृजेश सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एस के सिंह, विजय बघेल, नैन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रंजना सिंह और प्रतिज्ञा सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ.बृजेश सिंह ने सम्मानित विद्यार्थीगण को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ.बृजेश सिंह ने अपने उद्बोधन के साथ-साथ महाराणा प्रताप पर केन्द्रित राष्ट्रीय भाव धारा की कविताओं की प्रस्तुति देकर बच्चों में राष्ट्रीय चेतना जगाने का कार्य किया। रॉयल राजपूत महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति सिंह के साथ-साथ एस.के.सिंह, नैन सिंह, विजय बघेल द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन संबंधित रोचक वर्णन कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका निर्मला सिंह थीं। अपर्णा सिंह जिला अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रदेश महामंत्री स्वाति सिंह द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया । नन्दा सिंह,कमलेश सिंह,पूनम सिंह कीर्ति सिंह,अल्का सिंह शीला सिंह, किरण सिंह, हेमलता बघेल, तृष्णा सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए।यह जानकारी प्रीति सिंह प्रदेश अध्यक्ष रायल राजपूत महिला संगठन ने दी।

# अरुण साव पहुंचे उच्च न्यायालय,अधिवक्ता साथियों से मिल पुराने दिन किए याद

## नए कानून और समसामयिक विषयों पर हुई चर्चा-डिप्टी सीएम

### वरिष्ठ अधिवक्ताओं से की भेंट, पुरानी यादें हुई ताजा

### महाधिवक्ता कक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों का लिया हाल चाल

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह विधि और विधायी कार्य मंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर का औचक दौरा किया , उच्च न्यायालय में अपने वकालत के दिनों के पुराने अधिवक्ता साथियों से स्नेहिल मुलाकात की। श्री साव ने कहा कि, लंबे समय बाद अधिवक्ता साथियों से मिलना एक भावनात्मक क्षण रहा, जिसमें पुराने दिनों की यादें एक बार फिर ताजा हो गई।



इस अवसर पर महाधिवक्ता कार्यालय कक्ष में एडिशनल एडवोकेट जनरल सहित उच्च न्यायालय के अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ विधिक विषयों और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े विविध पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान सबका हाल चाल लिया, पुराने दिनों को याद कर मस्ती में दिखे उप मुख्यमंत्री.

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, बिलासपुर उच्च न्यायालय में उप महाधिवक्ता के दायित्व का निर्वहन किया और इसके बाद राजनीति के माध्यम से आम जन का प्रत्यक्ष तौर पर सेवा करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि, बहुत दिनों बाद उच्च न्यायालय परिसर का भ्रमण किया और वरिष्ठ अधिवक्ता साथियों से भेंट की। इस दौरान केंद्र सरकार के नए कानून एवं जनहित में उसके संवेदनशील क्रियान्वयन को लेकर उपयोगी सुझावों का आदान-प्रदान भी हुआ।

## खानपान सुविधा का विस्तार

# जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर फूड ट्रैक फूड प्लाजा का हुआ शुभारंभ

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। यात्रियों को बेहतर खानपान सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर सेवाओं का विस्तार एवं उन्नयन करता आ रहा है। इसी क्रम में फूड प्लाजा जैसी आधुनिक सुविधा की शुरुआत यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।




बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर उपलब्ध कराई गई इस फूड ट्रैक फूड प्लाजा का विधिवत शुभारंभ आज 11 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक(कोचिंग) कौशिक मित्रा, सहायक वाणिज्य प्रबंधक(कोचिंग) अनुपम दत्ता, आईआरसीटीसी के अधिकारी, पर्यवेक्षक, अन्य अधिकारी एवं रेल यात्रीगण भी उपस्थित थे ।

फूड ट्रैक फूड प्लाजा के शुभारंभ के साथ ही यात्रियों को अब और अधिक विविध एवं गुणवत्तापूर्ण खानपान का विकल्प प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर उपलब्ध हो गई है । यह सुविधा यात्रियों को स्वच्छता के साथ गुणवत्तायुक्त खानपान सेवाएं सुनिश्चित करेगी।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों पर पहले से ही यात्रियों के लिए फास्ट फूड, केटरिंग स्टॉल, टी स्टॉल तथा प्लेटफार्म नं 01 पर ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन जैसी अनेक खानपान सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब फूड ट्रैक जैसे आधुनिक फूड प्लाजा के जुड़ने से स्टेशन की खानपान सेवाओं में और भी वृद्धि होगी। साथ ही फूड प्लाजा के माध्यम से यात्रियों को ई-केटरिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल बसों में सुरक्षा मापदंडों का पालन कराने बस संचालकों का किया शिविर आयोजित

### जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों के बस प्रभारी, चालको एवं परिचालकों सहित बसों को की गई पुलिस लाइन में एकत्रित

### बसों के मैकेनिकल मुलाइजा एवं बस के चालक-परिचालकों का किया गया स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूल बसों में टैक्स, फिटनेस, बीमा, परमिट, स्पीड गवर्नर प्रमाण पत्र, जीपीएस, वायु प्रदूषण प्रमाण पत्र, तथा अन्य आवश्यक संबंधित प्रमाण पत्रों सहित विविध दस्तावेजों को पूर्ण कराए जाने निर्देश दिया गया है ।साथ ही यातायात नियमों का पालन करते हुए एवं सभी सुरक्षा मापदंडों का ध्यान रखते हुए वाहन चालन हेतु सभी वह चालक परिचालकों को शख्त हिदायत दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा आम जनमानस को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने और सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सड़क सुरक्षा अंतर्गत स्कूल बसों की मैकेनिक एवं वाहन प्रपत्र की जांच शिविर तथा वाहन चालकों एवं परिचालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु यातायात पुलिस बिलासपुर, जिला पुलिस विभाग के वाहन शाखा प्रभारी एवं स्टाफ, जिला परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त रूप से शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में स्कूल बसों में टैक्स, फिटनेस, बीमा, परमिट, स्पीड गवर्नर प्रमाण पत्र, जीपीएस, वायु प्रदूषण प्रमाण पत्र, तथा अन्य आवश्यक संबंधित प्रमाण पत्रों सहित विविध दस्तावेजों को पूर्ण कराए जाने हेतु समस्त प्रपत्रों का जांच किया गया। वाहनों की जांच पूर्व से बनाई गई आवश्यक पर पत्रों की चेक लिस्ट के आधार पर की गई। उक्त चेक लिस्ट के आधार पर स्कूल बसों हेतु आवश्यक सभी सुरक्षा मापदंडों की पूर्ति करना सुनिश्चित किए जाने समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के तहत सभी स्कूल के प्रबंधकों एवं प्राचार्य को निर्देशित किया गया।

चेक लिस्ट के अनुसार अति आवश्यक प्रपत्रों की परिपूर्ति नहीं किए जाने वाले स्कूल बस के संचालकों, चालक एवं परिचालकों को समय पर उक्त प्रपत्रों की पूर्ण नहीं कराए जाने या स्कूल बस में नियमानुसार सभी सुरक्षा मापदंडों की पालन नहीं किए जाने की स्थिति में स्कूल के अधीनस्थ संचालित स्कूल बसों का परमिट निरस्त करने हेतु उन्हें हिदायत दिया गया है।



इस संबंध में समस्त प्राचार्य एवं स्कूल के प्रबंधकों को बसों एवं वाहन चालको एवं परिचालको व वाहन प्रभारी सहित पुलिस परेड ग्राउंड बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आज दिनांक 11.06.2025 को प्रात: 7-00 बजे शत प्रतिशत स्कूल बसों को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त निर्देश के पालन में 200 से अधिक बसों का आज मैकेनिकल मुलाइजा, प्रपत्रो की जांच एवं चालक परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण सभी विभागों के संयुक्त टीम द्वारा किया किया गया है।

इस दौरान समस्त वाहन चालकों-परिचालकों को स्कूल बसों को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ समस्त सुरक्षा मापदंडों का ध्यान में रखते हुए वाहन चालन करने हेतु निर्देशित किया गया एवं समय-समय पर वाहनों का सदैव मैकेनिक मुलाइजा करते हुए वाहनों में किसी भी प्रकार की खराबी को शीघ्र सुधार कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि कहीं पर भी बस ब्रेकडाउन ना हो एवं खराबी के कारण सड़क पर कोई अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, परिवहन विभाग से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी असीम माथुर, स्वास्थ्य विभाग से नेत्र सहायक अधिकारी डॉ सामंतक टंडन, डॉ भागीरथी बंजारे, डॉ अभिषेक कौशिक, यातायात पुलिस से

निरीक्षक सईद अख्तर, प्र आर नरेश मरावी, विनोद आर. पारस कश्यप, संदीप त्रिपाठी प्रदीप साहू, हरवंश पटेल सहित सभी स्कूल के चालक, परिचायक एवं बस प्रभारीगण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### आयोजन स्थल में तैयारी देखी उद्योग मंत्री ने



**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने शहर के रिसदी में नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से तैयारी की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने स्थल पर मुख्य मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, एडीएम मनोज बंजारे, एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### काम के दौरान लापरवाही, प्लंबर की मौत

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। बुधवारी क्षेत्र निवासी शुभम साहू 19 वर्ष की काम के दौरान मौत हो गई। असुरक्षित रूप से बिजली के तार मौके पर फैले मिले। उसके भाई सूरज साहू ने इस मामले में होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को लिखित सूचना देकर सूरज ने बताया कि डीडीएम रोड स्थित एक होटल में काम करने के लिए शुभम को 10 जून की सुबह बुलाया गया था। उपरी मंजिल पर वह काम कर रहा था। कुछ घंटे बाद कोतवाली थाना से उसके पास फोन आया कि शुभम की मौत हो गई है। सूरज के मुताबिक जब वह अपने सहयोगियों के साथ घटना स्थल पहुंचा तो उसे डेथ बॉडी नहीं दिखाई गई। सूरज का आरोप है कि असुरक्षित रूप से मौके पर काम कराया गया। उसे सुरक्षा उपकरण भी नहीं दिए गए। इस स्थिति में यह घटना हुई है। सूरज ने कोतवाली थाना प्रभारी को पत्र देकर कहा है कि होटल संचालक के विरूद्ध इस मामले में कार्रवाई की जाए। पत्र की प्रतिलिपि अन्य अधिकारियों को भी दी गई है।

### मड़वाढोढ़ा में बाड़ी विवाद को लेकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। अवध नगर क्षेत्र में बाड़ी से संबंधित विवाद और आगजनी को लकर रामसिंह की हत्या करने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इस सिलसिले में आरोपी संजय पटेल को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि मढ़वाढोढ़ा अवध नगर क्षेत्र में यह घटना गत दिवस हुई। कुछ समय पहले बाड़ी को लेकर संजय पटेल व रामसिंह के बीच विवाद हुआ था। इसे लेकर रंजिश बनी रही। हाल में ही किसी वजह से मृतक रामसिंह के द्वारा संजय पटेल की बाड़ी में बनी हुई झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। इसे लेकर रामसिंह पर लाठी-डंडे चलाए गए। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और रात से सुबह तक मौके पर पड़ा रहा। अगली सुबह उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सक ने उसके मृत होने की पुष्टि की। प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य स्तर से मिली सूचनाओं पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। मारपीट की घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे व अन्य सामान को जब्त किया गया है, जिसके बाद रामसिंह की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को मंगलवार मामला सामने आने के बाद हिरासत में ले लिया गया था। अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति के साथ उसे गिरफ्तार किया गया। उसे कोर्ट में प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है।

### जगन्नाथ मंदिर में देव प्रतिमाओं को कराया विशेष स्नान



**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। हाऊसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा गोकुलनगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का स्नान पंडितों द्वारा कराया गया। आषाढ़ कृष्ण प्रथमा को विधान के साथ यह कार्य संपन्न हुआ। रथयात्रा की प्रारंभिक तैयारियों में इसकी पूर्ति की गई। इसी के साथ आयोजन तक के लिए भगवान स्वास्थ्य लाभ करेंगे। रथयात्रा से ठीक पहले वे निरोग होंगे और फिर रथ में भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देंगे।

### अध्यक्ष व पार्षद ने किया डामरीकरण का भूमिपूजन



**कोरबा**-पाली, 11 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत पाली अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 में सड़क का जीर्णोद्धार करने डामरीकरण टायरिंग का कार्य प्रारंभ किया गया, रहवासियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्य का विधिवत भूमि पूजन नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। उक्त सड़क में डामरीकरण टायरिंग करने से लगभग दर्जन भर से अधिक परिवार सहित, स्कूल आदि स्थानों में पहुंचने लोगों को सुविधा होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल,उपाध्यक्ष लखन लाल प्रजापति,पार्षद वार्ड क्रमांक 8 श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा, पूर्व एल्डरमैन नंदू नवलानी, गोविंद भावनानी, निलेश भावनानी, दीपक शर्मा, संजय जायसवाल, हीरा लाल यादव, सीएमओ पूर्णेंदु तिवारी, रिंकी जायसवाल, रामनाथ यादव, दीपक डिक्सेना सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### 628वीं जयंती मनाई कबीर दास की, निकली शोभायात्रा

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। सामाजिक क्रांति को लेकर विशेष भूमिका निभाने वाले संत कबीर दास को उनकी 628वीं जयंती पर कोरबा नगर और जिले में आज याद किया गया। कबीर पंथ का अनुसरण करने वाले वर्ग के द्वारा विभिन्न स्थान पर कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर कबीर दास के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एक शोभायात्रा शारदा विहार से निकाली गई जिसमें समाज के काफी लोग शामिल हुए।

गेवरा बस्ती कुसमुंडा, कबीर आश्रम पुरानी बस्ती कोरबा, पौड़ीबाहर और शारदा विहार क्षेत्र में कबीर पंत को मानने वाले लोगों ने धूमधाम से जयंती मनाई। कार्यक्रम स्थल पर परंपरागत रूप से श्वेत ध्वज फहराया गया। इसके साथ चौका आरती की गई। कबीर सत्संग में लोगों ने हिस्सा लिया। कबीर साहेब की साखी और उनके प्रेरक वचनों के माध्यम से लोगों का मार्गदर्शन किया गया। मुख्य रूप से उन बातों पर जोर दिया गया जिन्होंने कबीर दास को व्यापक क्षेत्र में अलग पहचान दी। वे व्यर्थ के आडंबर, पाखंड और सामाजिक, धार्मिक कुरीतियों के विरुद्ध थे। जयंती दिवस को उनके विचारों और उसके पीछे की प्रासंगिकता को भी याद किया गया।

# 223 करोड़ की सौगात जिले को, मुख्यमंत्री आज करेंगे 16 कार्यों का लोकार्पण

### कन्वेंशन सेंटर में अनावरण करेंगे महारानी अहिल्या बाई की प्रतिमा का

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। सुशासन अभियान के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 जून को कोरबा में होंगे। वे यहां 223 करोड़ 88 लाख 41 हजार के कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 16 कार्यों का लोकार्पण होना है जो 24.10 करोड़ के हैं जबकि 199.77 लाख के कार्यों का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी जानी है। मुख्यमंत्री नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।



बताया गया कि कोरबा प्रवास के अंतर्गत मुख्यमंत्री सबसे पहले सरस्वती विद्यालय बुधवारी पहुंचेंगे जहां उनके द्वारा विद्यालय के नवीन परिसर का लोकार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उनकी 300वीं जन्मशती के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कोरबा में उनकी यादों को चिरस्थाई बनाने के लिए प्रतिमा लगाई गई है। मुख्यमंत्री के साथ इस प्रवास में उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री अरुण साव के आने की खबर है जबकि जिले के जनप्रतिनिधि भी समारोह में उपस्थित रहेंगे। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा जिन कार्यों का लोकार्पण किया जाना है उनमें पीएचई के 11, स्वास्थ्य विभाग के 3, नगर पालिक निगम कोरबा के एनसीडीसी विद्यालय में नवीन कार्य के अलावा क्रेड़ा और ट्राइबल के कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के माध्यम से डीएमएफ व अन्य विभाग से होने वाले कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास मुख्यमंत्री करेंगे। इनमें दर्री जोन में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा का बस डिपो टर्मिनल का बड़ा काम शामिल हैं, जिस पर 5 करोड़ 78 लाख रुपए खर्च होना है जबकि अन्य 9 कार्यों पर 15 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च होना है। बताया गया कि डीएमएफ से 28 कार्यों को कराया जाना है। अलग-अलग विभाग इनका निर्माण करेंगे। 186 करोड़ 7 लाख 27 हजार रुपए इन पर खर्च होना है। इन कार्यों में एनीकट, स्टाप डेम, इंस्पेक्शन बंगला का सुधार सहित स्वास्थ्य केंद्रों में सोलर हाईमास्ट संयंत्र बनाने को शामिल किया गया है।

## पंडोपारा स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था, छात्रों को होगा लाभ



**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। जिले के पंडोपारा स्कूल में शिक्षकों की कमी का रोना काफी समय से बना हुआ था। इसे दूर कर दिया गया है। शिक्षकों की व्यवस्था यहां पर हो गई है। ऐसे में विद्यार्थी व्यस्त रहेंगे और अनावश्यक शिकायतें भी कम होंगी। युक्तियुक्तकरण और अतिशेष शिक्षको के समायोजन से पंडोपारा के स्कूल से जुड़ी समस्या दूर हो गई है। पाली ब्लॉक के अंतर्गत अंतिम छोर ग्राम उड़ान से आगे पण्डो जनजाति के बसाहट पंडोपारा में एक प्राथमिक शाला है। पंडोपारा के ग्रामीण मंगल सिंह पंडो ने बताया कि गाँव में स्कूल संचालित होने पर सभी खुश थे। कई साल तक यहाँ एक शिक्षक ही पढ़ाते रहे हैं, जिससे अन्य कक्षा के विद्यार्थी खाली बैठने को मजबूर रहते थे। कई बार किसी आवश्यक काम से उक्त शिक्षक के अवकाश में रहने से भी व्यवस्था बिगड़ जाती थी। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को पास के ही स्कूल में भेज सकते हैं, इसलिए यहाँ का स्कूल हमारे लिए महत्वपूर्ण था मगर शिक्षक की कमी से यहाँ की अध्यापन व्यवस्था हमेशा बिगड़ती रही है। मंगल सिंह ने बताया कि उन्हें मालूम हुआ है कि अब गाँव के इस स्कूल में नए शिक्षक भी आ रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है। दो शिक्षक होने से क्लास में सभी बच्चों की पढ़ाई होगी। कोई खाली नहीं बैठेगा। इसी विद्यालय में कक्षा चौथी के छात्र जगदेश्वर पंडो, तीसरी कक्षा के राजेन्द्र और दूसरी के मुकेश पंडो को भी खुशी है कि उनके स्कूल में इस सत्र से नए गुरुजी पढ़ाने को आएंगे।

## लालपुर में अवैध पत्थर खनन, ट्रैक्टर किया जप्त

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के अंतर्गत लालपुर परिसर के जंगल में वन विभाग की जमीन पर पत्थर का अवैध उत्खनन कुछ लोगों के द्वारा किया जा रहा था। वन विभाग को इसकी सूचना मिलने पर अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर एक ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

मिली जानकारी अनुसार लालपुर निवासी गुलाब सिंह पिता बुधराम सिंह, तीरथ प्रसाद का ट्रैक्टर चलता है। बताया जाता है कि वह वाहन मालिक के कहने पर उसके घर में बेस करने हेतु केंदई वन परिक्षेत्र से लालपुर परिसर के मोटियारीआमा नामक स्थान से पत्थर उत्खनन कर ट्रैक्टर की ट्रॉली में भर रहा था। इसी दौरान वन विभाग की टीम पहुंची और वाहन चालक से पत्थर से उत्खनन संबंधी दस्तावेज को प्रस्तुत करने कहा जिसे वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिस पर वन विभाग की टीम ने वन अपराध प्रकरण दर्ज कर पत्थर से भरे ट्रैक्टर को ट्रॉली समेत जब्त कर सुरक्षित वन आवासीय परिसर मोरगा में रखा गया। ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। यह कार्रवाई वन कर्मी प्रहलाद सिदार, पंकज खैरवार, अशोक श्रीवास, रामप्रताप कुशवाहा, गंगाराम नेताम, प्रीतम पुराइन एवं सुनील डिक्सेना की मुख्य भूमिका रही। इसी तरह केंदई रेंज के जंगल के कक्ष क्रमांक पी-336 में उमेश कुमार गुर्जर नामक व्यक्ति द्वारा जलाऊ लकड़ी ट्रैक्टर में भरकर परिवहन करने की तैयारी किया जा रहा था जिसे मौके पर दबिश देकर ट्रैक्टर व लकड़ी को जब्त किया गया है।

## रक्तदान शिविर लगेगा दो स्थान पर

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर 12 जून को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक 100 बेड मेडिकल कॉलेज कोरबा रेडक्रॉस ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 14 जून को एसईसीएल हास्पिटल कोरबा में भी रक्तदान शिविर का आयोजन है। दोनों शिविर में रक्तदान कर पुण्य के भागी बनें। स्वैच्छिक रूप से आप सभी रक्तदान कर सकते हैं। प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। 100 बेड सरकारी ब्लड बैंक और भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने का फायदा यह है कि जब भी आपको या आपके किसी अपने को ब्लड की जरुरत पड़ेगी तो आपको रक्त जांच में लगने वाला शुल्क जो प्राइवेट ब्लड बैंक में 1450 या 1550 लेते है वो सरकारी योजना आयुष्मान के द्वारा 100 बेड के ब्लड बैंक में पूरा नि:शुल्क रूप से मिलेगा।

## कोठीखर्रा में जानसाय की हत्या, मोहनराम को किया गिरफ्तार

### नशे में गाली देने से नाराज होकर की वारदात



**कोरबा**-कोरबी-चोटिया, 11 जून (देशबन्धु)। मौसी के घर मेहमानी में आये जानसाय को गांव के ही एक अन्य निवासी ने मार डाला। शराब के नशे में गाली-गलौज करना मौत का कारण बन गया। पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल कराया है। कोरबी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कोठीखर्रा में बोटू उर्फ जानसाय पिता घुरऊ 30 वर्ष, घुमनीडांड, बांगो निवासी अपनी मौसी फुलसुन्दरी के घर 6 जून से आया था। वह 8 जून की रात 8 बजे भोजन करने के बाद टहलने के नाम से मौसी के घर से निकला था कि घर नहीं लौटा। उसकी तलाश दूसरे दिन की गई तो सुबह लगभग 9 बजे मौसी के घर से करीब 400 मीटर दूर निवासी मोहन राम धनवार के घर में आंगन में खाट पर मृत हालत में पड़ा मिला। शरीर में सिर, पैर अन्य स्थानों पर चोट के निशान मिले। जानसाय के शरीर पर लाठी-डंडे से मारपीट के गंभीर चोटों के निशान थे।

प्रकरण में थाना चौकी कोरबी में अपराध क्रमांक 108/2025, धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। कोरबी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार जोगी तथा थाना पसान व चौकी कोरबी के अन्य स्टाफ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं सघन पूछताछ के आधार पर संदेही मोहन राम धनवार 45 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि मृतक जानसाय धनवार पूर्व में उसके घर खपरा लगाने का कार्य कर चुका था। घटना दिवस की रात मृतक ने शराब के नशे में उससे गाली-गलौज की। इससे नाराज होकर उसने लाठी व नुकीली छड़ से हमला कर हत्या कर दी। आरोपी से घटना में प्रयुक्त लाठी एवं कपड़े जप्त किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## शांतिकुंज में आध्यात्मिक गतिविधियां, शामिल हुए सदस्य

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार सप्त क्रांति पर सतत अभियान चला रहा है। आध्यात्मिक सामाजिक से लेकर अन्य क्षेत्रों को इसमें शामिल किया गया है। शांतिकुंज हरिद्वार मुख्यालय में इन दोनों ग्रीष्मकालीन विशेष सत्र आयोजित है जिसमें कोरबा जिले के परिव्राजक भी शामिल हुए हैं।



स्वाधीनता संग्राम सेनानी आचार्य श्रीराम शर्मा के द्वारा गायत्री परिवार नामक संगठन की स्थापना की गई जो अब विशाल रूप ले चुका है। भारत सहित अनेक देशों में इसका विस्तार हुआ है। आध्यात्मिक और सामाजिक क्रांति को लेकर गायत्री परिवार का विचार क्रांति अभियान शुरुआत से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहा। उसके विचारों के साथ काफी संख्या में लोगों का जुड़ाव हुआ। उन्होंने सनातन संस्कृति और इसके मूल्यों को गंभीरता से समझा और इनका प्रसार किया। कोरबा जिले में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक टीआर यादव नहीं बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार में ग्रीष्मकालीन साधना कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से परीव्रजकों की भागीदारी हुई है। भविष्य की कार्य योजना को लेकर भी अनेक सत्र रखे गए हैं इनके माध्यम से सदस्यों का मार्गदर्शन किया जा रहा है कि उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में क्या कुछ करना है।

## अपराध छोड़ें वरना तैयार रहें जेल जाने : यादव



**कोरबा**-पाली, 11 जून (देशबन्धु)। आपराधिक तत्व अपराध छोड़कर कानून का पालन करें वरना जेल जाने के लिए तैयार रहें। क्षेत्र में अराजकता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पाली थाना के नवनियुक्त प्रभारी जितेंद्र यादव ने क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने बैठक में लगभग सभी पत्रकार उपस्थित रहे। इस मौके पर क्षेत्र सहित नगर में शांति व्यवस्था कायम करने पर जोर दिया,साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ कोई दुर्व्यवहार होता है तो इसकी सूचना तत्काल उन्हें दें। क्षेत्र में अपराध को रोकने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। अपराध रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निरंतर गश्त सहित चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हांकित कर विशेष निगरानी रखने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमल वैष्णव, दीपक शर्मा, गणेश दास महंत, कमल महंत, सुरेंद्र ठाकुर, सूरज कश्यप, बादल दुबे, विक्की अग्रवाल, रितेश जायसवाल, संतराम पटेल, तारकेश्वर पटवा, शंकर दिवान, विशाल मोटवानी, सोना ताम्रकार, हिमांशु डिक्सेना, मनोज डिक्सेना, ओम जायसवाल, शशि मोहन कोसला आदि उपस्थित थे।

## वेतन के साथ चाहिए चार्ज अलाउंस की राशि

### दीपका प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा इन्मोसा ने

**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। कोल माइंस माइनिंग डिप्लोमा एसोसिएशन के सामने कई प्रकार की समस्याएं हैं। उसने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि खनन पर्यवेक्षक का चार्ज अलाउंस 30 मिनट से बढ़ाकर एक घंटे किया जाए। साथ ही हर महीने वेतन के साथ अलाउंस की राशि का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए।

एसईसीएल दीपका क्षेत्र के सीजीएम को इस विषय के बारे में इन्मोसा ने आज ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि माइनिंग सुपरवायजर जो कि खदान में कार्यरत है, और खदान अधिक दूरी तक फैले है और चार्ज लेनदेन में 1 घंटा से अधिक समय लग रहा है। समय के साथ उत्पादन लक्ष्य लगातार बढ़ता रहा है वहीं प्रदूषण के स्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका बुरा असर खनन पर्यवेक्षक के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। संगठन ने कहा कि इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए खनन पर्यवेक्षक का चार्ज अलाउंस का समय बढ़ाकर एक घंटे किया जाए। इससे व्यवहारिक समस्याएं कम होंगीं।

प्रबंधन को एक पत्र के हवाले से बताया गया कि दीपका एरिया में कार्यरत सभी खनन पर्यवेक्षक को माह अप्रैल -2025 के वेतन में 1 घंटा चार्ज अलाउं भुगतान किया किया था। किन्तु माह मई - 2025 के भुगतान में के वेतन में चार्ज अलाउंस की कटौती कर दी गई। इन्मोसा ने इस पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि जब कंपनी अन्य मामलों में उपाधि धारकों को बेहतर सुविधाएं दे सकती है तो डिप्लोमा इंजीनियर्स के मामले में नकारात्मक रवैया क्यों?

## बालिका सशक्तिकरण पर एनटीपीसी में हुआ संवाद



**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा में संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के अंतर्गत रोल मॉडल इनिशिएटिव के तहत एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती जनकी कथले, नायब तहसीलदार, कोरबा ने अभियान में शामिल बालिकाओं से संवाद किया और अपने जीवन के अनुभवों को साझा कर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

जनकी कथले ने अपने साधारण पृष्ठभूमि से प्रशासनिक सेवा तक के सफर की कहानी साझा की, जिसमें उन्होंने कठिनाइयों, संघर्षों और आत्मविश्वास से भरे अनुभवों को बड़े सहज और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि एक नायब तहसीलदार के रूप में उनके कार्य क्या-क्या होते हैं और किस तरह वे समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़कर जमीनी स्तर पर कार्य करती हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि प्रशासनिक सेवाएं न केवल एक करियर विकल्प हैं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम भी हैं।

## विद्याचरण को पुण्यतिथि पर याद किया




**कोरबा,** 11 जून (देशबन्धु)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री, शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल की 12वीं पुण्यथिति पर कोरबा में याद किया गया। एक कार्यक्रम में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि वे अच्छे व्यक्तित्व के स्वामी थे। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि विद्या भैय्या मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत थे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थु लाल यादव ने कहा कि विद्या भैया का प्रदेश और देश के विकास में अहम योगदान रहा। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि विद्या भैया के अवसान से जो कमी आई है उसकी पूर्ति होना मुश्किल है। मौजूदा दौर में हमें संकल्प लेना होगा कि विद्या भैया के अधूरे सपने को पूरा करें। इस अवसर पर पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, सांसद प्रतिनिधि सुरेश सहगल, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, प्रदेश कांग्रेस सचिव बी एन सिंह, दिलीप कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर विद्या भैया के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गई और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नारायण कुर्रे, सुकसागर निर्मलकर, अविनाश बंजारे, रामगोपाल यादव, गीता गभेल, गंगाराम भाराद्वाज, एफ डी मानिकपुरी, महेन्द्र थवाईत, राधेश्याम चौहान, किरण चौरसिया, प्रशांत सिंह आदि उपस्थित थे।

सार-संक्षेप



# नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव की अनोखी पहल अस्तित्व खो चुके कुओं के फिरेंगे दिन

**पेयजल और निस्तार की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका जारी रहेगा का अभियान-प्रतिमा यादव**

**मनेन्द्रगढ़,** 11 जून (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़ शहर में पेयजल और निस्तार की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव के द्वारा चलाई जा रही अनोखी पहल अब रंग लाने लगी है। नपाध्यक्ष के निर्देश पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पुराने और मृतप्राय हो चुके कुंओ की साफ-सफाई कर उन्हें उपयोगी बनाने का विशेष अभियान शुरू किया गया है। अब तक नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्र. 02, 05, 11, 16, 15 के साथ विभिन्न वार्डों में लगभग 15 सार्वजनिक कुआं की साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत के बाद इन्हें पेयजल एवं निस्तार के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है. जो कि निरंतर चलता रहेगा । नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव ने चर्चा के दौरान बताया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में लोगों को पेयजल और निस्तार के लिए जल की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन कुओं की साफ-सफाई कराया जा रहा है। ताकि लोग इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने बताया कि कई कुओं का पानी बहुत अच्छा है पहले लोग इसका पानी पीने के लिए उपयोग करते थे। मगर नियमित साफ-सफाई न होने तथा कुओं में कुड़ा-करकट, पालीथीन, पेड़ो के पत्ते लगातार गिरने की वजह से ये कुंए मृतप्राय हो गए थे। उन्होंने बताया कि कुओं में पड़ी गंदगी पानी में घुलकर भू-जल स्त्रोत में मिलती है। इससे जल स्त्रोत का पानी दूषित हो जाता है। और जब ऐसे जल स्त्रोत के पानी को लोग उपयोग पीने के लिए करते है तो कई गंभीर संक्रामक बीमारियां जैसे पीलियां, हैजा होने का खतरा बन जाता है । इससे बचाव के लिए जरूरी है कि जल स्त्रोतों को साफ-सुथरा रखा जाए और उन्हें गंदगी से बचाया जाए। इस अभियान में सभी वार्ड के पार्षदों ,स्थानीय निवासियों के साथ नगरपालिका के अधिकारियों कर्मचारियों का पूरा समर्थन मिल रहा है।

# लैलूँगा व तमनार में युक्तियुक्तकरण नीति का कांग्रेसियों ने किया विरोध

## लैलूंगा विद्यायक विद्यावती के नेतृत्व में हुआ आंदोलन

**रायगढ़,**11 जून (देशबन्धु)। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण नीति को समाप्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने बीईओ कार्यालय तमनार का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व विधायक हृदय राम राठिया, लैलूंगा क्षेत्र की वर्तमान विधायक श्रीमती विद्यावती कुंजबिहारी सिदार सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने बीईओ को एक ज्ञापन सौंपकर युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की।

पूर्व विधायक हृदय राम राठिया ने इस दौरान कहा कि वर्तमान सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति से शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक सभी परेशान हैं। इससे न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो रही है, बल्कि विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए थे, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियां शिक्षा के क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रही हैं। लैलूंगा विधायक विद्यावती कुंजबिहारी सिदार ने कहा कि युक्तियुक्तकरण की आड़ में शिक्षकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर अनावश्यक रूप से स्थानांतरित किया जा रहा है, जिससे कई स्कूलों में शिक्षकों की संख्या शून्य हो गई है। इससे खासकर आदिवासी और पिछड़े इलाकों में बच्चों की शिक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रोका नहीं, तो कांग्रेस जन आंदोलन को और तेज करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित लोगों ने नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने कहा कि यह नीति शिक्षकों और विद्यार्थियों के हित में नहीं है। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, अभिभावक, महिला संगठन, कांग्रेस कार्यकर्ता और शिक्षक शामिल हुए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मांग की गई है कि युक्तियुक्तकरण की वर्तमान प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए, स्थानांतरित किए गए शिक्षकों को यथास्थान पुनः पदस्थ किया जाए और स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की भर्ती सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा लेकिन प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में चर्चा गर्म है और अब सभी की निगाहें सरकार की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। कांग्रेस ने साफ किया है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को ब्लाक और जिला स्तर से राजधानी स्तर ले के जायेगे।

# ऑटो चालक संघ 30 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे सांसद निवास

## सांसद राधेश्याम राठिया ने दिया आश्‍वासन,ऑटो चालक माने और वापस लौटे

**रायगढ़** 11 जून (देशबन्धु)। अमृत भारत योजना रायगढ़ में रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। ऐसे में यहां ऑटो चालकों को रेलवे क्षेत्र से कुछ दूर पर पार्किंग देने से जिला ऑटो चालक संघ नाराज है। जिसे लेकर आज ऑटो चालक संघ 30 किमी पैदल चलकर सांसद निवास घेराव करने निकले, लेकिन रास्ते में सांसद ने उनसे मुलाकात की और उनकी समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वसन दिया है।

ऑटो चालकों की मांग थी कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास उन्हें पार्किंग दिया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। जबकि पूर्व में कार पार्किंग के स्थान पर उन्हें पार्किंग देने का आश्वसन दिया गया था। ऐसे में स्टेशन के करीब पार्किंग नहीं मिलने से उनकी समस्या बढ़ गई है। साथ ही यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिसे देखते हुए



मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे जिला ऑटो चालक संघ के करीब 250 चालक 30 किमी की पदयात्रा करते हुए सांसद निवास छर्राटांगर घेराव करने पैदल निकले। वे उर्दना रोड होते हुए लाखा तक पहुंचे, तो सासंद राधेश्याम राठिया को इसकी जानकारी लगी। ऐसे में उन्हें मोबाइल के माध्यम से वहीं रूकने के लिए कहा गया, लेकिन ऑटो चालक मानने को तैयार नहीं थी। ऑटो चालक चलते रहे और गेरवानी होते हुए सराईपाली तक पहुंच गए। तब भी उन्हें सांसद द्वारा वहीं रूकने कहा गया, लेकिन वे चलते हुए देलारी तक पहुंचे। ऐसे में सांसद राधेश्याम राठिया खुद उनसे मिलने के लिए पहुंच गए।

जहां ऑटो चालक संघ ने उन्हें आवेदन दिया और अपनी मांग रखी। तब सांसद राधेश्याम राठिया ने रेल मंत्री, डीआरएम, जीएम समेत रेलवे के अन्य अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें रेलवे स्टेशन के पास ही पार्किंग की सुविधा देने का आश्वसन दिया। जिसके बाद ऑटो चालक माने और वापस लौट गए।

ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे लोग करीब 24 किमी की पदयात्रा पूरी कर चुके थे। इस दौरान उनके आगे व पीछे पुलिस के जवान भी थे। बरपाली होते हुए ऑटो चालक छर्राटांगर पहुंचते, लेकिन 6 किमी पहले सांसद उनसे मिलने पहुंच गए।

जिला ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष संजय बाजपेयी ने बताया कि करीब 15 सौ ऑटो चालक रजिस्टार्ड हैं। उन्होंने बताया कि जो ऑटो चालक रेलवे स्टेशन से सवारी लेते थे, अभी पार्किंग व्यवस्थित नहीं होने से इधर-उधर ऑटो लगाकर सवारी ले रहे हैं। इससे चालक व यात्रियों दोनों को परेशानी हो रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद ने आश्वसन दिया है कि उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। अगर रेलवे स्टेशन के पास ऑटो पार्किंग नहीं दिया जाता है तो आने वाले समय में फिर से आंदोलन किया जाएगा।

# महिला कांग्रेस ने बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल की सफाई कर जताया विरोध

## लगाए संविधान निर्माता अमर रहें के नारे

## जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी हुए शामिल



**रायगढ़** 11 जून (देशबन्धु)। बीती रात रायगढ़ स्थित अम्बेडकर चैक में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा दूषित किए जाने की निंदनीय घटना के विरोध में आज महिला कांग्रेस द्वारा शुद्धिकरण एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के निर्देशानुसार एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी चैहान के नेतृत्व में महिला कांग्रेस नेताओं द्वारा अम्बेडकर चैक पहुंचकर प्रतिमा की धुलाई, साफ-सफाई प्रतिमा स्थल शुद्धिकरण का कार्य किया गया।

महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस जन के द्वारा प्रतिमा स्थल प्रांगण में झाड़ू लगाई गई,साथ ही पूरे प्रांगण एवं बाबा साहब की मूर्ति को पानी से धोया गया और शुद्धिकरण करते हुए बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए,बाबा साहब अमर रहे, उपद्रियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो,जय संविधान की गगनचुंबी नारे लगाए गए।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल अपने साथियों के साथ शामिल रहे और श्रम दान किया,महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस नेता अनिल अग्रवाल,रितेश वैद्य,राकेश पांडे,सत्यप्रकाश शर्मा, मुरारी भट्ट,दीपक आचार्य समेत पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया और जोरदार नारे लगाए बाबा साहेब अमर रहें संविधान निर्माता अमर रहें। महिला कांग्रेस की टीम ने एकजुट होकर सामाजिक सौहार्द और संविधान की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया तथा ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की। उक्त कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष के अरुणा चैहान,युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष शुभम सिंह,अनिरुद्ध गिरी,नितेश ठेठवार ,सुनीता खूंटे,कुसुम बघेल, लक्ष्मी जोलहे अनीता मिर्धा, पुष्पा,अमित मिश्रा ,जय श्री कोल्हे,प्रीति तिवारी,अंबिका यादव,कला वैष्णव,मधु वैष्णव,शीतल,अगहन बाई,लक्ष्मी नारंग, गणेशी यादव, पनिशा गार्डिया,गीता पॉल, राखी,हेमा,रामेश्वरी उसुनीता मल्होत्रा, काजल आनंद,ममता चैहान, फूलकुमारी भट्ट, ने उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

# रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर यातायात पुलिस ने लगाए रिफ्लेक्टर लाइट

## दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में हादसों पर अंकुश लगाने की पहल

**रायगढ़** 11 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन और ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम की दिशा में प्रभावी पहल की गई है। रायगढ़-घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान कर उन स्थानों के आसपास के पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लाइट लगाए जा रहे हैं।

इस कार्यवाही का उद्देश्य रात्रिकालीन दृश्यता बढ़ाना है ताकि वाहन चालकों को दूर से ही खतरनाक मोड़ों, संकरे रास्तों या पेड़ों की उपस्थिति का संकेत मिल सके। रिफ्लेक्टर लाइट लगने से वाहन चालकों को मार्ग स्पष्ट दिखाई देगा, जिससे अनियंत्रित गति और टकराव जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। भविष्य में अन्य प्रमुख मार्गों पर भी इसी तरह के



सुरक्षा उपाय किए जाएंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके बहरहाल यह कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# अज्ञात ट्रेलर कि चपेट में बाईक सवार कि मौत



## दूसरे का इलाज जारी, ट्रेलर मौके से फरार

रायगढ़ 11 जून (देशबन्धु)। सड़क हादसे में मंगलवार की दोपहर एक और निर्दोष बाईक सवार ट्रेलर कि भेंट चढ़ गया। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त घटना खरसिया थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी अनुसार जामजोर पिलारी नहर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है जिसमे अज्ञात ट्रेलर ने बाईक सवार को बुरी तरह से टक्कर मार कर ऐसे रौंदा कि बाईक सवार के जिस्म के चीथडा उड़ गया है। घटना में बाईक सीजी 13 एजेड 2524 से बुद्धेश्वर सिदार पिता वीर सिंह सिदार उम्र 35 साल साकिन सूती थाना खरसिया अपने दोस्त रुपेश सिदार पिता धनेश्वर सिदार उम्र 25 वर्ष साकिन सूती थाना खरसिया के साथ अपनी बहन को गदगॉव छोड़ने गया था वापसी के दौरान जामझोर के पास अज्ञात ट्रेलर ने बाईक सवार बुद्धेश्वर सिदार और रुपेश सिदार को जोरदार टक्कर मारी और बुद्धेश्वर सिदार को रौदते हुए दूर तक ले गया जिससे बुद्धेश्वर सिदार कि मौके पर मौत हो गई है वही रुपेश सिदार को 112 कि टीम ने खरसिया में पद्मावती हॉस्पिटल पहुँचा दिया है घायल रुपेश का इलाज जारी है। घटना के बाद पुलिस आगे कि कार्यवाही करते हुए घटना करीत ट्रेलर कि पतासाजी में जुट गई।

**झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई**

# बैकुंठपुर और सोनहत ब्लॉक में दो अवैध क्लीनिक सील, एक को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोरिया,**11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य नर्सिंग होम एक्ट 2013 के तहत अवैध रूप से चिकित्सा कर रहे झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला (अंबिकापुर, सरगुजा) के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में 9 व 10 जून 2025 को की गई।

आज बैकुंठपुर ब्लॉक के चरचा कॉलरी क्षेत्र में जिला स्तरीय जांच दल द्वारा दो क्लीनिकों की जांच की गई। उड़िया दफाई, राम मंदिर के पास श्री सुधीर कुमार मिश्रा द्वारा संचालित क्लीनिक में बिना किसी वैध डिग्री के चिकित्सकीय गतिविधियाँ संचालित की जा रही थीं। मौके पर नीडल, दवाइयाँ और इंजेक्शन आदि सामग्री पाई गई, परंतु किसी भी तरह का वैध पंजीयन या डिग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। इस आधार पर श्री मिश्रा का क्लीनिक तत्काल सील कर दिया गया।

इसी प्रकार टीना दफाई में 'डॉ. आर. खान' के नाम से संचालित घरेलू क्लीनिक की भी जांच की गई। मौके पर आईवी स्टैंड, बेड और चिकित्सा उपकरण पाए गए, परन्तु कोई मान्य डिग्री प्रस्तुत नहीं की गई। नर्सिंग होम एक्ट 2013 के प्रावधानों के तहत इस कक्ष को भी सील करने की कार्रवाई की गई।



इससे पूर्व, 9 जून को सोनहत ब्लॉक के तेलीमुड़ा ग्राम में महेन्द्र पटेल नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से इलाज किए जाने की जानकारी पर जांच की गई थी। मौके पर चिकित्सकीय उपकरण मिलने के बावजूद कोई पंजीयन प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने की अनुशंसा की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत एवं योग्य चिकित्सकों से ही उपचार कराएं। किसी भी अवैध रूप से चिकित्सा कर रहे व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित स्वास्थ्य केंद्र या सीएमएचओ कार्यालय को सूचित करें।

जांच दल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, औषधि निरीक्षक आलोक मिंज, प्रभारी डिप्टी एमआईईओ श्रीमती सरोजनी राय सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नोडल,सहायक नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण

## निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के क्रियान्वयन के लिए

**एमसीबी**, 11 जून (देशबन्धु)। लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर के संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी अजय मिश्रा के निर्देशानुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के सभी आरटीई नोडल प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के ऑडिटोरियम में आज पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक आयोजित किया गया। डीपीआई रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त विकासखण्ड के मास्टर प्रशिक्षक क्रमशः कलीराम श्रीवास ,शा. हाई स्कूल नई लेदरी वि.खं. मनेन्द्रगढ़) एम.एच.अंसारी शा.उ.मा.वि.डोमनहिल वि.खं. खड़गवां उमेश कुमार द्विवेदी शा.उ.मा.वि. कंजिया वि.खं. भरतपुर- द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा बिन्दुवार मौखिक एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से आर.टी.ई के तकनीकी कार्यवाही दिखाई गई। प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु जिसमें अशासकीय शालाओं से बसाहटों की मैपिंग, अशासकीय शालाओं की प्रोफाइल अपडेट, आर.टी.ई. सीटों का प्रकटीकरण, आरक्षित सीटों हेतु प्राप्त आवेदनों में संलग्न दस्तावेजों की जांच, लॉटरी पश्चात् प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क प्रतिपूर्ति राशि का दावा एवं सत्यापन, अशासकीय शाला स्तर पर किये जाने वाले कार्य, नोडल प्राचार्य द्वारा शुल्क प्रतिपूर्ति दावा का सत्यापन, ड्राप आउट सर्वे, नियमित मॉनिटरिंग एवं नोडल के ऑनलाइन कार्यों के विषयों पर आर.टी.ई. अधिनियम अंतर्गत विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तर पर नोडल प्राचार्यों के प्रशिक्षण उपरांत अशासकीय विद्यालयों के नियमित मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त मेटरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। नोडल प्राचार्यों के प्रशिक्षण उपरांत आगामी दिनों में नोडल प्राचार्यों द्वारा अपने विद्यालय अंतर्गत आने वाले अशासकीय विद्यालयों के संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण को जिले में आर.टी.ई. के जिला सहा. नोडल अधिकारी टी. विजय गोपाल राव द्वारा भी उद्बोधन दिया गया एवं संजीव कुमार प्राचार्य शा.बा.उ.मा.वि. मनेन्द्रगढ़ द्वारा संबोधन कर प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण में नोडल प्राचार्य भरत जायसवाल, सत्येन्द्र कुमार सिंह, सूर्यकान्त सिंह, रामचन्द्र नामदेव, मधुबाला कश्यप, श्रीमती रेखा पाण्डेय, मनीषा किण्डो, अनिल कुमार तिवारी, प्रमाद कुमार पाण्डेय, श्यामलाल राजवाड़े, राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभात रंजन विश्वास, सत्तर सिंह, जीएस पोर्ते, कौशिक भद्रा एवं कार्यालयीन शाखा प्रभारी शैलेश कुमार खाखा उपस्थित रहे।




# कोरिया वन कर्मचारी संगठन के माधव प्रसाद राजवाड़े बने अध्यक्ष

कोरिया,11 जून (देशबन्धु)। जिले में छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संगठन की जिला शाखा के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया 1 जून 2025 को नामांकन के साथ प्रारंभ हुई। अध्यक्ष पद के लिए माधव प्रसाद राजवाड़े एवं बलेश तिवारी ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

चुनाव 8 जून 2025 को आनंदपुर नर्सरी परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें मंडल और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े सभी वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुबह 9ः00 बजे से लेकर दोपहर 3ः00 बजे तक मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। कुल 147 मतों में से 139 मत पड़े, जिसमें माधव प्रसाद राजवाड़े को 97 मत प्राप्त हुए और उनके प्रतिद्वंद्वी विनेश तिवारी को 42 मत। इस प्रकार राजवाड़े जी ने 55 मतों से शानदार विजय प्राप्त की।

इस निर्वाचन प्रक्रिया में संभागीय अध्यक्ष बिलासपुर प्रीतम पुरोइन ने निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाई, वहीं जिला सचिव जांजगीर मुस्ताक खान सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही सूरज मिश्रा, संभागीय सचिव बिलासपुर के रूप में मौजूद रहे, जिनके कुशल संचालन से चुनाव सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। निर्वाचन के दौरान प्रांतीय कार्यकारिणी से भूपेंद्र यादव एवं आरती तिर्की भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



मतदान स्थल पर कोरिया जिले के विभिन्न रेंज, सर्कल और कार्यालयों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुजीत लहरे, विजयपाल, अरुण मिश्रा, शिशुपाल वर्मा, राम प्रताप, बालम पैकरा, रामसूरत रजक, निलेश राजवाड़े, राजू सिंह, वीरेंद्र सिंह, शशिलता, ओम किरण, धर्मपाल प्रजापति, धर्मपाल सुबरन, कुलदीप, राजू राजवाड़े, नरेश, दुष्यंत, राजू यादव, दया, विनय, आशीष, प्रकाश, अमन, राजेश, शंकर सिंह, रविंद्र प्रजापति, सूर्यभान, नवरत्न कुजूर, प्रेमलता, कृष्णकला, भास्कर, अजय आदि। अध्यक्ष पद पर विजयी होने के बाद माधव प्रसाद राजवाड़े ने सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया और पुष्प हार के साथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर संगठन के हित में कार्य करना होगा।

श्री राजवाड़े की जीत की बधाई देने प्रांतीय अध्यक्ष अजीत दुबे, प्रांतीय कार्यालय सचिव मनीष कश्यप और प्रांतीय महामंत्री तरुण रजक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति से कर्मचारियों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सभी ने मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

सभा में सुधारकर पूरी, प्रीति रानी, जय कुर्रे, महेंद्र, तेजवंत मरावी सहित अन्य कर्मचारियों ने भी भागीदारी की और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

## सार-संक्षेप



### ग्राम पंचायत बिनौधा का पंचायत भवन जर्जर 33 बरसों पुराने भवन में लगता है पंचायत

**डभरा**,11 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत डभरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनौधा के सरपंच ओम प्रकाश पटेल ने शक्ति जिला के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर अत्यंत जर्जर हो चुके पंचायत भवन एवं स्कूल भवन की मांग का लिखित आवेदन दिया है आपको बता दें कि पंचायत भवन बिनौधा का भवन को 1992 एवं 93 में निर्माण कराया गया था जो अब 33 साल हो चुका है आज तक नया पंचायत भवन की स्वीकृति नहीं दी गई है। इतने बरसों बाद भी सरकार द्वारा पंच परमेश्वर के बैठने के नया भवन नहीं बनाया जिस कारण अब ग्राम पंचायत बिनौधा के सरपंच सचिव पंच जान जोखिम में डाल कर जर्जर हो चुके 33 बरसो पहले निर्मित पंचायत भवन में बैठक करते है। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है और छत के प्लास्टर गिर रहे है जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है पंचायत मीटिंग के दौरान कई बार छत का स्लेब गिर चुका है । इसके बाद भी आज तक ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डभरा को भी दिया गया है देखना है शासन प्रशासन इस ओर कब ध्यान देती है । वही सरपंच द्वारा कई बार पंचायत भवन के जर्जर हालत के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुका है। इस बारे में ग्राम पंचायत बिनौधा के सरपंच ओमप्रकाश पटेल ने कहा कि पंचायत भवन बहुत ही जर्जर हो चुका है। बारिश के दिनों में भवन में पानी भर जाता है। बैठक के लिए जगह नहीं होती है। ग्राम पंचायत भवन के लिए कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर मांग किया हूँ।

### भारतीय स्टेट बैंक सारंगढ़ एवं चेंबर आफ कामर्स के द्वारा चिल्हर वितरण

**सारंगढ़**,11 जून (देशबन्धु)। चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा बाजार में चिल्हर की किल्लत को देखते हुवे भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर लाल बाबू गुप्ता से संपर्क किया जिस पर अब दस लाख रुपए के आवश्यक चिल्हर 5, 10 और 20 रुपए के सिक्के स्टेट बैंक सारंगढ़ के कर्मचारियों एवं चेंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों द्वारा बाजार में सभी छोटे बड़े दुकानदारों को चिल्हर का वितरण आगामी सोमवार एवं मंगलवार को अग्रसेन चौंक एवं दैनिक बाजार में किया जाएगा।

### आराधना फाउंडेशन द्वारा दिवंगत गरीब के परिजन को दिया आर्थिक सहायता

**सारंगढ़**,11 जून (देशबन्धु)। जिले के अंतर्गत आने वाले दहिदा ग्राम पंचायत के एक महिला सदस्य टॉपबाई का आकस्मिक निधन हो गया जिस पर आराधना फाउंडेशन ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ दुखद समय में उनके परिजन परमेश्वर बंजारे को 2100 रुपए की सहायता राशि प्रदान किया।



### मोबाइल दुकान में चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 11जून (देशबन्धु)। चांपा थाना क्षेत्र में स्थित रजा मोबाइल शॉप में बीते 9 जून की रात हुई बड़ी चोरी की वारदात का चांपा पुलिस व साइबर टीम ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी गए लाखों रुपए के मोबाइल, लैपटॉप, मॉनिटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किए गए हैं। चोरी की इस वारदात में शामिल आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर चिन्हित किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी रेलवे ट्रैक की दिशा से दुकान तक पहुंचे और घटना के बाद उसी ओर भागते देखे गए थे। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। घटना में शामिल चार आरोपियों में सुरेश यादव उर्फ रानी (22 वर्ष) निवासी भोजपुर चांपा,दिलबर यादव (24 वर्ष), निवासी भोजपुर चांपा, शिवम महंत (22 वर्ष) निवासी बरपाली चौक चांपा, मोहम्मद इमरान अंसारी (24 वर्ष) निवासी बरपाली चौक चांपा शामिल है। इस संबंध में प्रार्थी रियाज खान निवासी तहसील रोड, चांपा ने 10 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी दुकान रजा मोबाइल से लैपटॉप, मॉनिटर, मोबाइल एवं अन्य उपकरण चोरी हो गए हैं। पुलिस ने जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। इसके बाद आरोपियों की पहचान कर दबिश दी गई। पूछताछ में सुरेश उर्फ रानी यादव ने चोरी करना स्वीकार करते हुए अपने अन्य साथियों के नाम बताए। चोरों से लगभग 1.5 लाख रुपए मूल्य के चोरी गए मोबाइल, लैपटॉप, मॉनिटर और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता (थाना प्रभारी चांपा), निरीक्षक सागर पाठक (प्रभारी साइबर सेल), सउनि विवेक सिंह, प्रआर मनोज तिग्गा, आरक्षक गिरीश कश्यप, प्रदीप दुंबे, अर्जुन यादव, हजारी लाल मेरसा, श्रीकांत सिंह, शाहबाज अहमद, सउनि अरुण कुमार सिंह, मुकेश कुमार पांडेय, बाबूलाल दिवाकर, प्रकाश राठौर, माखन साहू, डिकेश्वर साहू, मुद्रिका दुबे, सुमंत कंवर, विरेश सिंह, गोपेश्वर सिंह सहित पूरी टीम का योगदान रहा।




# नौकरी दिलाने के नाम पर 12.40 लाख की ठगी,सीएएफ आरक्षक गिरफ्तार

### डभरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**जांजगीर**, 11जून (देशबन्धु)। सरकारी नौकरी का झांसा देकर बारह लाख चालीस हजार रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को डभरा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी की पहचान दुर्गेश चंद्रा के रूप में हुई है, जो कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) में आरक्षक पद पर पदस्थ था तथा निलंबन की स्थिति में था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने स्वयं को मंत्रालय में प्रभावशाली संपर्क वाला बताते हुए फरियादी को छात्रावास अधीक्षक, सहायक ग्रेड-2, तथा चपरासी जैसे पदों पर शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने फरियादी से लंबे समय तक झूठे दस्तावेजों और भरोसे के नाम पर कुल 12.40 रू लाख की ठगी की। पुलिस अधीक्षक सक्ती श्रीमती अंकिता शर्मा के निर्देशन में डभरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना डभरा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पु.) चंद्रपुर डभरा श्रीमती अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कमल किशोर महतो, उप निरीक्षक सी.एम. मालाकार तथा उनकी टीम की अहम भूमिका रही। डभरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है।



### अमर शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपून्जे को जांजगीर-चाम्पा पुलिस ने दी श्रद्धांजलि

जांजगीर, 11जून (देशबन्धु)। देश और राज्य की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुन्जे को आज कचहरी चौक, जांजगीर में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 09 जून को जिला सुकमा के थाना कोन्टा क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में श्री गिरपून्जे वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी इस वीरता और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही द्वीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ, जिले के भूतपूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार/मीडिया प्रतिनिधि, तथा पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री गिरपून्जे के शौर्य, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

# धारा 370 हटाना संकल्प की सिद्धि का प्रतीक-इंजी. रवि पाण्डेय



### संकल्प से सिद्धि कार्यशाला

**जांजगीर**, 11जून (देशबन्धु)। कोड़ाभाट भाजपा मंडल द्वारा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शिवशक्ति कॉलेज, खोरसी के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक देश में दो विधान और दो निशान हटाने, धारा 370 को हटाना संकल्प से सिद्धि है ।

इंजी. पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में लंबे समय से संकल्पित विषयों को सिद्धि तक पहुंचाया गया है। कश्मीर से धारा 370 हटाना, जो 1952 से भारतीय जनसंघ का संकल्प था, अब पूरा हो चुका है। इसी तरह अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प 500 वर्षों बाद पूर्ण हुआ। भारत ने त्न-20 की अध्यक्षता करके वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। अब 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य है, जो मोदी सरकार के नेतृत्व में संभव होगा।

मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला का संचालन संयोजक बसंत यादव ने किया और आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री उत्तम कुमार सोनी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से शिवशक्ति कॉलेज के डायरेक्टर प्रशांत दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण शर्मा, मंडल महामंत्री राजकुमार साहू, रामकृष्ण सोनी, मंत्री रजनी देवी साहू, दीपक कुमार साहू, पुष्पेन्द्र सिंह, सीताराम उजीर, पुष्पराज त्रिपाठी, नागेन्द्र साहू, पुरूषोत्तम साहू, खेदनाथ साहू, राजेन्द्र आदित्य (बूथ अध्यक्ष, खरौद), विजयलाल आदित्य (पूर्व पार्षद),विजय कुमार यादव,अश्वनी कुमार देवांगन, राखीराम, रंजन प्रसाद, संखनंदन देवांगन, हरीश गिरी गोस्वामी, प्रखर यादव, योगेश भेड़पाल, दुर्गेश देवांगन, मोहन पटेल, राकेश कहरा सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीवी सेंटर में भीषण आग से लाखों का नुकसान

### शॉर्ट सर्किट की आशंका



**जांजगीर**, 11जून (देशबन्धु)। जिले के चांपा नगर स्थित संजय नगर अंडरब्रिज के पास एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक दुकान कुमार टीवी सेंटर में मंगलवार रात भीषण आग लग गई। इस हादसे में दुकान में रखे टीवी, इनवर्टर, बुफर बॉक्स सहित लगभग 25 से 27 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गया।

दुकान संचालक के अनुसार, वे रोज की तरह रात को दुकान बंद कर घर लौट गए थे। बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने दुकान से धुआं उठता देखा और तत्काल इसकी सूचना दुकानदार और पुलिस को दी। दरवाजा खोलते ही अंदर धधकती आग दिखाई दी। घटना की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के लिए दो दमकल गाड़ियों की मदद ली गई, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि, सटीक कारणों की पुष्टि पुलिस और फायर विभाग की विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। गौरतलब है कि घटना के समय दुकान बंद थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन भारी आर्थिक नुकसान से दुकानदार सदमे में है। चांपा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# राज्य छात्रवृत्ति योजना के प्रत्येक लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य

जांजगीर, 11जून (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त पालकगण, विद्यार्थियों, शासकीय एवं अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आधार लिंक की अनिवार्यता के संबंध में शासन द्वारा योजनावार निर्देश जारी हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 से राज्य छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है। इसके तहत सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों को उनके आधार से लिंक कर आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि समस्त शिक्षण संस्थान यह सुनिश्चित करें कि छात्रवृत्ति के सभी पात्र विद्यार्थियों का आधार उनके बैंक खातों से लिंक हो। साथ ही विद्यार्थियों एवं पालकों से अपील है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर यह कार्य पूर्ण करें।

# साइबर अपराध वर्तमान युग में पुलिस की सबसे बड़ी चुनौती-आईजी

## बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने की जिले की समीक्षा

### सुदृढ़ पुलिसिंग के लिए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



**सारंगढ़**,11 जून (देशबन्धु)। डॉ. संजीव शुक्ला पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज द्वारा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसपी कार्यालय के सभाकक्ष में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी, साइबर प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में 28 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आईजी ने बेसिक पुलिसिंग, कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, नवीन विधिक प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। आईजी ने साइबर अपराध को वर्तमान युग में पुलिस की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए सभी थाना प्रभारियों को थाने स्तर पर अधिकारी कर्मचारियों को साइबर विवेचना में प्रशिक्षित करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे सिर्फ साइबर सेल ही नहीं, बल्कि सभी थाने अब तत्परता से कार्यवाही कर सकेंगे। इसके साथ ही आम जनता को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक करने का अभियान भी लगातार जारी रहेगा। मीटिंग के दौरान सभी अधिकारियों को संवेदनशील, जवाबदेह और सक्रिय पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया। समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिसिंग को और अधिक जनहितकारी एवं प्रभावी बनाना था ।

इस दौरान आईजी ने हाल ही में निरीक्षक से डीएसपी पद पर पदोन्नत हुए नोहर मंडावी पर सितारा व कैप लगाया।

### स्व.विद्या चरण शुक्ला को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**जांजगीर**, 11जून (देशबन्धु)। झीरम घाटी के नक्सली हमले में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विद्या चरण शुक्ला 11 जून 2013 को अस्पताल में जिंदगी की जंग हार कर शहीद हो गए थे। उनके पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में जिला कांग्रेस द्वारा मनाया गया, कार्यक्रम के पूर्व स्व. विद्या चरण शुक्ला के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूप दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप , जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने स्वर्गीय विद्या चरण शुक्ला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस महामंत्री शिशिर द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर सुकमा आईईडी ब्लास्ट में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे को भी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी देवेश सिंह,नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चिंता राम राठौर, सुनील साधवानी, गोविंद कश्यप, शत्रुघ्न दास महंत,जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा,सेवा दल जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे, ऋषिकेश उपाध्याय, आभास बोष,परमेश्वर निर्मले, संतोष बबई गढ़वाल, अनिल चौरसिया, सुखराम गरेवाल, गुलशन सोनी, पार्षद विष्णु यादव, अनिल राठौर, रफीक खान, पवन कश्यप, विजय प्रकाश तिवारी, शांति साहू, चंद्र कुमार ओग्रे, मुस्कान परवीन, वर्षा सिंह, चंपा प्रधान, विजय गढवाल, कमलेश ताम्रकार, अशोक सोनवानी, अतिक कुरैशी, जितेंद्र दिनकर , कृष्णा प्रजापति आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए

# तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला का पैर टूटा

**डभरा** 11 जून (देशबन्धु)। थाना चौक डभरा के पास की 11जून कि घटना है जहां तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मारी। महिला की पैर टूटा।हम आपको बता दें कि नगर डभरा के थाना चौक के पास की घटना है तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन सी जी 10 क्र698

बलौदा बाजार से आरकेएम प्लांट जा रहा था इसी बीच स्कूटी सवार महिला भीलनी पति सुनील खूंटे उम्र 33 वर्ष ग्राम बरतूंगा से किसी काम से डभरा आ रही थी जैसे ही थाना चौक के पास 12.30 बजे पहुंची ही थी तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। टक्कर से महिला की पैर टूट गई। जिसे आस पास के लोगों द्वारा तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल डभरा लाया गया। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल रायगढ़ रेफर किया गया। परिजन घायल महिला को इलाज के लिए रायगढ़ ले गए।



घटना बुधवार 11 जून दोपहर करीब 12.30 बजे की है। डभरा पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले कि जांच कर रही है। डभरा ब्लॉक में तीन पॉवर कंपनी स्थापित है इस कंपनी से हर रोज सैकड़ों ट्रक राखड़ निकल रही है। और बड़े भण्डार में स्थापित पॉवर कंपनी का वाहन दौड़ रही है जिसे बाहर डंप करने के लिए भीमकाय वाहन हर रोज सैकड़ों की संख्या में सड़क पर तेज रफ्तार से चल रही है। नगर पंचायत डभरा में कैप्सूल वाहन डंफर ट्रेलर वाहन सहित बड़े बड़े वाहन तेज रफ्तार में दौड़ रही है। वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाते समय मोबाइल से हमेशा बातचीत करते रहते है अधिकांश ड्राइवर नशे में वाहन चलाते हैं।इसके बाद भी पुलिस विभाग द्वारा इन वाहनों कि एवं ओवर लोड वाहनों कि चेकिंग नहीं की जाती है। जबकि इस सड़क मार्ग पर कई लोगों की जान चली गई है कई परिवार के घर उजड़ चुके है। फिर भी पुलिस विभाग व यातायात विभाग नियमित जांच नहीं करते है।

# डभरा क्षेत्र के धुरकोट परिक्षेत्रीय समिति और ग्राम समितियों का किया गया गठन

**डभरा**,11 जून (देशबन्धु)। डभरा क्षेत्र के ग्राम धुरकोट में 10 जून को धुरकोट परिक्षेत्रीय समिति और उसके अंतर्गत आने वाले ग्राम धुरकोट सरायपाली केकराभाट सरायपाली (चे), कँवली और बाड़ादरहा ग्रामों की ग्राम समिति के गठन हेतु अखिल भारतीय अघरिया समाज डभरा क्षेत्रीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस

बैठक का शुभारंभ इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्रीय सचिव विनोद पटेल ने अखिल भारतीय अघरिया समाज संगठन के इकाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें सर्वप्रथम ग्रास रूट ग्राम इकाई फिर कुछ ग्राम मिलकर परिक्षेत्र इकाई फिर कुछ परिक्षेत्र मिलकर क्षेत्र इकाई और कई क्षेत्र मिलकर केंद्रीय समिति का गठन किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिशंकर पटेल ने अपने उद्बोधन में सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने ने कहा कि संगठन की बैठक कम से कम हर तीन महीने में एक बार अवश्य होनी चाहिए। इसके बाद समितियों के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए बैठक में धुरकोट परिक्षेत्रीय समिति हेतु नाम आमंत्रित किए गए।



चूंकि सभी पदों के लिए केवल एक एक नाम ही सामने आए इसलिए धुरकोट परिक्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष पद पर लक्ष्मीनारायण पटेल ग्राम धुरकोट वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रभान पटेल ग्राम सरायपाली चेचंग कोषाध्यक्ष श्री टेकलाल पटेल ग्राम बाड़ादरहा सचिव श्री अनंदराम पटेल ग्राम केकराभाट और कार्यकारिणी सदस्यों में डोलनारायण पटेल ग्राम कंवली और दीपक पटेल ग्राम सरायपाली निर्विरोध चुने गए।

इसी प्रकार ग्राम समिति सरायपाली (धु) में अध्यक्ष देवचंद पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल पटेल कोषाध्यक्ष दिगम्बर पटेल और सचिव मनीराम पटेल चुने गए।ग्राम समिति कंवली में अध्यक्ष नरहरि पटेल कोषाध्यक्ष डिगम्बर पटेल और सचिव तीर्थकुमार पटेल चुने गए। ग्राम धुरकोट की ग्राम समिति में अध्यक्ष शेखर पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंशीधर पटेल कोषाध्यक्ष लीलांबर पटेल और सचिव हेतराम पटेल चुने गए । इस प्रकार उक्त समितियों के गठन के उपरांत बैठक में आभार प्रदर्शन अखिल भारतीय अघरिया समाज डभरा ईकाई के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल बबलू ने किया। बैठक में उक्त पदाधिकारियों के अलावा डभरा क्षेत्रीय समिति के पदाधिकारीगण अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल बबलू वरिष्ठ उपाध्यक्ष चतुर्भुज पटेल सचिव विनोद पटेल वरिष्ठ संरक्षक नरेश पटेल के अलावा उक्त सभी ग्रामों के सामाजिक बंधु की उपस्थिति रही।


# देश विदेश

## अंतरराष्ट्रीय बातचीत में टकराव की जगह संवाद हो जरिया : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र**, 11 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बातचीत के परिभाषित तरीके के रूप में टकराव की जगह संवाद एक जरिया होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन (यूएनएओसी) के उच्च प्रतिनिधि मिगुएल एंजेल मोराटिनोस ने संवाददाताओं के सवालों का जवाब दिया और कहा कि युद्ध और संघर्ष को समाप्त करने का समय आ गया है और इसके लिए संघर्ष या विवाद या मतभेद को हल करने का एकमात्र तरीका संवाद है। उन्होंने सभ्यताओं के बीच संवाद के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए एक विषयगत संवाद के बाद यह टिप्पणी की।

# अमेरिका के कई शहरों में फैला विरोध प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों के ऊपर मंडराते रहे पुलिस के हेलीकॉप्टर
- ट्रंप ने लॉस एंजिल्स के प्रदर्शनकारियों को बता दिया 'जानवर' व 'विदेशी दुश्मन'



**न्यूयॉर्क**, 11 जून (एजेंसियां)। ट्रंप प्रशासन की इमिग्रेशन कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इस समय लॉस एंजिल्स अराजकता से गुजर रहा है। यह प्रदर्शन इस शहर के अलावा भी कई जगहों पर फैल चुके हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार यहां 20 से ज्यादा शहरों में हजारों लोग उतर आए हैं।

लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनकारियों ने यातायात को रोक दिया है। शिकागो में भीड़ ने डाउनटाउन लूप में मार्च किया, जिसके चलते कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के ऊपर पुलिस के हेलीकॉप्टर मंडराते रहे। शिकागो ट्रिब्यून ने तत्काल किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी है।

न्यूयॉर्क में भी कुछ ऐसे ही हालात देखने को मिले हैं। यहां फेडरल इमिग्रेशन बिल्डिंग के पास लोअर मैनहट्टन से प्रदर्शनकारियों का ग्रुप मार्च कर रहा था। वहीं, अटलांटा में करीब 1,000 प्रदर्शनकारियों की भीड़ बुफोर्ड हाईवे पर जमा हो गई। कई सौ प्रदर्शनकारियों ने डोराविले में मार्च किया, जिससे उनकी स्थानीय पुलिस के साथ तुरंत टकराव की स्थिति बन गई। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को, सिएटल, ह्यूस्टन, डलास, सैन एंटोनियो और वाशिंगटन, डीसी में विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी देखने को मिली।

एनबीसी न्यूज के अनुसार, न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में दर्जनों गिरफ्तारियां हुई हैं।

### अमेरिकी ध्वज को जलाने वालों के लिए हो एक साल कैद का प्रावधान : ट्रम्प



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी ध्वज को जलाने वाले लोगों को एक साल जेल की सजा दी जानी चाहिए। श्री ट्रम्प ने बताया कि सरकार अमेरिकी अधिकारियों और कुछ सीनेटरों के साथ मिलकर इस कानून को लागू करने की तैयारी कर रही है। श्री ट्रम्प ने फोर्ट ब्रैग में कहा कि जो लोग अमेरिकी ध्वज को जलाते हैं, उन्हें एक साल के लिए जेल जाना चाहिए। हम कुछ सीनेटरों के साथ मिलकर इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं। श्री ट्रम्प का यह बयान कैलिफोर्निया में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच दिया गया, जहां कुछ प्रदर्शनकारियों ने मैक्सिकन के ध्वज ले रखे थे और अमेरिकी ध्वज को जला दिया था।

## ट्रंप के खिलाफ टिप्पणियों पर मस्क ने जताया अफसोस



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर हाल में दिए गए अपने बयानों पर टेस्ला के सीईओ और अरबपति एलन मस्क ने खेद जताया है। मस्क ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट के जरिए दीं। मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल के दिनों में रिश्ते काफी अच्छे नहीं थे। दोनों एक दूसरे के खिलाफ जमकर बयानबाजी कर रहे थे। आखिरकार, मस्क ने अपनी गलती पर खेद जता दिया। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा कि मुझे पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपनी कुछ पोस्ट पर पछतावा है। जो कुछ हुआ वह बहुत ज्यादा हो गया था। दरअसल, मस्क और ट्रंप के बीच विवाद तब बढ़ गया था जब मस्क ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) चीफ पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मस्क ने ट्रंप के खर्च और टैक्स कटौती वाले विधेयक की कड़ी आलोचना की थी। इतना ही नहीं, मस्क ने एक्स पर ट्रंप के इंपीचमेंट (महाभियोग) के समर्थन में पोस्ट किया था, हालांकि उसे बाद में डिलीट कर दिया। बात इतनी बढ़ी कि मस्क ने ट्रंप के जेफरी एपस्टीन से पुराने संबंधों का भी जिक्र किया, जिसे ट्रंप ने पुराना और झूठा मुद्दा बताया। बाद में इस पोस्ट को भी डिलीट कर दिया गया। तल्खी इस कदर बढ़ गई थी कि मस्क ने ये तक कह दिया था कि- मेरे बिना, ट्रंप चुनाव हार जाते।

## सुडोकू 6941

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 12 जून , 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी। आप आज थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकते हैं।

वृषभ - आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

मिथुन - आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कर्क - व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

सिंह - आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है। अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक - परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु - आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।

मकर - आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा।

कुंभ - आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा। आय बढ़ेगी।

मीन - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। व्यवसाय में उधार दिए पैसे फिर मिल सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## हूती ने ली इजरायल के हवाई अड्डे पर मिसाइल अटैक की जिम्मेदारी

**सना**, 11 जून (एजेंसियां)। यमन के हूती समूह ने इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर दो मिसाइल हमले करने की जिम्मेदारी ली है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर कहा कि हमने दो बैलिस्टिक मिसाइल्स से तेल अवीव में बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाया। इनमें से एक हाइपरसोनिक मिसाइल थी। याह्या सरिया ने कहा कि इनमें से एक मिसाइल ने सीधे बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाया। इंटरसेप्टर सिस्टम इसे रोकने में विफल रहे। बेन गुरियन एयरपोर्ट से हवाई यातायात पर प्रतिबंध लगाने का हमारा निर्णय प्रभावी है। हम बाकी एयरलाइन कंपनियों को तुरंत अपनी उड़ानें रोकने की चेतावनी देते हैं। सरिया ने कहा कि ग्रुप के इजरायल के खिलाफ मिसाइल हमले यमन के होदेइदाह पोर्ट पर इजरायली मिसाइल आक्रमण के जवाब में थे।



इससे पूर्व मई महीने में भी हूती समूह इजरायल के खिलाफ ड्रोन हमले का दावा कर चुका है। इस बीच, इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा है कि उसके हवाई रक्षा बलों ने यमन से मध्य इजराइल के ऊपर दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को रोक दिया। आईडीएफ ने हूती के दूसरे हवाई हमले के दावे का जिक्र नहीं किया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले दिन, इजराइली सेना ने यमन के पश्चिमी प्रांत होदेइदाह में तीन पोर्ट्स पर हमले किए थे, जो हूती नियंत्रण में हैं।

## कोलम्बिया में आतंकवादी हमलों में आठ की मौत, 28 घायल



**अधिकारियों को गुआचिंते ब्रिज पर एक सिलेंडर मिला, जिसमें विस्फोट हुआ : पाओला कैस्टिलो**


**बोगोटा**, 11 जून (एजेंसियां)। कोलम्बिया के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमलों में आठ लोग मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए।

**प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को किया गया तैनात**

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में पश्चिमी वैले डेल काका विभाग के एक शहर जमुंडी के ग्रामीण इलाके में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। जमुंडी के मेयर पाओला कैस्टिलो ने हमले की निंदा की और कहा कि अधिकारियों को गुआचिंते ब्रिज पर एक सिलेंडर मिला, जिसमें विस्फोट हुआ। कोलम्बिया की पुलिस बल के प्रमुख कार्लोस फर्नांडो ट्रियाना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि वैले डेल काका की राजधानी कैली शहर में हुए हमलों में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। दो नागरिक भी मारे गए और 10 अन्य घायल हुए हैं।

कोलम्बिया की नेशनल आर्मी की थर्ड डिवीजन ने दक्षिण-पश्चिमी इलाकों में हुए हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हम यहां की पुलिस के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हैं, जो इन कायरतापूर्ण हमलों के निशाने पर रही है। हम नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

## वर्ग पहेली 6941



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति,गैर हाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११ प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में बना कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काट कर जीवन यापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नता पूर्वक
१२. वजह
१३. बहस, भ्रम, शंका
१४. नि:सस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6940

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नै: | २ श | नै: | ■ | ■ | ३ वि | घ्न | ४ ह | र्ता |
| शि | ■ | शि | ■ | ५ प | थि | क | ■ | त्या | ■ |
| ६ क | टु | व | च | न | ■ | ७ ल | ह | रा | ८ ना |
| ला | ■ | द | ■ | ९ प | त्त | न | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ना | ११ जा | ना | ■ | ■ | १२ ई | ध | न |
| ■ | ज्ञा | ■ | र | ■ | १३ नि | प | ट | ■ | ख |
| १४ प | द | १५ र | ज | ■ | वि | ■ | ■ | १७ सा | रा |
| ल्ल | ■ | स | ■ | १८ आ | दा | १९ ता | ■ | ह | ■ |
| २० वि | द्रो | ही | ■ | र्वि | ■ | २१ मी | मां | स | २२ क |
| त | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ष्ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद को आईसीजे में ले जाएगा कंबोडिया

**नोम पेन्ह**, 11 जून (एजेंसियां)। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में ले जाने की घोषणा की है। हुन मानेट ने इस मामले को लेकर एक उच्च स्तरीय दस्तावेज समिति बनाई है।

स्थानीय मीडिया ने बुधवार को बताया कि उच्च स्तरीय दस्तावेज समिति लंबे समय से चले आ रहे मामले को आईसीजे में ले जाने की जिम्मेदारी संभालेगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया, जब कंबोडिया और थाईलैंड 14 जून को नोम पेन्ह में सीमा मुद्दों पर ज्वाइंट बाउंड्री कमीशन (जेबीसी) की बैठक आयोजित करने वाले हैं।

कंबोडियाई सरकार ने मंगलवार को बताया कि उसने मोम बेई, ता मोआन थॉम मंदिर, ता मोआन तौच मंदिर और ता क्रबेई मंदिर के क्षेत्रों के संबंध में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला दायर करने के लिए दस्तावेज तैयार करने के लिए समिति बनाई है। कंबोडियाई समाचार पत्र खमेर टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, देश के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री प्राक सोखोन की अध्यक्षता वाली समिति के पास अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के सामने कंबोडिया साम्राज्य की ओर से कार्य करने का अधिकार और क्षमता होगी।




**सीमा मुद्दे को द्विपक्षीय व्यवस्था के जरिए हल करना चाहता है थाईलैंड**

हालांकि, थाईलैंड चाहता था कि सीमा मुद्दे को द्विपक्षीय व्यवस्था के जरिए हल किया जाए। थाई प्रधानमंत्री ने पुष्टि की है कि उन्होंने अपने कंबोडियाई काउंटरपार्ट हुन मानेट और उनके पिता हुन सेन के साथ चर्चा की। वह विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता पर सहमत हुए।

## ताइवान ने चालक दल के सदस्यों को बचाने पर भारत का जताया आभार

**नई दिल्ली**, 11 जून (आईएएनएस)। ताइवान ने बुधवार को सिंगापुर के मालवाहक जहाज वान हाई 503 के 18 चालक दल के सदस्यों को बचाने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। हाल ही में केरल तट से लगभग 70 समुद्री मील दूर मालवाहक जहाज में आग लग गई थी। जहाज पर सवार 22 लोगों में से 18 चालक दल के सदस्यों को समुद्र में कूदने के बाद बचा लिया गया था, जबकि जहाज के अग्नि और सुरक्षा विभाग से जुड़े चार अन्य सदस्यों का पता लगाया जा रहा है।



भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र ने कहा कि लापता चार चालक दल के सदस्यों में दो ताइवानी, एक इंडोनेशिया और एक म्यांमार के नागरिक शामिल हैं। ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ताइवान सरकार वान हाई 503 के लिए भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल द्वारा की गई त्वरित बचाव कार्रवाई के लिए आभारी है। हम लापता चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित वापसी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इससे पहले भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने भारत के त्वरित बचाव कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 22 चालक दल के सदस्यों में से 14 चीनी हैं, जिनमें ताइवान के दो लोग शामिल हैं।

## सुडोकू 6941 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |

## आज का इतिहास

1849- गैस मास्क के लिए लुई हैस्लेटो को पेटेंट मिला।
1897- असम में भूकंप से करीब 1500 लोगों की मौत हुई।
1929- दूसरे विश्व युद्ध के दौरान नाजियों के जुल्म का शिकार बनी यहूदी लड़की एनी फ्रेंक का जन्म। नाजियों की कैद के दौरान लिखी गई एनी की डायरी को बाद में किताब के रूप में छापा गया।
1962- अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की खाड़ी में स्थित कड़ी सुरक्षा वाले कारागार एलकटराज से तीन कैदी भाग निकले। इस जेल को सुरक्षा के हिसाब से अकाट्य माना जाता था और यहां सबसे गंभीर अपराधों वाले कैदियों को रखा जाता था।
1964- अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई करने वाले अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला को सरकार के खिलाफ साजिश का दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा।
1972- महात्मा गांधी के जीवन पर आठ खंड का ग्रंथ लिखने वाले डी.जी. तेंदुलकर का निधन
1975- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के गलत इस्तेमाल का दोषी पाया और उनके निर्वाचन को अमान्य करार दिया।
1990- इंडियन नेशनल सैटेलाइट (इनसैट-1डी) को लॉन्च किया गया।
1994- बोइंग-777 ने अपनी पहली उड़ान भरी। उस समय इस विमान में दुनिया का सबसे बड़ा ट्विन जेट इंजन लगाया गया था।
1998- भारत और पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण के कारण जी-8 के देशों द्वारा ऋण नहीं देने का निर्णय।
2005- फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया।
2007- ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में सिख छात्रों को धार्मिक प्रतीक कृपाण रखने की इजाजत मिली।

**कार्यक्रम** सीईसी ने भारत की चुनावी अखंडता, पैमाने व विविधता पर डाला प्रकाश, कहा

## पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव कराना हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रमाण

**स्टॉकहोम, 11 जून (एजेंसियां)। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने देश की चुनावी अखंडता, पैमाने और विविधता पर जोर डालते हुए स्वीडन में स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय चुनावी अखंडता सम्मेलन में अपना मुख्य भाषण देते हुए दुनिया भर के देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की भूमिका की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव कराना हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रमाण है।**

लगभग 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागी इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का आयोजन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (इंटरनेशनल आईडीईए) कर रहा है।

ज्ञानेश कुमार ने प्रतिभागियों को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा विशेष रूप से संसदीय चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर किए जाने वाले चुनावी अभ्यास के बारे में भी बताया, जो राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, आम लोगों, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों तथा मीडिया की कड़ी निगरानी में किया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने समन्वय के पैमाने पर भी प्रकाश डाला, जो भारत में चुनावों के संचालन को दर्शाता है। चुनाव के समय मतदान कर्मचारियों, पुलिस बलों, पर्यवेक्षकों और राजनीतिक दलों के एजेंटों सहित 2 करोड़ से अधिक कर्मियों के साथ, चुनाव आयोग दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन गया है, जो कई राष्ट्रीय सरकारों और प्रमुख वैश्विक निगमों के संयुक्त कार्यबल को पार कर गया है। निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करता है कि भारत के लगभग एक अरब मतदाता स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सक्षम हैं।



- इंटरनेशनल आईडीईए कर रहा सम्मेलन का आयोजन
- भारत की चुनावी यात्रा ने संस्थागत दूरदर्शिता व बेजोड़ पैमाने का किया प्रदर्शन

सम्मेलन में अपने संबोधन में ज्ञानेश कुमार ने दशकों से भारतीय चुनाव प्रणाली के विकास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कैसे संवैधानिक मूल्यों में निहित रहते हुए चुनावी प्रणाली ने बढ़ती जटिलता के साथ खुद को ढाल लिया है। 1951-52 में 17 करोड़ 30 लाख से 2024 में 97 करोड़ 90 लाख मतदाताओं तक और शुरुआती वर्षों में केवल 2 लाख मतदान केंद्रों से आज 10 लाख 50 हजार से अधिक मतदाता केंद्रों तक, भारत की चुनावी यात्रा ने संस्थागत दूरदर्शिता और बेजोड़ पैमाने दोनों का प्रदर्शन किया है।

## दुनिया को जानें

### चीन ने जारी की दुनिया की पहली डीप-सी सीमाउंट डिजिटल इंटेलिजेंट प्रणाली

**बीजिंग**, 11 जून (एजेंसियां)। 2025 विश्व महासागर दिवस और संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के अवसर पर, चीन ने आधिकारिक तौर पर दुनिया की पहली डीप-सी सीमाउंट डिजिटल इंटेलिजेंट प्रणाली का अनावरण किया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का व्यापक ध्यान आकर्षित किया है।



10 जून को चीनी महासागर मामलों के प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह अभूतपूर्व प्रणाली चीनी महासागर मामलों के प्रशासन और चीच्यांग प्रयोगशाला सहित कई इकाइयों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। यह गहरे समुद्र के क्षेत्र में चीन द्वारा जारी किया गया विश्व का पहला डिजिटल सार्वजनिक प्रौद्योगिकी उत्पाद है। यह प्रणाली गहरे समुद्र के अन्वेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में एक महत्वपूर्ण अंतर को भरती है।

इसके माध्यम से गहरे समुद्र के विकास को डिजिटल युग में आगे बढ़ाया जा सकेगा, जिससे चीन गहरे समुद्र प्रौद्योगिकी नवाचार और समुद्री अंतरिक्ष शासन में एक अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# खेल जगत

## शूटिंग लीग इस खेल के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होने जा रही है : वलारिवन

**नई दिल्ली।** एनआरएआई द्वारा शुरू की गई पहली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के लिए पूरे देश में उत्साह का माहौल है। म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर सुर्खियों में आई भारतीय राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन ने एसएलआई की घोषणा पर खुशी जताई। एसएलआई का पहला सत्र 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी, जैसा कि एनआरएआई तकनीकी समिति द्वारा तय किया गया है। प्रतियोगिता में कुल छह से आठ टीमें हिस्सा लेंगी और लीग चरण में उन्हें दो पूल में बांटा जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को चार स्तरों - एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर एवं यूथ चैंपियनशिप में बांटा जाएगा, ताकि अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण उपलब्ध कराया जा सके।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प,** 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम पर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारत ने बेल्जियम के एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में बेल्जियम की टीम को 2-1 के कड़े स्कोर से हराया। लालथंतलुंगी (35%) और गीता यादव (50%) ने भारत के लिए गोल किए।

पहला हाफ गोल रहित रहा क्योंकि दोनों टीमें कड़े मुकाबले में गतिरोध को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकीं। 35वें मिनट में, भारत ने आखिरकार पहला गोल किया, जब लालथंतलुंगी ने एक भाग्यशाली पेनल्टी स्ट्रोक को सफलतापूर्वक गोल में बदला। आखिरी क्वार्टर में, वैन हेलेमोंट (48%) ने बेल्जियम के लिए फील्ड गोल के जरिए बराबरी का गोल किया। हालांकि, इसके ठीक दो मिनट बाद, गीता यादव ने खुद फील्ड गोल करके भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारत ने मैच के अंतिम 10 मिनट में बेल्जियम के हमलों को रोकने के लिए अच्छा बचाव किया और सुनिश्चित किया कि वे बेल्जियम पर एक और जीत का आनंद लें। अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, भारतीय टीम अब 5 मैचों के दौरे के लिए यूरोप पहुंच गई है, जहां उन्होंने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारतीय टीम ने हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में 3-2 से गेम जीता। लगातार दो जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला टीम 12 जून को यूरोप के अपने दौरे में तीसरी और अंतिम बार बेल्जियम से खेलेगी। अर्जेंटीना में, भारतीय टीम ने बेहतरीन विरोधियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चिली के खिलाफ 2-1 से जीत और 2-2 (2-3 शूट आउट) की हार दर्ज की, मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 (2-0 शूट आउट) की जीत और 2-4 की हार हासिल की, और उरुग्वे को दो बार हराया - 3-2 और 2-2 (3-1 शूट आउट)। उल्लेखनीय है कि ये मैच एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के लिए भारत की तैयारी का भी अहम हिस्सा हैं, जो दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाला है।



■ लगातार दो जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला टीम 12 जून को यूरोप के अपने दौरे में तीसरी और अंतिम बार बेल्जियम से खेलेगी

## विश्वकप 2026 में जगह बनाने में विफल रहने पर चिली के कोच गारेका ने दिया इस्तीफा

**एल ऑल्टो (बोलीविया),** 11 जून (एजेंसियां)। बोलीविया से मिली हार के बाद चिली की फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद समाप्त होने पर चिली की फुटबॉल टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गारेका ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मंगलवार को हुये मुकाबले में बोलीविया के हाथों मिली 2-0 से हार के बाद चिली की फीफा विश्वकप 2026 में खेलने की उम्मीद खत्म हो गई है। एल ऑल्टो में म्यूनिसिपल स्टेडियम में मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में गारेका ने कहा, 'हमने कोचिंग स्टाफ के साथ एक निर्णय लिया और हमने खिलाड़ियों बताया कि हम ऐसे हालात को कम करना चाहते हैं। हमने नतीजे नहीं दिए। चिली की ऐसी स्थिति कोई नहीं चाहता था। मेरे अनुभव और करियर के हिसाब से यह बड़ा झटका है। मुझे अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा, ठीक उसी तरह जैसे चिली को भविष्य में अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा।

## टी-20 रैंकिंग : वरुण गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर कायम, राशिद दूसरे स्थान पर





**दुबई,** 11 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दल को आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में स्थान मिला है, जिसमें अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे आगे हैं। 37 वर्षीय राशिद ने इंग्लैंड की 3-0 की टी20 सीरीज जीत में निरंतरता का नमूना पेश किया, जिसमें चेस्टर-ले-स्ट्रीट में 1/22, ब्रिस्टल में एक हाई-स्कोरिंग क्लैश में 1-59 और साउथम्प्टन में अंतिम मैच में 2/30 के आंकड़े हासिल किए। उनके प्रयास श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और भारत के वरुण चक्रवर्ती दोनों को पीछे छोड़ने के लिए पर्याप्त थे, जिससे वे टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 710 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जो वर्तमान नंबर 1 न्यूजीलैंड के जैकब डफी से केवल 13 अंक पीछे है। लेगी का उदय इंग्लैंड के लिए एक प्रभावशाली रन को दर्शाता है, जिसने उसी प्रतिद्वंद्वी पर पहले की एकदिवसीय श्रृंखला जीत से अपनी गति को आगे बढ़ाया। इंग्लैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को भी उनके शानदार योगदान का इनाम मिला। अंतिम दो टी20 में उनके दो विकेट ने उन्हें रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर 52वें स्थान पर पहुंचा दिया। श्रृंखला में रनों की भरमार थी, और बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी यह झलकता है। बेन डकेट ने तीसरे टी20 में 46 गेंदों पर 84 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया - एक ऐसी पारी जिसने उन्हें 48 पायदान ऊपर उठाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंचा दिया। हैरी ब्रूक की 35* और 34 रन की तेज पारी ने उन्हें छह पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त 38वें स्थान पर पहुंचा दिया। वेस्टइंडीज ने भी अपने पलों को बरकरार रखा। कप्तान शाई होप के 40 से अधिक रन की दो पारियों ने उन्हें बल्लेबाजी सूची में 14 पायदान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि रोवमैन पॉवेल ने अंतिम मैच में 45 गेंदों पर नाबाद 79 रन की विस्फोटक पारी खेलकर शीर्ष 20 में जगह बनाई। ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने भी बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया और 70 रन और एक महत्वपूर्ण विकेट की बदौलत ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर 26वें स्थान पर पहुंच गए।

## 50,000 डॉलर के बोनस की पेशकश पर एआईएफएफ पर भड़के भूटिया

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर में हांगकांग से भारत की 0-1 की हार के बाद, भारत के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कड़ी आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर खिलाड़ियों को मैच जीतने पर 50,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की पेशकश की गई थी। अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के बाद, भारत को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए जीत की सख्त जरूरत थी। हालांकि, स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी ने उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया, जिससे एक और निराशाजनक परिणाम सामने आया।भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे से 'भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए' पद छोड़ने का आह्वान किया और इस तरह के तदर्थ वित्तीय प्रोत्साहनों के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। भूटिया ने कहा, 'हमने ऐसी रिपोर्ट देखी हैं कि खिलाड़ियों को 2,500 रुपये का दैनिक भत्ता भी नहीं मिला है। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों के पास क्रिकेटरों की तरह केंद्रीय अनुबंध नहीं हैं। वे लाखों या करोड़ों में नहीं कमाते। उनका मुआवजा मुख्य रूप से दैनिक भत्तों से आता है। फिर अचानक, कहीं से भी, अगर वे मैच जीतते तो 50,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार घोषित किया जाता। यह कहां से आया? अगर वे जीत जाते, तो क्या अगले चार मैचों के लिए भी यही बोनस दिया जाता? स्पष्ट रूप से कोई प्रणाली नहीं है, कोई रणनीति नहीं है। बिना किसी स्पष्टता के सिर्फ बेतरतीब फैसले लिए जा रहे हैं।' जुलाई 2023 में, भारत फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर था और उसका साल शानदार रहा।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स में घंटी बजाना सौभाग्य की बात : जय शाह

■ दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीत के दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया

**लंदन,** 11 जून (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर घंटी बजाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। जून 2023 में भारत को 209 रनों से हराकर ओवल में जीती गई गदा को बरकरार रखने की कोशिश में, ऑस्ट्रेलिया ने मैच के पहले दिन बुधवार को लंच तक दक्षिण अफ्रीका के सामने 23.2 ओवर में 67/4 रन बना लिए। यह भी पहली बार है कि लॉर्ड्स आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी कर रहा है।



शाह ने बुधवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन खेल शुरू होने से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर घंटी बजाना सौभाग्य की बात है। ऑस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान लीग तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, जिसने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीत के दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया और 69.44 अंक प्रतिशत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका ने दिसंबर 2024 में सेंचुरियन में दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पाकिस्तान को हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस साल जनवरी में सिडनी में भारत पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज करके क्वालीफाई किया। डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र के विजेता को 3.6 मिलियन अमरीकी डॉलर मिलेंगे, जो 2021 और 2023 दोनों संस्करणों में दिए गए 1.6 मिलियन अमरीकी डॉलर से काफी ज़्यादा है, जबकि उपविजेता को 800,000 अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2.16 मिलियन अमरीकी डॉलर मिलेंगे।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल: दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले ऑस्ट्रेलिया को दिए चार झटके

**लंदन,** 11 जून (एजेंसियां) मार्को यानसन और कैगिसो रबाडा ने दो-दो विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 23.2 ओवर में 67/4 कर दिया। जब से दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीता और बादलों से घिरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, तेज गेंदबाजों ने टाइट लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके और बेहतरीन मूवमेंट निकालकर उस फैसले को सही साबित किया, जिसके चलते यानसन और रबाडा ने विकेट निकाले। कुछ बेहतरीन कैचिंग के साथ, इसका मतलब था कि पहला सत्र वास्तव में प्रोटियाज के नाम रहा। लंच के समय स्टीव स्मिथ 26 रन बनाकर क्रीज पर हैं और उन्हें अभी भी काफी बल्लेबाजी करनी है।

## सार संक्षेप

### तिलक मौजूदा काउंटी सत्र के लिए हैम्पशायर से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलने के साथ अपने क्षितिज को व्यापक बनाने के लिए तैयार हैं, उन्होंने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सत्र के लिए हैम्पशायर के साथ अनुबंध किया है। यह कदम 22 वर्षीय खिलाड़ी के होनहार करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह चुनौतीपूर्ण विदेशी परिस्थितियों में अपने लाल गेंद के कौशल का परीक्षण करने के लिए तैयार हैं। तिलक, जो पहले ही भारत के लिए चार वनडे और 25 टी2 मैच खेल चुके हैं, उन्हें आखिरी बार 1 जून को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 225 क्वालीफायर 2 के दौरान मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए देखा गया था। जबकि उनकी सफेद गेंद की साख अच्छी तरह से प्रलेखित है, तिलक का लाल गेंद का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा है।

### इंग्लैंड दौरे के लिए न्यूजीलैंड-'ए' टीम का ऐलान

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड-ए और इंग्लैंड-ए के बीच 23 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए 15 सदस्यीय न्यूजीलैंड ए टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड-ए की इस टीम में न्यूजीलैंड के लिए खेल चुके 11 खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस महीने के अंत में इंग्लैंड के छह मैचों के दौरे पर जाएंगी। इस दौरे में तीन लिस्ट ए वन-डे और उसके बाद तीन टी2 मैच शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि टीम शनिवार को रवाना होगी और 23 जून को डर्बी में अपना पहला वन-डे मैच खेलेगी। असिस्टेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स इंग्लैंड में टीम के एकजुट होने के बाद कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज गेज जेस वॉटकिन इस बैटिंग यूनिट की अहम खिलाड़ी हैं। इनके अलावा हाल ही में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली बेला जेम्स और पोली इंग्लिस, एम्मा मैकलियोड और इजी शार्प भी टीम में मौजूद हैं।

### ब्राजील ने किया विश्वकप के लिए क्वालीफाई

**साओ पाउलो।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गये गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1- से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है। ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 226 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गये है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है। ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्काडोर और पेरू से होगा।

## एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान बने निकोलस पूरन

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ घंटों बाद ही निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट-2025 में एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। वेस्टइंडीज के इस तेज तर्रार बल्लेबाज को मेजर लीग क्रिकेट-2025 सीजन के लिए कप्तान बनाने का ऐलान करते हुए फ्रेंचाइजी ने कहा कि हमारे हीरो, हमारे लीजेंड, हमारे कप्तान! निकोलस पूरन- 29 वर्षीय पॉकेट डायनामाइट को कॉग्निजेंट मेजर लीग क्रिकेट के 2025 सीजन से पहले एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। बाएं हाथ के निकोलस पूरन एमएलसी 2023 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने आठ मुकाबलों में 20 चौकों और 34 छक्कों के साथ 388 रन बनाए। फाइनल में 137 रन की नाबाद पारी खेलकर निकोलस ने एमआई को विजेता बनाया था। निकोलस पूरन को उनके साथी खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड के स्थान पर एमआई न्यूयॉर्क की कमान सौंपी गई है। अब पोलार्ड इस सीजन निकोलस पूरन की कप्तानी में खेलते नजर आने वाले हैं। मेजर लीग क्रिकेट की शुरुआत भारतीय समयानुसार 13 जून को सुबह 6.30 बजे से होगी। एमआई न्यूयॉर्क अगले दिन सीजन का अपना पहला मैच टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेगा। यह मुकाबला ऑकलैंड कोलिजीयम में आयोजित होगा। निकोलस पूरन ने वेस्टइंडीज की ओर से व्हाइट बॉल क्रिकेट ही खेला है। वह दोनों ही फॉर्मेट में टीम की कमान संभाल चुके हैं। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 61 वनडे मुकाबलों में 39.66 की औसत के साथ 1983 रन जड़े, जिसमें तीन शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं।



## दिल्ली चैलेंजर 5वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली चैलेंजर ने फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) को बुधवार को पांच विकेट से हराकर 5वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजी.) के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। शुरुआती झटकों के बाद एफसीआई 149 रन पर सिमट गई। ध्रुव सिंह ने 29 (22 गेंद) (4×3, 6×1), प्रशांत वीर ने 24 (19 गेंद) और ऋषि धवन ने 22 रन (14 गेंद) बनाये। दिल्ली चैलेंजर की तरफ से शिवम शर्मा (3/29), प्रशांत चौधरी (2/16) और जुबेर (2/22) ने अच्छी गेंदबाजी की। 15 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली चैलेंजर ने शानदार शुरुआत की और 16.5 ओवर में 152/5 बनाकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कुनाल चंदेला ने 47 गेंदों में 1 चौकों और एक छक्के की मदद से 47 गेंदों में 72 रन की मैच विजयी पारी खेली जबकि गौरव गौर ने 26 रन (14 गेंद) बनाये। एफसीआई की तरफ से प्रशांत वीर और ऋषि धवन ने दो-दो विकेट लिए।

## अर्जुन फिर देंगे शेंग को चुनौती, संदीप सिंह की पेरिस के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर वापसी

■ अर्जुन ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद से चार लगातार फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। अर्जुन बाबूता एक बार फिर चीन के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर शेंग लीहाओ को टक्कर देने उतरेंगे, जबकि संदीप सिंह पेरिस ओलंपिक के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। भारत, वर्ल्ड कप पदकों की अपनी खोज जारी रखते हुए, म्यूनिख में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के तीसरे दिन (12 जून, गुरुवार) भाग लेगा। तीसरे दिन दो फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) फाइनल पहले होगा, इसके बाद पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा दूसरे हिस्से में निर्धारित है। सभी फाइनल मुकाबले आईएसएसएफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव देखे जा सकते हैं। अर्जुन बाबूता ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद से चार लगातार फाइनल में जगह बनाई है, जहां उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था। शेंग ने उस प्रतियोगिता के साथ-साथ लीमा वर्ल्ड कप में भी स्वर्ण पदक जीता। वहीं अर्जुन ने लीमा में सिल्वर जीतकर पहली बार पोडियम पर जगह बनाई थी-वो भी चैंपियन से महज 0.1 अंकों से पीछे रहकर।



शेंग ने नई दिल्ली में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल्स में भी खिताब जीता, जहां अर्जुन पांचवें स्थान पर रहे थे। साल के पहले वर्ल्ड कप (ब्यूनस आयर्स) में अर्जुन के साथी रुद्रांक्श पाटिल ने गोल्ड जीता, जबकि अर्जुन सातवें स्थान पर रहते हुए एक बार फिर पदक से दूर रह गए। अर्जुन के पेरिस ओलंपिक साथी संदीप सिंह भी टीम में वापसी कर चुके हैं और किरण जाधव के साथ प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे। किरण, पुरुषों की 3पी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके थे और अब सुधार की उम्मीद में उतरेंगे। महिला 3पी स्पर्धा में तीनों भारतीय निशानेबाज बेहतरीन फॉर्म में हैं।

## 12 जून...जब साइना ने दूसरी बार जीती ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। 12 जून...भारतीय खेल जगत के 'स्वर्णिम दिन' के तौर पर याद किया जाता है। इसी दिन साल 2016 में साइना नेहवाल ने बैडमिंटन में अपना लोहा मनवाया था। ये वही दिन है, जब साइना ने 'ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज' अपने नाम की थी। ऐसा नहीं कि ये साइना नेहवाल का पहला ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज खिताब था। साल 2014 में भी साइना इस टाइटल पर अपना कब्जा कर चुकी थीं, लेकिन दूसरी बार ये उपलब्धि हासिल करने के साथ उन्होंने अपने रिकॉर्ड को मजबूत कर दिया। भले ही साइना इससे पहले सुन यू के खिलाफ छह मुकाबलों में पांच अपने नाम कर चुकी थीं। उन्होंने चाइना ओपन में भी सुन के विरुद्ध जीत दर्ज की थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज के फाइनल में सून को कमतर नहीं आंका जा सकता था।

साइना उस वक्त वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें पायदान पर थीं, लेकिन सिडनी में खेले गए इस फाइनल के पहले गेम में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रही थीं। इस दौरान उनसे कुछ गलतियां भी हुईं। वर्ल्ड रैंकिंग में 12वें पायदान पर मौजूद सुन यू ने 10-5 से बढ़त बनाने के बाद पहला गेम 21-11 से अपने नाम कर लिया। भले ही पहला गेम साइना नेहवाल के पक्ष में नहीं रहा, लेकिन अगले गेम में उन्होंने शानदार वापसी कर ली। साइना ने सुन यू के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए इस गेम को 21-14 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में वापसी के साथ साइना अपने रंग में आ गई थीं, लेकिन तीसरा गेम कांटे की टक्कर का रहा। दोनों ही खिलाड़ी प्वाइंट्स के लिए संघर्ष करती दिखीं, लेकिन आखिरकार साइना ने तीसरा गेम 21-19 से जीतकर फाइनल अपने नाम कर लिया। लंदन ओलंपिक-2012 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद साइना ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर सीरीज अपने नाम कर ली थी, जिसके बाद उन्होंने साल 2017 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके बाद साल 2018 में गोल्ड कोस्ट में खेला गया कॉमनवेल्थ गेम्स साइना नेहवाल के लिए बेहद खास रहा, जहां उन्होंने दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। साइना ने 'मिक्स्ड टीम' और 'विमेंस सिंगल्स' में गोल्ड जीतकर बैडमिंटन जगत में अपना लोहा मनवा लिया। साइना कॉमनवेल्थ गेम्स के सिंगल्स इवेंट में दो गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनीं। एशियन चैंपियनशिप-2018 और एशियन गेम्स-2018 में साइना ने ब्रॉन्ज जीतकर इस साल अपना दबदबा कायम रखा, लेकिन इस शानदार साल के बाद साइना किसी बड़े इवेंट में पदक नहीं जीत सकीं। 17 मार्च 1990 को हिसार में जन्मीं साइना नेहवाल ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर हैं। साल 2008 में बीडब्लूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप जीतने के बाद इसी साल उन्होंने बीजिंग ओलंपिक में हिस्सा लिया, लेकिन उन्हें अपना पहला ओलंपिक पदक साल 2012 में मिला। इसके बाद साइना उन तमाम खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बनीं, जो बैडमिंटन में नाम कमाने का सपना देख रहे थे। साल 2008, 2012 के बाद साइना ने 2016 रियो ओलंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। साल 2023 में सिंगापुर ओपन में हिस्सा लेने के बाद से साइना ने कोई प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट नहीं खेला। अगले साल उन्होंने खुलासा किया कि वह अर्थराइटिस की वजह से रिटायरमेंट का प्लान कर रही हैं, जिसने उनके फैंस को चौंका दिया। साइना नेहवाल को उनके शानदार प्रदर्शन के चलते अर्जुन अवॉर्ड (2009), पदम श्री (2010) और पद्म भूषण (2016) से नवाजा जा चुका है

■ साइना नेहवाल का पहला ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज खिताब था

■ चाइना ओपन में भी सुन के विरुद्ध जीत दर्ज की थी



## बाबर, रिजवान और शाहीन पाकिस्तान के बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के टी-20 दौरे के लिए नजरअंदाज

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सीनियर पुरुष चयन समिति ने पूर्व कप्तानों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की अनदेखी जारी रखी है और उन्हें बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिए टी20 टीम से बाहर कर दिया है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने व्हाइट-बॉल हेड कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान आगा के परामर्श से सीनियर खिलाड़ियों को शामिल नहीं करने का फैसला किया। यह निर्णय व्हाइट-बॉल दौरों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनके हालिया प्रदर्शन पर आधारित लगता है। रिजवान की अगुआई में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका में 2-0 से टी20 सीरीज में हार का सामना किया, जिसमें बाबर ने भी हिस्सा लिया था। उसके बाद, दोनों को न्यूजीलैंड दौरे और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर कर दिया गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान का प्रबंधन और चयन समिति बाबर और रिजवान से आगे बढ़ना चाहती है, जबकि हेसन और सलमान दोनों ने कहा है कि दोनों पूर्व सलामी बल्लेबाजों के लिए दरवाजा बंद नहीं हुआ है, जिनका स्ट्राइक रेट और टी20 में बल्लेबाजी फॉर्म हाल की हार में पाकिस्तान की समस्याओं का हिस्सा रहा है।

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| तेल एंव गैस | 1.83 प्रतिशत |
| एनर्जी | 1.33 प्रतिशत |
| आईटी | 1.25 प्रतिशत |
| फोक्सड आईटी | 1.30 प्रतिशत |
| टेक | 1.01 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| यूटिलिटीज | 0.76 प्रतिशत |
| एफएमसीजी | 0.56 प्रतिशत |
| पावर | 0.81 प्रतिशत |
| सर्विसेस | 0.45 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.84 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,235 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,05,494 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9600-9700 |
| अरहर दाल | 8700-8800 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर का हुआ तेज विकास : सीतारमण

## वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटत किए 11.21 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर का बीते एक दशक में तेज विकास हुआ है। इसकी वजह पूंजीगत खर्च करीब 6 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 11.21 लाख करोड़ रुपए होना है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 2 लाख करोड़ रुपए था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यह बयान दिया। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 11.21 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पूंजीगत व्यय का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक में भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर में तेज से प्रगति हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क परिवहन के लिए बजट आवंटन 860 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर दिया गया है। मेट्रो रेल नेटवर्क के लिए बजट आवंटन में चार गुना वृद्धि की गई है, जिससे यह 2014



में मात्र 248 किलोमीटर था, 2025 में 1,011 किलोमीटर हो जाएगा।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि अटल सुरंग से लेकर चिनाब ब्रिज तक भारत की इंजीनियरिंग की उपलब्धियां देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप को बदल रही हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि ये इंजीनियरिंग मार्वल आधुनिक, जुड़े हुए और समृद्ध भारत के लिए पीएम मोदी के विजन को दर्शाते हैं।

सरकार वित्त वर्ष 25 के लिए अपने संशोधित पूंजीगत व्यय लक्ष्य 10.18 लाख करोड़ रुपए को मामूली अंतर से पार कर सकती है।

केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1 लाख करोड़ रुपए से घटाकर 10.18 लाख करोड़ रुपए (संशोधित अनुमान) कर दिया गया था। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार द्वारा 11.21 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय आवंटन निर्धारित किया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, 2025-26 के बजट में सरकार के पूंजीगत व्यय में वृद्धि और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते उपभोग स्तरों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025-26 के बजट में प्रभावी पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत है, जबकि राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत है।

## अडाणी सीमेंट ने चिनाब रेलवे पुल बनाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



**अहमदाबाद।** अडाणी सीमेंट ने बुधवार को कहा कि जम्मू और कश्मीर में चेनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को बनाने में उसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अडाणी सीमेंट, जिसमें अंबुजा सीमेंट और एसीसी शामिल हैं, ने बताया कि कंपनी चिनाब रेलवे पुल की संरचना बनाने के लिए जरूरी सीमेंट की लीड सप्लायर थी और इस प्रोजेक्ट के लिए 65,000 मीट्रिक टन सीमेंट की आपूर्ति की है। कंपनी ने बताया कि आपूर्ति किया गया ऑर्डिनरी साधारण पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी) 43 ग्रेड था, जो अपनी उच्च शक्ति, स्थायित्व और निरंतर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। यह सीमेंट पुल को जलवायु और भूवैज्ञानिक स्थितियों के संपर्क में आने वाले जटिल और बड़े पैमाने के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए आदर्श बनाता है। अडाणी समूह में सीमेंट बिजनेस के सीईओ विनोद बहेटी ने कहा कि हमारे लिए यह बेहद गर्व की बात है कि हम एक ऐसी परियोजना का हिस्सा हैं जिसने न केवल इंजीनियरिंग की सीमाओं को फिर से परिभाषित किया है बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण में भी योगदान देती है। चेनाब पुल इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि किस प्रकार गुणवत्ता, स्थिरता और समय पर डिलीवरी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता भारत की इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टोरी को सपोर्ट करती है।

## आईएलओ ने सोशल सिक्योरिटी कवरेज के लिए भारत को दी दुनिया में दूसरी रैंक

**जेनेवा,** 11 जून (एजेंसियां)। भारत ने पिछले दशक में जनसंख्या के लिए सोशल सिक्योरिटी कवरेज में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसका कारण इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) ने भारत को अपने वर्ल्ड डैशबोर्ड में दूसरे नंबर पर जगह दी है।



आईएलओ के डेटा के मुताबिक, भारत का सोशल सिक्योरिटी कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो गया है। अब देश में 94 करोड़ लोगों को सोशल सिक्योरिटी कवरेज है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन ने इसे भारत की बड़ी उपलब्धि माना है और अपने डैशबोर्ड पर आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया है कि भारत की 64.3 प्रतिशत जनसंख्या या 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के अंतर्गत आते हैं।

आईएलओ के महानिदेशक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों और श्रमिक वर्ग के लिए भारत की केंद्रित कल्याणकारी नीतियों की प्रशंसा की। इंटरनेशनल लेबर कॉन्फ्रेंस (आईएलसी) के अवसर पर आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हांगबो के साथ द्विपक्षीय चर्चा करते हुए भारत के श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई गरीब-हितैषी और श्रमिक कल्याण योजनाओं के बारे में बताया। केंद्रीय मंत्री ने आईएलओ के महानिदेशक को राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक सुरक्षा डेटा पूलिंग एक्सरसाइज के बारे में भी अवगत कराया, जिसे सरकार द्वारा आईएलओ के सहयोग से चलाया जाता है।

## सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। सोना और चांदी खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। दोनों कीमती घातुओं की कीमतों में बुधवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 124 रुपए कम होकर 96,235 रुपए हो गया है, जो कि पहले 96,359 रुपए था।

22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 88,151 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 88,265 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 72,269 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 72,176 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट हुई है। चांदी का दाम 1,506 रुपए कम होकर 1,05,494 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,07,000 रुपए प्रति किलो था।

वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में विपरीत दिशा



में कारोबार हुआ। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.32 प्रतिशत बढ़कर 97,126 रुपए और चांदी के 4 जुलाई 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.57 प्रतिशत कम होकर 1,06,139 रुपए हो गई है।

वायदा बाजार की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी कीमतों में विपरीत दिशा में कारोबार हुआ।

## केंद्र सरकार के इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को हुआ फायदा : मनोज खंडेलवाल

**अहमदाबाद,** 11 जून (एजेंसियां)। मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से किसानों को काफी फायदा हो रहा है और सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पैसा जा रहा है। ग्रेन स्पैन न्यूट्रिएंट्स के सीईओ मनोज खंडेलवाल ने यह बयान दिया। खंडेलवाल ने कहा कि मोदी सरकार की इंडस्ट्री-फ्रेंडली नीतियों के कारण बीते 12 वर्षों में हमने गुजरात में अपने फुटप्रिंट में वृद्धि की हैं। उन्होंने आगे मोदी सरकार की इंडस्ट्रियल नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि हम फूड और एनर्जी बिजनेस में हैं। एनर्जी बिजनेस की शुरुआत हमने उस समय की, जब 2021 में मोदी सरकार ने इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम की शुरुआत की थी।

खंडेलवाल ने आगे बताया कि हमें



■ भारत में सुनहरा है इथेनॉल ब्लेंडिंग का भविष्य

लगा कि इस कारोबार में अच्छे अवसर हैं। इस कारण हमने इथेनॉल प्रोडक्शन के लिए पहला प्लांट 2023 में शुरू किया और दूसरा 2025 में शुरू किया है। खंडेलवाल के मुताबिक, हमारे दोनों प्लांट की कैपेसिटी 350 किलो लीटर प्रतिदिन है। सालाना आधार पर इन प्लांट की क्षमता 12 करोड़ लीटर है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार के इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी फायदा हो रहा है। इस प्रोग्राम के केंद्र में किसान हैं और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पैसा जा रहा है।

खंडेलवाल ने इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम की तारीफ करते हुए कहा कि यह एक अच्छा प्रोग्राम है। इससे एक तरफ तो कच्चे तेल का आयात कम हो रहा है और वहीं, दूसरी तरफ किसानों को सीधे पैसा मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में इथेनॉल ब्लेंडिंग का भविष्य सुनहरा है। अगर सरकार इथनॉल निर्यात की अनुमति दे, तो इससे अर्थव्यवस्था को और फायदा होगा। हालांकि, फिलहाल इसमें काफी सारी चुनौतियां हैं, जिन्हें सुलझाया जाना है।

### सार संक्षेप

### मिंडा ने जापानी कंपनी के साथ बनाया संयुक्त उद्यम

**मुंबई।** स्पार्क मिंडा समूह की प्रमुख कंपनी मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भारतीय बाजार के लिए एडवांस ऑटोमोटिव स्विच बनाने के उद्देश्य से जापान की टॉयोडेन्सो कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजारों के विनियामक फाइलिंग में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह साझेदारी भारतीय बाजार के लिए दोपहिया, यात्री कारों और अन्य ऑटोमोटिव सेगमेंट के लिए ऑटोमोटिव स्विच के डिजाइन, विकास, विनिर्माण और विपणन सहित एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करेगी। इस संयुक्त उद्यम में मिंडा कॉर्पोरेशन के पास 6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस तरह नवगठित उद्यम में बहुमत हिस्सेदारी होगी।

### कॉइनडीसीएक्स की स्पॉट क्रिप्टो ट्रेडिंग में वृद्धि

**बेंगलुरु।** क्रिप्टो की ओर फिर से लोगों का भरोसा बढ़ रहा है क्योंकि मई 225 में देश के प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स की स्पॉट ट्रेडिंग वॉल्यूम में 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कॉइनडीसीएक्स द्वारा मई 225 की जारी ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि इस वर्ष अप्रैल में उसके प्लेटफॉर्म पर 37.4 करोड़ डॉलर का लेनदेन हुआ था जो मई 225 में बढ़कर 49.2 करोड़ डॉलर हो गया है। कॉइनडीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता ने कहा कि मई में स्पॉट ट्रेडिंग में आया 32 प्रतिशत का उछाल सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह निवेशकों के बढ़ते भरोसे और वैश्विक स्तर पर क्रिप्टो को मिलती स्वीकृति का संकेत है। दुनियाभर में नीतिगत स्तर पर हो रहे बदलावों और भारत में डिजिटल संपत्ति के प्रति बढ़ते रुझान के साथ यह क्रिप्टो वृद्धि के एक नए व स्थिर दौर की शुरुआत है।

### एसबीआई में 13,455 जूनियर एसोसिएट्स नियुक्त

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देश भर में अपनी शाखाओं में ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 13,455 जूनियर एसोसिएट्स को नियुक्त किया है। बैंक ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों की सूची अब बैंक के आधिकारिक करियर पोर्टल पर उपलब्ध है। इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरना है, जिससे यह उद्योग में महत्वपूर्ण भर्ती प्रयासों में से एक बन गया है। चयन प्रक्रिया फरवरी और मार्च 225 में आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल 225 में आयोजित मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। पारदर्शी मूल्यांकन के बाद, 13,455 उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए चयन किया गया है। एसबीआई के अध्यक्ष सी एस सेट्टी ने कहा कि विभिन्न श्रेणियों में हमारी कुल भर्ती लगभग 18, लोगों की है, जिनमें से लगभग 13,5 लिपिक भर्ती होगी, 3, परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय-आधारित अधिकारी होंगे।

# लिवाली के बल पर बाजार में लौटी तेजी


■ सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर रहा

■ निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर बंद

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी, एनर्जी जैसे क्षेत्रों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी रही जिससे बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी कल की गिरावट से उबरकर बुधवार को बढ़त बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गई जबकि मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.12 प्रतिशत उतरकर 46532.22 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत की बढ़त बनाकर 54281.27 अंक पर रहा।

इस दौरान बढ़त में रहने वाले समूहों में तेल एंव गैस 1.83 प्रतिशत, एनर्जी 1.33 प्रतिशत, आईटी 1.25 प्रतिशत, फोक्सड आईटी 1.30 प्रतिशत




और टेक 1.01 प्रतिशत शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटीज 0.76 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.56 प्रतिशत, पावर 0.81 प्रतिशत और सर्विसेस 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 4180 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2227 हरे निशान में और 1821 लाल निशान में रही जबकि 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.34 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.13 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 82 अंकों की बढ़त के साथ 82473.02 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 82308.91 अंक के निचले स्तर तक उतरा और इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के दौरान यह 82783.51 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 82391.72 अंक की तुलना में 123.42 अंक अर्थात 0.15 प्रतिशत की बढ़त लेकर 82515.14 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 16 हरे निशान में और 14 लाल निशान में रही।

इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 30 अंकों की बढ़त लेकर 25130.15 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 25222.40 अंक के उच्चतम और 25081.30 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 25104.25 अंक की तुलना में 37.15 अंक अर्थात 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25141.40 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 28 हरे निशान में रही जबकि 22 लाल निशान में देखी गई।

## पीयूष गोयल की स्वीडन यात्रा शुरू

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को स्वीडन की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू की। इसका उद्देश्य मौजूदा आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और विकास के नए अवसरों की पहचान करना है, जो भारत के दीर्घकालिक आर्थिक उद्देश्यों और वैश्विक भागीदारी के अनुरूप है।

केंद्रीय मंत्री की स्वीडन यात्रा स्विट्जरलैंड की दो दिवसीय सफल आधिकारिक यात्रा के बाद हुई है। इसमें भारत-स्विट्जरलैंड आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ भारत और यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच इस साल की शुरुआत में हस्ताक्षरित ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टीईपीए) को लागू करने पर फोकस किया गया। आधिकारिक यात्रा के दूसरे चरण में पीयूष गोयल इंटरनेशनल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एंड फॉरेन ट्रेड मिनिस्टर बेंजामिन डोसा के साथ आर्थिक, औद्योगिक और वैज्ञानिक सहयोग के लिए भारत-स्वीडिश संयुक्त आयोग के 21वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। पीयूष गोयल, बेंजामिन डोसा और हकन जेवरेल के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। हकन जेवरेल स्वीडन के विदेश



■ व्यापार वृद्धि के नए अवसरों को मिलेगी पहचान

व्यापार सचिव हैं। वाणिज्य मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य मौजूदा आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और विकास के नए अवसरों की पहचान करना है। इस यात्रा के दौरान, प्रमुख कार्यक्रमों में भारत-स्वीडन बिजनेस लीडर्स की गोलमेज बैठक और प्रमुख स्वीडिश कंपनियों के साथ बैठकें शामिल होंगी।

इन चर्चाओं में कई तरह के उद्योगों पर बात की जाएगी, जिनमें स्वीडन के मैन्युफैक्चरिंग, इनोवेशन, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस शामिल हैं। एरिक्सन, वोल्वो ग्रुप, आईकेईए, सैंडविक, अल्फा लावल और एसएएबी जैसी कंपनियां भारत के साथ संबंधों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपस्थिति या रुचि रखने वाली कंपनियों में से हैं।

## चुनिंदा दालों में तेजी, खाद्य तेल नरम व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज आवक बढ़ने से खाद्य तेलों में भारी गिरावट देखी गई जबकि मांग निकलने से चुनिंदा दाल दलहन में तेजी रही। इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल 220 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 147 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1099 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 365 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। इस दौरान सरसों तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल उबल गई जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।


**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## भारत का एआई बाजार 2027 तक होगा तीन गुना

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बाजार के अगले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2027 तक तीन गुना बढ़कर 17 अरब डॉलर से अधिक का बाजार होने का अनुमान है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) द्वारा इसको लेकर आज एक रिपोर्ट जारी की गई जिसमें यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार विकास की यह गति भारत को दुनिया की सबसे तेजी से विस्तार करने वाली एआई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रही है। इस विस्तार का श्रेय कई प्रमुख कारकों को जाता है, जिसमें उद्यम प्रौद्योगिकी निवेश में वृद्धि, एक मजबूत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और कुशल पेशेवरों के पर्याप्त पूल तक पहुंच शामिल है। भारत में वर्तमान में वैश्विक एआई प्रतिभा का 16 प्रतिशत हिस्सा है, जो इस श्रेणी में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।

'भारत की एआई छलांग : उभरती चुनौतियां' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में देश के व्यापक एआई पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डालती है जिसमें 600,000 से अधिक एआई पेशेवर और 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता



■ वैश्विक एआई प्रतिभा का 16 प्रतिशत हिस्सा है भारत में

■ पिछले तीन वर्षों में 2,000 से अधिक एआई केंद्रित कंपनियां लांच की गई

शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार स्टार्ट-अप परिदृश्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले तीन वर्षों में 2,000 से अधिक एआई केंद्रित कंपनियां लांच की गई हैं। भारत में एआई विकास की नींव मौजूदा सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना प्रणालियों द्वारा मजबूत की गई है, जिसमें आधार, एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस, डिजीलॉकर और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क शामिल हैं। ये प्लेटफ़ॉर्म स्केलेबल फ्रेमवर्क प्रदान करते हैं जो कई उद्योग क्षेत्रों में एआई एकीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं।

भारत का बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता आधार और व्यापक स्मार्टफ़ोन अपनाने से पर्याप्त डेटा वॉल्यूम उत्पन्न होता है, जो एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए आवश्यक संसाधन के रूप में काम करता है।

बीसीजी के विश्लेषण के अनुसार यह डेटा स्केल, ओपन आर्किटेक्चर सिस्टम के साथ मिलकर, विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में जनसंख्या-पैमाने पर एआई समाधान बनाने में सक्षम बनाता है। बुनियादी ढांचे का विकास भी तेजी से हो रहा है। 2025 में 45 नए डेटा सेंटर जोड़ने की योजना है, जो 152 केंद्रों के मौजूदा नेटवर्क में 1,015 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता का योगदान देगा। सरकार की इंडियाएआई पहल, जिसे 10,000 करोड़ रुपए से अधिक के वित्त पोषण द्वारा समर्थित किया गया है, का उद्देश्य राष्ट्रीय एआई कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना करना है जो एआई मॉडल प्रशिक्षण और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए 10,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुंच प्रदान करेगा।

# मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में सेवा को बनाया संकल्प-अरुण साव

## सेवा सुरक्षा संस्कृति और शिक्षा मोदी सरकार की प्राथमिकता

## विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल

**बिलासपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केंद्र शासन के 11 वर्ष पूरा होने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की नई यात्रा तय की है मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक जीवन को आसान करने के साथ ही साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन जन तक पहुंचा।

श्री साव ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट और सख्त संदेश भी दिया कि आतंक पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकती खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता पूरे विश्व को उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि भारतीय धरती पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्यवाही माना जाएगा नए भारत में उभरता हुआ भारत आज स्वदेशी तकनीक के साथ अब न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है बल्कि रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम ब्रह्मोस आकाश मिसाइल आईएनएस विक्रांत तेजस और प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर जैसी स्वदेशी तकनीक इसके ज्वलंत उदाहरण हैं आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23622 करोड़ तक पहुंच गया यह प्रधानमंत्री जी के रणनीतिक दूरदर्शिता और कूटनीतिक तैयारी का नतीजा है एक समय था जब देश के 96 जिले नक्सलवाद की चपेट में थे लेकिन प्रधानमंत्री की निर्णायक नीति सुरक्षा बलों की सशक्त करवाई और विकास की डबल रणनीति के कारण अब नक्सल प्रभावित जिले घटकर गिनती के रह गए हैं नक्सली घटनाओं में 70त्न की कमी आई है आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है वैश्विक डिजिटल लेनदेन के 49 प्रतिशत लेनदेन भारत में होते हैं देश का वास्तु और सेवन निर्यात 825 अरब डालर तक पहुंच गया है सरकार के ई बाजार जाम पोर्टल से खरीदी में भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त हो चुका है इस प्रणाली पर मार्च 2025 तक 13.41 लाख करोड़ से अधिक के 2.83 करोड़ आर्डर दिए गए हैं मोदी सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की शुरुआत कर 44 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचना शुरू कर दिया जिससे दलालों की भूमिका खत्म हो गई और भ्रष्टाचार में कमी आई आईएमएफ और यूएनडीपी जैसे वैश्विक संस्थाओं ने भारत में गरीबी उन्मूलन को लेकर मोदी सरकार के प्रयासों को सराहा है जिसके परिणाम स्वरुप लगभग 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले हैं प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 55.22 करोड़ बैंक खाता खोलकर देश की आम जनता को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा है ।

मोदी सरकार ने इंफ्रा निर्माण की रफ्तार को नई गति दी चिनाब ब्रिज जिसे हाल ही में प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया। विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है महाराष्ट्र में बढ़ावा पोर्ट परियोजना 7600 करोड़ के निवेश के साथ भारत के व्यापार और समुद्री बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती है भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल ऐतिहासिक पंबन रेल पुल रामेश्वर से कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016 के तहत 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया हैं ।देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है रेल बजट को 9 गुना बढ़ाया गया है, 136 बंदे भारत ट्रेन चल रही है ,103 अमृत भारत स्टेशन पुनर्निमित किए गए हैं ,उड़ान योजना के तहत न सिर्फ हवाई अड्डों की संख्या 160 तक दोगुनी हुई बल्कि आम आदमी के लिए हवाई सफर संभव हुआ है 2025 26 में कृषि बजट को रिकॉर्ड 5 गुना बढ़ाया गया प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लख करोड़ दिए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक 1.75 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने 81 करोड लोगों को मुफ्त 5 किलो अन्न दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बने। जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचा और वही स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाए गए 12 करोड़ शौचालयों ने हमारी माता बहनों को गरिमा पूर्ण जीवन दिया ।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 93 हजार करोड़ से 122 सिंचाई परियोजनाएं शुरू हुई ।आज एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई आठ नए आईआईएम साथ सात नए आईआईटी और 490 यूनिवर्सिटी स्थापित की गई है ।पीएम कौशल विकास योजना के तहत 1.6 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग मिली है । प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 40.71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए जिनसे 9 करोड़ से अधिक अस्पताल में 1.3 लाख करोड रुपए से ज्यादा के मुफ्त इलाज दिए गए 77 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाए गए ।

श्री साव ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा ।यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है बीते 11 वर्षों की यह यात्रा मोदी जी ने अकेले नहीं बल्कि खुद को तपाकर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम त्याग और सपनों को परवाज़ देते हुए की है मोदी की सरकार का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है ।उन्होंने कहा कि 11 साल के निरंतर जारी सफर को एक भाषण में या एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में समेटना उतना ही मुश्किल है जैसे पूरी जिंदगी को कुछ पन्नों में समेटना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है वही तरक्की है जहां भाजपा सरकार है वहां गरीब का कल्याण है शासन अब सेवा है सरकार अब सहभागी है सुशासन अब संस्कृति है पिछले 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल की शुरुआत की गई 2014 से पहले हमारी सोच थी कि कैसे काम होगा, यह नहीं हो पाएगा , यह नहीं हो सकता जबकि आज की सोच है यह होगा और जरूर होगा क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी महापौर श्रीमती पूजा विधानी, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर दीपक सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत जिला के कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि ,भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा समदरिया के के शर्मा उपस्थित रहे ।




### प्रेस कांग्रेस में बिजली जाती रही सायं सायं

उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल के कार्यकाल का गुणगान करने के दौरान कई बार बिजली बंद हुई जिससे सब लोग असहज सा महसूस करते रहे। पत्रकारों के सवालों का जवाब भी सहजता पूर्वक नहीं मिला । दो घंटे देर से शुरू हुई प्रेसवार्ता में श्री साव करीब 20 मिनट तक बोले।

### प्रेसवार्ता में राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद लेकिन फ्लेक्स में उनका फोटो नहीं था

प्रेसवार्ता के लिए भाजपा का बनाया एक फ्लैक्स काफी चर्चा में रहा । कार्यक्रम के पहले फ्लैक्स पर जिनकी भी नजर पड़ी लगभग सभी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताने प्रेस कॉन्फ्रेंस है मगर फ्लैक्स में छत्तीसगढ के एक मात्र केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का फोटो नहीं है इसका मतलब वे नहीं आ रहे लेकिन कार्यक्रम में तोखन साहू को देखकर सभी अवाक रह गए। फ्लैक्स में यह चूक अचानक हुई या फिर जानबूझ कर इस पर कई तरह की चर्चाएं होती रही।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन शालाओं में फैलेगा ज्ञान का उजियारा

## शिक्षकों की पदस्थापना से स्कूलों में लौटी रौनक

**बिलासपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और स्कूलों में शिक्षक उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में चलाए गए युक्तियुक्तकरण अभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में क्रियान्वित इस अभियान से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है ।दूरस्थ अंचलों में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शाला होने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था। वह अब युक्तियुक्तकरण से दूर होने जा रहा है। जिले के 5 शिक्षक विहीन और 132 एकल शिक्षकीय स्कूलों को अब शिक्षक मिल चुके हैं। इससे इन शालाओं में शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा। अब जिले में कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है।

### ■ पालकों में उत्साह, बच्चों में नया जोश

राज्य शासन के दिशा निर्देश में जिले में अतिशेष शिक्षकों के काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को नए शिक्षक मिल चुके हैं। इससे अब न केवल इन क्षेत्रों के स्कूलों को नए शिक्षक मिले हैं बल्कि विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित हुई है। अब यहां के पालकों में नया विश्वास जगा है और वे पुनः अपने बच्चों का नामांकन स्थानीय शाला में कराने के लिए आगे आ रहे हैं।

कोटा ब्लॉक के ख़पराखोल कुसुमखेड़ा, मस्तूरी ब्लॉक के सबरियाडेरा लोहरसी एवं तखतपुर के डिलवापारा आदिवासी बैगा बाहुल्य ग्राम हैं जो शिक्षक विहीन थे यहां शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। लंबे समय से शिक्षक न होने के कारण शिक्षण कार्य लगभग ठप था। गांव के लोग आशंकित थे कि कहीं उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय न हो जाए किंतु अब नियमित शिक्षकों की पदस्थापना से विद्यालय में फिर से पढ़ाई हो सकेगी। विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और ग्रामवासियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। पालक कहते हैं कि अब हम निश्चिंत हैं कि हमारे बच्चे भी पढ़-लिखकर कुछ बन पाएंगे। शिक्षक की पदस्थापना, ये हमारे लिए बहुत बड़ा तोहफा है। शिक्षकों की उपस्थिति से बच्चों को अब नियमित मार्गदर्शन मिलेगा, शैक्षणिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा और समूचे अंचल में शिक्षा के प्रति जागरूकता की नई लहर दौड़ पड़ी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ली युवक की जान

**बिलासपुर,** 11 जून (देशबन्धु)। मस्तूरी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसा मोहतरा चौक के पास हुआ,मृतक युवक की पहचान विश्वनाथ दिनकर के रूप में की गई है,जो भनेसर गांव का रहने वाला था। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मस्तूरी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, और ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

**NECC**

| 12.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 545 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 560 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771